CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK1 User: sanjay.khadpe Time: 01-13-2026 23:25 Color:

महानगर > मुंबई > बुधवार, 14 जनवरी 2026 > पौष 25, शक संवत 1947, माघ कृष्ण एकादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 12 > मूल्य ₹5.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

ईरान की पूर्व महारानी फराह पहलवी ने की अपील

▶ देखें अंदर

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

यश की फिल्म के टीज़र पर विवाद, महिला आयोग में हुई शिकायत

▶ देखें अंदर

राइड बाय वायर
3 राइड मोड्स

पैनिक ब्रेक अलर्ट

ऑल LED सेटअप

मल्टीकलर डिस्प्ले
60+ फीचर्स

एक्स-शोरूम कीमत
₹84,810#

फ्यूचर एक्सपीरियंस करें

एक्सचेंज बोनस ₹2500/-

कॉर्पोरेट ऑफ़र ₹2200/-

Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. *Limited period offer. T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Mumbai.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

Authorised Dealers: AKLUJ: Sonaj Hero 9289922340; AKOLA: Manav Hero 9289922980; Goenka Hero 9821737628; AHMEDNAGAR: Ilakshi Hero 9289922398, Saideep Hero 9289922485; AMRAVATI: Shree Shreyas Hero 9289922312, Parshv Hero 9289923141; AURANGABAD: Raj Hero 9289922307, Raghuvir Hero 9289922469, Dhanlaxmi Hero: 9289234966; BARAMATI: Mahalaxmi Hero 9289922390; BARSHI: Parshwa Hero 9289923205; BEED: Deep Hero 9289922343; BHANDARA: Salraj Hero 9289922335; BHUSAWAL: Chaudhari Hero 9289922439; BULDANA: Chopra Hero 9289922601; BUTIBORI: Thaparsons Hero 9289922677; CHALISGAON: Sanklecha Hero 9289922994; CHANDRAPUR: Parshv Hero 9289922766; N D Hero 9289922981; CHIPLUN: Konkan Hero 9289922349; CHAUFULA: Varsha Hero 9289922795; DHULE: Navkar Hero 9289922549; Yash Hero 9289923081; GADCHIROLI: Aryan Hero 9289922586; GADHINGLAJ: Samarth Hero 9289923043; GONDIYA: Deepak Hero 9289922479; HINGOLI: Maruti Hero 9289922744; ICHALKARANJI: Popular Hero 9289922770; ISLAMPUR: Venkatesh Hero 9289923050; JALGAON: Satpuda Hero 9289922304; JALNA: Priyanka Hero 9289922539; KAMPTEE: Khushbu Hero: 9289923066; KARAD: Anu Hero 9289922338; KHAMGAON: Shradha Hero 9289922574; KUDAL: Mulraj Hero 9289922336; KOLHAPUR: SMG Hero 9289922308, Unique Hero 9289922716; LATUR: Indomobil Hero 9289922339; MUMBAI: BHIWANDI: New Preet Hero: 9289923080; BORIVALI WEST: Eco Green Hero 9289234135;CHEMBUR: Trademark Hero: 9289923179; MALAD: Automiles Hero: 9289922883; NAHUR(MULUND): Rydex Hero: 9289923148; MAHIM: Fortpoint Hero: 9289922303; SAKINAKA: Raj Hero 9821742387; NAVI MUMBAI: VASHI: Sharp Hero: 9289233726; THANE: PANCHPAKHADI: Ranjeet Hero:9289922566; GB ROAD: Ranjeet Hero: 9289922566; KALYAN: Avenue Hero: 9289923142; ULHASNAGAR: Shree Laxmi Hero: 9821749351; PANVEL: HM Hero: 9289922468; URAN: HM Hero: 9289922468; VIRAR: Fortpoint Hero: 9289922541; VASAI[East]: TrademarkHero 9289923179; ALIBAUG: Tam Hero 9821696067; VASAI[West]: Fortpoint Hero: 9289922541; BOISAR: Dhanani Hero: 9289923149; MALEGAON: Regent Hero 9289922334; MIRAJ: Siddhivinayak Hero 9289922467; MANMAD: Sanklecha Hero 9289922939; NAGPUR: Kusumgar Hero 9289922301; Aditya Hero 9289924202; Kamptee Road, Teka Naka: Unnati Hero 9289923022; Central Avenue Road: Unnati Hero 9289923216; Pratap Nagar: Gurudev Hero 9289923029; NANDED: Samarth Nagar: Ridewell Hero 9289233950; Ambetkar chowk: Shri Sai Hero 9289922810; Zilla Parishad: Ridewell Hero 9289922310; NASIK: Jitendra Hero 9289922305, Kamal Hero 9289922396, Shivang Hero 9289922405; OSMANABAD: Pratibha Hero 9289922683; PANDHARPUR: Sumankirti Hero: 9289922431; PARATWADA: Shree Sainath Hero 9289922961; PARBHANI: Tadeshwar Hero 9289922341; PARLI: Govind Hero 9289922775; PHALTAN: Borawake Hero 9289922342; PIMPALGAON: Boraste Hero 9289922811; PUNE: Chinchwad: Sehgal Hero 9289922306; Wakad: Pratibha Hero 9289922681; Baner: Pratibha Hero 9289922681; Wagholi: Mokha Hero 9289922957; Paud Road: Kundan Hero 9289922617; Dhankawadi: Saideep Hero 9289922996; Swargate: Lakshya Hero 9289923143; Hadapsar: Saideep Hero 9289923180; Sinhagad Road: Namaha Shivay Hero 9289923181; Phugewadi: Samrat Hero 9821749060; Kothrud: Dharati Hero 9821748343; PUSAD: Soni Hero 9289923069; RAHATA: Sai Raje Hero 9289922823; RATNAGIRI: Gandhi Hero 9289922793; SOLAPUR: Laxmi Hero 9289922309, Chavan Hero 9289922692; SANGLI: Ghatge Patil Hero 9289922311; SANGAMNER: Padmavati Hero 9289922598; SATARA: Samrat Hero 9289922337; SHAHADA: Yash Hero 9289922456; SHIRUR: Digvijay Hero 9289923137; SHRIRAMPUR: Badhe Hero 9289922728; TALEGAON: Khandge Hero 9289922956; UDGIR: Sai Hero 9289922603; WALUJ: Dhanlaxmi Hero 9289922691; WARDHA: G.M. Hero 9289922496; WASHIM: Sohan Hero 9289922717; YAVATMAL: Darwha Road: Parvati Hero 9289922344; Bhayanagar :Parvati Hero : 9289923139, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange any Used Two Wheeler): BHIWANDI : New Preet Hero : 9289924206 ; CHAWFULA : Varsha Hero : 9289924207; NANDED: Ridewell Hero : 9289924205 ; SATARA: Samrat Hero 9289922337

FCI/INTERFACE/8273/JANUARY26/HINDI

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 01-13-2026 22:18 Color:

जो व्यवसाय केवल पैसा कमाता है और इंसानो की चिंता नही करता, वह गरीब व्यवसाय है- *हेनरी फोर्ड*

ये कैसी भागमभाग

सरकार के दखल के बाद क्विक कॉमर्स प्लैटफॉर्म्स ने '10 मिनट में डिलिवरी' सर्विस बंद करने पर सहमति जताई है। कुछ कंपनियों ने इसकी शुरुआत भी कर दी है। यह कदम लाखों गिग वर्कर्स की सुरक्षा और उनके काम के माहौल को बेहतर बनाने के लिए जरूरी था।

सुरक्षा की चिंता । देश में 2021 में लगभग 77 लाख गिग वर्कर्स थे। अब यह आंकड़ा एक करोड़ को पार कर चुका है। इनमें बड़ी तादाद उनकी है, जो क्विक कॉमर्स प्लैटफॉर्म्स से जुड़े हैं।

10 मिनट डिलिवरी बंद

हाल के बरसों में यह सेक्टर इकॉनमी का महत्वपूर्ण हिस्सा और कंस्यूमर सर्विस के लिहाज से भी अहम बन चुका है, लेकिन इसके साथ चिंता भी जुड़ी है - गिग वर्कर्स की सुरक्षा।

दबाव और जोखिम । '10 मिनट में डिलिवरी' सुनने में जरूर आकर्षक लगते हैं, पर इसके साथ जोखिम जुड़े हैं। इसमें कर्मचारियों पर समय के भीतर डिलिवरी का बेजा दबाव रहता है। 10 मिनट में पहुंचने के लिए ट्रैफिक नियम तोड़ना या भीड़ भरी सड़क पर तेज रफ्तार में बाइक भगाना बहुत ही सामान्य-सा सीन हो चुका है।

असफल प्रयोग । भारत में 2021 में क्विक कॉमर्स का जन्म हुआ था। तब एक कंपनी ने इसे बिजनेस मॉडल के तौर पर पेश किया। देखते ही देखते दूसरे प्लैटफॉर्म भी इस होड़ में लग गए। हालांकि अमेरिका, यूरोप, चीन में ऐसे प्रयोग दम तोड़ चुके हैं। तुर्किये की एक कंपनी ने तो 2015 में ही 10 मिनट डिलिवरी का कॉन्सेप्ट दिया था, पर वहां यह चल नहीं पाया। नाकामी की वजह कमोबेश एक ही रही - व्यावहारिकता और जरूरत का सवाल।

जरूरत का सवाल । गाड़ियों से भरी सड़कों पर जहां कई बार 10 मिनट में एक सिग्नल भी पार नहीं होता, वहां घर तक सामान पहुंचाना कितना आसान है? और इससे भी बड़ा सवाल है कि इसकी जरूरत क्या है? क्या वाकई घरेलू सामान की डिलिवरी इतनी अर्जेंट है कि उसके लिए जोखिम उठाए जाएं? कंपनियां तेजी से डार्क स्टोर्स की संख्या बढ़ा रही हैं। अभी करीब 2500 स्टोर हैं और 2030 तक बढ़कर 7500 हो सकते हैं। लेकिन, इसके साथ डिलिवरी का दबाव भी बढ़ रहा है।

सुविधाएं मिलें । व्यापार में ग्राहक सबसे ऊपर माना गया है, पर इसके लिए कर्मचारियों की सुरक्षा और सेहत से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। सरकार ने सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 के जरिये गिग और प्लैटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा दी है। ये नियम पिछले साल 21 नवंबर से प्रभावी हैं। सभी पक्षों को मिलकर ऐसे उपाय करने चाहिए, जिससे वर्कर्स को उनका हक मिले और इकॉनमी को भी नुकसान न पहुंचे।

नाभि में तीर

ऐसे कैसे निर्विरोध

मै महाराष्ट्र निकाय चुनावों में निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों में से कम से कम एक को तो भलीभांति जानता ही हूं। मैं वाकई बहुत हैरान हूं कि आखिर वह निर्विरोध कैसे चुन लिया गया?

हरि मुदुल

कोई जगह ऐसी नहीं, जहां उसके विरोधियों की भरमार न हो। वह जिस बिल्डिंग में रहता है, वहां उसके विरोधी हैं। जिस पार्टी से संबंधित है वह, वहां उसके खिलाफ अच्छा-खासा माहौल है। अपने परिवार से तक वह पूरे वोट पा जाए, तो गनीमत है। सच तो यह है कि जिस समाज से वह आता है, उस समाज के लोग उसकी छाया तक से बचना चाहते हैं। बाकी छोड़िए, उसके बारे में नुक्कड़ के पान वाले तक के ख्याल ठीक नहीं हैं। हद है, फिर भी वह निर्विरोध चुन लिया गया!

मुझे पता चला है कि पिछले साल वह अपनी सोसायटी में सेक्रेटरी के पद के लिए लड़ा था और बुरी तरह हार गया था। हैरत की बात है कि यही बंदा अब बिना चुनाव लड़े ही कॉर्पोरेटर के पद पर आसीन हो गया है। कुछ दिन पहले सड़क क्लेश हुए मुझे उसका सगा भाई मिला था। मैंने बस औपचारिकता में उससे पूछ लिया था- सुनने में आ रहा है कि तुम्हारा भाई कॉर्पोरेटर का चुनाव लड़ने की सोच रहा है, तो उसने फौरन मुंह बिचका दिया था और कहा था कि उसे घर से वोट मिल जाएं, यही बहुत है। जरा सोचिए, ऐसा आदर्श निर्विरोध चुनाव जीत गया!!

खबर तो यह भी है कि जब पार्टी उसे अपना उम्मीदवार घोषित कर रही थी, तब उसका विरोध करनेवालों की बड़ी संख्या थी। लेकिन जिस समय टिकट उसकी झोली में गिरा, सुनते हैं कि उसी समय नोटों के सरसराने की आवाज भी आ रही थी। नोटों की इसी सरसराहट ने सामने खड़े उम्मीदवारों का मन भी मोह लिया था और वे उसके सम्मान में 'बैठ' गए थे। आज जब मैंने चौरसिया पान वाले को जानकारी दी कि अपने नेता जी तो निर्विरोध चुन लिए गए हैं, पहले पहल उसने मेरी बात को मजाक में लिया। लेकिन जब पक्का हो गया कि खबर एकदम सच्ची है, तो कहने लगा कि बाबू जी, क्या सचमुच कलयुग का अंतिम चरण शुरू हो चुका है...?

एकदा

संकलन : रिकल शर्मा

साहस की मिसाल

लोजेन एक अद्भुत अपाचे योद्धा थी, जिनका जन्म 1840 में न्यू मेक्सिको में हुआ था। बचपन से ही वह घुड़सवारी और शिकार में असाधारण थी। अपाचे समाज में जहां पुरुष युद्ध करते थे और महिलाएं घरेलू काम संभालती थीं, वहीं लोजेन ने परंपराओं की सीमाएं तोड़ दीं। जब अमेरिका और मेक्सिको की सेनाएं अपाचे की जमीन पर कब्जा करने लगीं, लोगों को उनके घरों से उजाड़ा जाने लगा, तब लोजेन ने चुप रहना स्वीकार नहीं किया। अपने भाई और कबीले के नेता विक्टोरियो के साथ उन्होंने अमेरिकी और मेक्सिकन सेनाओं के खिलाफ संघर्ष किया। वह न केवल रणभूमि में बहादुर थी, बल्कि संकट में स्त्रियों और बच्चों की रक्षा भी करती थी। वह पुरुषों की तरह घुड़सवारी, निशानेबाजी और लड़ाई कर सकती थी, और सैन्य रणनीति बनाने में विक्टोरियो से कहीं अधिक सक्षम थी। एक बार उन्होंने दुश्मनों के बीच से घोड़ा चुराकर एक नवजात शिशु और उसकी मां की जान बचाई। विक्टोरियो की मृत्यु के बाद भी लोजेन ने हार नहीं मानी और गेरोनिमो के साथ लड़ती रहीं। आखिरकार उन्हें कैदी बना लिया गया और 1889 में जेल में ही उनका निधन हुआ। लोजेन का जीवन साहस, करुणा और स्वतंत्रता की अमिट मिसाल है।

संजीव बिखचंदानी / चेतन अग्रवाल

सरकार ने प्लैटफॉर्म कंपनियों, मसलन - एमेजॉन, फ्लिपकार्ट, स्विगी, जोमैटो, जेप्टो के 10 मिनट में डिलिवरी पर रोक लगा दी है। इससे पहले गिग वर्कर्स (जैसे डिलिवरी बॉय) ने 25-31 दिसंबर 2025 के दौरान हड़ताल की योजना बनाई थी। इसमें वर्कर्स की भागीदारी भले अच्छी नहीं रही, लेकिन हड़ताल ने उनके अधिकारों और हितों को लेकर बहस जरूर छेड़ दी है।

हालांकि इस बहस की बुनियाद गलत है। इसमें प्लैटफॉर्म कंपनियों और वर्कर्स को आमने-सामने खड़ा किया जा रहा है, जो नासमझी है। हमें समझना होगा कि इन वर्कर्स का इकॉनमी में अहम रोल है। इसे शेयर बाजार में लिस्टेड प्लैटफॉर्म कंपनियों की कुल वैल्यू से समझा जा सकता है। 2024-25 के आर्थिक सर्वे के अनुसार प्लैटफॉर्म कंपनियों ने पारंपरिक सर्विस सेक्टर को आधुनिक व्यवस्था में बदल दिया है।

तेजी से बढ़ती गिग इकॉनमी

कुछ साल पहले आई नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020-21 में देश में गिग वर्कर्स की संख्या 77 लाख थी, जो 2029-30 तक 2.35 करोड़ पहुंच सकती है। यानी तब देश के कुल गैर-कृषि रोजगार में गिग इकॉनमी का योगदान 6% हो जाएगा। खासतौर पर फूड डिलिवरी बिजनेस में इसकी अहमियत साफ दिखती है। वित्त वर्ष 2023-24 में इस क्षेत्र का बिजनेस 1.2 लाख करोड़ का रहा और 13.7 लाख को प्रत्यक्ष रोजगार मिला।

डिलिवरी आधारित ऐप्स का दूसरे बिजनेस पर भी पॉजिटिव असर हो रहा है। इससे अगले पांच वर्षों में 80 लाख गाड़ियों की मांग बढ़ेगी। फूड डिलिवरी प्लैटफॉर्म्स से जुड़ने के बाद रेस्तरां का धंधा भी बढ़ा है। अगर प्लैटफॉर्म बिजनेस नहीं होता तो गिग वर्कर्स कंस्ट्रक्शन जैसे सेक्टर्स में काम करने को मजबूर होते।

ऐसे काम में अनिश्चितता बहुत है। कई बार उन्हें समय पर भुगतान भी नहीं किया जाता। प्लैटफॉर्म बिजनेस में ऐसा नहीं है। बेशक, गिग वर्कर्स प्लैटफॉर्म कंपनियों के पेरोल पर नहीं होते, लेकिन वे एक लीगल कॉन्ट्रैक्ट के तहत काम करते हैं। उनके पास पारंपरिक मजदूरों से अधिक आजादी होती है। वे पसंद की कंपनी से जुड़ सकते हैं, काम के घंटे खुद तय कर सकते हैं। इसलिए कंपनियों को उन्हें साथ बनाए रखने के लिए बेहतर सुविधाएं देनी पड़ती हैं।

आज जोमैटो का एक रेगुलर डिलिवरी पार्टनर महीने में औसतन 20 हजार रुपये से अधिक कमाता है। कंपनियां इन्हें आमदनी में साझेदारी के आधार पर भुगतान करती हैं। फिर भी गिग वर्कर्स की भागीदारी बढ़ रही है। प्लैटफॉर्म से जुड़े बिजनेस या पेशेवरों को भी फायदा हो रहा है। इससे उनके कई खर्चे बच रहे हैं। जैसे, ऑटो रिक्शा वाले को ड्रायर, ओला, रैपिडो जैसी कंपनियों से जुड़ने पर गाड़ी की तलाश नहीं करनी पड़ती।

इंडस्ट्री निकाले उपाय

पूरी इंडस्ट्री सामाजिक सुरक्षा और ट्रेनिंग के एक जैसे उपाय करे। सामाजिक सुरक्षा, 2020 कोड में गिग और प्लैटफॉर्म वर्कर्स के लिए प्रावधान किए गए हैं। इसके लिए जो मसौदा तैयार किया गया है, उसमें बताया गया है कि सामाजिक सुरक्षा के लिए कौन योग्य होंगे। रजिस्ट्रेशन और कवरेज का तरीका भी इसमें दिया गया है। कुल मिलाकर, कंपनियां और गिग वर्कर्स को एक दूसरे की परेशानियों को समझना होगा, तभी यह इंडस्ट्री तरक्की की राह पर आगे बढ़ती रहेगी।

(बिखचंदानी इंफोऐज के सह-संस्थापक और अग्रवाल पब्लिक पॉलिसी कंसल्टेंट हैं)

ऑपरेशन सिंदूर में तबाही के बाद आतंकी नेटवर्क जल्द तैयार होना मुश्किल

जैश ने बताया पाकिस्तान का सच

पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर की तरफ से पिछले दिनों एक ऑडियो जारी किया गया। इससे पहले उसके डिप्टी सैफुल्लाह कसूरी का विडियो आया था। इनमें किए गए दावों में कुछ खास बातें नजर आती हैं। मसूद अजहर के मुताबिक, जैश ने हजारों आत्मघाती हमलावर तैयार कर लिए हैं, जो भारत पर हमला करने के लिए तैयार हैं। वहीं, कसूरी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए अपने सैनिकों के जनाजे में आखिरी नमाज के लिए उसे बुलाया था।

रहीस सिंह



आतंकियों से मिलीभगत

- पाकिस्तानी सेना और आतंकियों का कनेक्शन आया सामने
- भारत को प्रॉक्सी वॉर में उलझाए रखना चाहता है पड़ोसी देश

खतरे की घंटी । मसूद अजहर और कसूरी के ऑडियो/विडियो को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI के समर्थक अकाउंट्स ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। यह दर्शाता है कि पाकिस्तानी सेना, ISI और आतंकी नेटवर्क के बीच संस्थागत साझेदारी है। एक और अहम बात यह है कि कसूरी ने एक स्कूल परिसर में सैकड़ों बच्चों की मौजूदगी के बीच भाषण दिया। बताया जा रहा है कि अजहर भी किसी सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहा था। इसका मतलब यही निकलता है कि पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर कट्टरपंथी तैयार करने का काम चल रहा है और सेना संरक्षण दे रही है।

असली मकसद । सवाल है कि जैश के सरगनाओं के इन संदेशों के पीछे की मंशा क्या है - भारत को चुनौती देना या मनोवैज्ञानिक खेल? ऑपरेशन सिंदूर में जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी ढांचा ध्वस्त हो गया था। मसूद अजहर के परिवार के कुछ लोगों समेत प्रमुख आतंकी मारे गए थे। ऐसे में नया आतंकी ढांचा खड़ा करना और नेटवर्क बनाना मुश्किल लगता है। इस ऑडियो में मसूद अजहर चुनौतीपूर्ण अंदाज में दावा करता है कि अगर उसके समर्थकों की वास्तविक संख्या सामने आ जाए, तो वैश्विक मीडिया में हलचल मच जाएगी।

सोशली धमकी । अभी तो सवाल यही है कि मसूद अजहर है भी या नहीं और अगर है तो कहां? जब उसका होना ही संदिग्ध है, तो फिर यह ऑडियो भी संदिग्धता की श्रेणी में ही आएगा। रक्षा विशेषज्ञ भी मानते हैं, कि यह बयान खोखली धमकी से अधिक कुछ नहीं। यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद उपजी गहरी हताशा को दर्शाता है। भारतीय सेना ने जैश को जैसी चोट पहुंचाई थी, उसे देखते हुए यह मानना ज्यादा सही होगा कि मसूद अजहर का ऑडियो उसके आतंकी संगठन की ताकत को व्यक्त करने वाला संदेश नहीं, झूठी धमकी है। फिर भी, सुरक्षा एजेंसियां जब तक ऑडियो की आवाज के नमूनों और मेटाडेटा का एनालिसिस नहीं कर लेतीं, किसी निष्कर्ष पर पहुंचना सही नहीं होगा।

प्रॉक्सी वॉर । साल 1971 तक पाकिस्तान कई बार भारत से सीधे भिड़ा और हर बार हारा। जब उसने देख लिया कि वह भारत से प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता, तब प्रॉक्सी युद्ध का सहारा लिया। उसने प्रशिक्षित 'मुजाहिदीन' को भारत में भेजने की योजना बनाई। धार्मिक पार्टियों, जैसे - मरकज दावा-अल-इरशाद, जमात-उ-इस्लामी, सिपाह-ए-सहाबा, जैश-ए-मोहम्मद का सहारा लिया। जनरल जिया ने इन नीतियों के साथ-साथ धार्मिक उन्माद को इस हद तक बढ़ाया कि वह 'वर्दी वाला मुल्ला' कहे जाने लगे।

आतंकवाद ही ताकत । 'गन्स एंड येलो रोजेज' में Pamela Constable ने पाकिस्तान में खड़े हो रहे आतंकी संगठनों, विशेषकर लश्कर की मानसिकता पर लिखा है, 'हमारी हार्दिक इच्छा है कि भारतीयों के खिलाफ जिहाद में मरना है, ताकि हम जन्नत में अपना स्थान बना सकें।' तभी से यह सिलसिला जारी है। और शायद तब तक रुकेगा भी नहीं, जब तक पाकिस्तान का अस्तित्व है, क्योंकि उसने आर्मी और आतंकवाद को ही अपनी ताकत बना रखा है।

भारत से जलन । प्रॉक्सी वार के जरिए पाकिस्तान तीन तरह के फायदे उठाना चाहता है। पहला उद्देश्य है भारत को रोकना। भारत आज दुनिया की उभरती हुई ताकत है, ग्लोबल साउथ में लीडरशिप का दावेदार। पाकिस्तान चाहता है कि भारत उसके रचे प्रॉक्सी वॉर में उलझा रहे। पाकिस्तान का दूसरा उद्देश्य है मनोवैज्ञानिक युद्ध छेड़े रखना, जिससे मानवीय क्षति हो और लोगों का सरकार व संस्थाओं से भरोसा टूटे।

अलर्ट रहना जरूरी । पाकिस्तान का अगला मकसद इस प्रोपेगेंडा को दुनिया में फैलाना है कि कश्मीर पर भारत ने जबरन कब्जा किया हुआ है और उसके खिलाफ मुजाहिदीन संघर्ष कर रहे हैं। समय-समय पर उसे चीन और अमेरिका जैसे देशों से ऊर्जा भी मिलती रहती है। बहरहाल, पाकिस्तान से आए ऑडियो-विडियो जैश-ए-मोहम्मद के बिखरे ढांचे को फिर से समेटने, उसे ताकत देने और नेटवर्क को जिंदा करने की कोशिश का एक हिस्सा प्रतीत होते हैं। फिर भी, इन्हें पूरी तरह खारिज करना सही नहीं होगा।

(लेखक विदेशी मामलों के जानकार हैं)

ISRO की ये नाकामी आगे कामयाबी में बदलेगी

इसरो के लिए साल का पहला मिशन असफलता लेकर आया। PSLV-C62 रॉकेट तकनीकी खराबी के चलते रास्ता भटक गया। यह अपने साथ 16 सैटेलाइट और पेलोड लेकर जा रहा था। इस मिशन को भारत की राष्ट्रीय कूटनीतिक जरूरतों और अंतरिक्ष क्षेत्र में उसकी वैश्विक महत्वाकांक्षा, दोनों के लिए अहम माना जा रहा था। ऐसे में असफलता ने दोनों ही उद्देश्यों को नुकसान पहुंचाया है।



शैलेंद्र पांडेय

असफलता के सबक । हालांकि स्पेस मिशन में असफलता नई बात नहीं है। इसरो, नासा और SpaceX से लेकर चीन-रूस तक, सभी को कभी न कभी नाकामी मिली है। इसे किसी भी तरह टाला नहीं जा सकता। दूसरी अहम बात, अंतरिक्ष बहुत जोखिम भरा क्षेत्र है और इन असफलताओं से जरूरी डेटा व आगे के अभियानों के लिए जरूरी सबक मिलते हैं। इन्हीं की बुनियाद पर फिर सफलता भी मिलती है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि विफलताओं की ईमानदारी से जांच की जाए। ऐसा नहीं किया गया, तो नुकसान बहुत बड़ा होता है। फिर बाजार में हिस्सेदारी और प्रतिष्ठा, दोनों को चोट पहुंचती है। रूस का अंतरिक्ष कार्यक्रम इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

दांव पर भरोसा । PSLV लंबे समय से इसरो का सबसे भरोसेमंद रॉकेट माना जाता रहा है। एजेंसी इस पर निर्भर रही है। लेकिन, लगातार दो मिशन से यह फेल हो रहा है, जिससे अब क्लाइंट हिचकेंगे। आज का स्पेस मार्केट बेहद प्रतिस्पर्धी है। नए लॉन्चर तेज उड़ान का वादा कर रहे हैं। ऐसे में ISRO केवल अपनी पुरानी साख के सहारे आगे नहीं बढ़ सकता।

कॉमन रूम

सुरक्षा चुनौतियां । इस लॉन्च में कई उपग्रह नष्ट हुए हैं, जिनमें DRDO का एक अहम रक्षा पेलोड भी शामिल था। भारत में पहले ही निगरानी, खुफिया जानकारी और सुरक्षित संचार में कुछ कमियां हैं। अब एक रक्षा उपग्रह के नुकसान से ये कमियां और बढ़ जाती हैं, खासकर जब क्षेत्रीय सुरक्षा हालात बात, अंतरिक्ष बहुत जोखिम भरा क्षेत्र है की वजह से क्षमता तेजी से बढ़ाने की जरूरत है। देरी देश के हित में नहीं है।

अभियानों पर असर । ऑपरेशन सिंदूर के बाद इसरो ने कहा था कि देश की अंतरिक्ष क्षमताओं की वजह से दुश्मन के इलाके में भीतर तक सटीक कार्रवाई संभव हो पाई। यह असाधारण कदम था। हालांकि हर असफलता अभियानों को महीनों और कई बार बरसों के लिए पीछे धकेल देती है। डेवलपमेंट सैटेलाइट के लिए फंड्स की मंजूरी से लेकर निर्माण तक नए सिरे से होता है।

निजी भागीदारी । भारत में प्राइवेट लॉन्च स्टार्टअप की बात हो रही है। हालांकि ऐसे स्टार्टअप से भी इन असफलताओं की तुरंत भरपाई नहीं हो पाएगी। भारत के प्राइवेट लॉन्च वीकल अभी शुरुआती दौर में हैं। देश के लिए जरूरी मिशन को अंजाम देने की जिम्मेदारी अब भी इसरो पर है।

कांटे की बात

मै ईरान के लोगो के साथ हूं। उन्हें अपना राजनीतिक भविष्य खुद तय करने का अधिकार है। वहां हो रहे प्रदर्शनों को महिलाओं पर लंबे समय से लगी सरकारी पाबंदियों से अलग करके नहीं देखा जा सकता। उन्हें सम्मान से जीने का अधिकार है।

मलाला यूसुफजाई
नोबेल शांति पुरस्कार विजेता

छोटी-सी मदद से कम हुआ TB का ख़तरा

छोटी बात, बड़ा फ़र्क

TB के इलाज में दवाओं के साथ पोषण भी जरूरी है। रिसर्च से पता चला है कि इलाज की शुरुआत में मरीज पौष्टिक खाना खा सकें, इसके लिए आर्थिक मदद दी जाए तो जान जाने का खतरा कम हो जाता है। छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी ने इस मॉडल से बेहतरीन नतीजे पाए हैं।

मौतों की संख्या घटी

TB मरीजों में कुपोषण बड़ी समस्या है। आधे से अधिक TB मरीजों का वजन सामान्य से कम पाया गया है, जिससे दवाएं असर नहीं करतीं। ऐसे मरीजों में मौत का खतरा 4 से 5 गुना अधिक होता है। छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी ने TB मरीजों की पहचान BMI के आधार पर की और इलाज शुरू होते ही उन्हें हजार रुपये दिए जाने लगे।

AI Image

डेढ़ माह में वापसी

दोनों राज्यों में सरकार गंभीर रूप से कुपोषित टीबी के मरीजों को फूड और न्यूट्रिशन बास्केट भी देती है। ज्यादा खराब सेहत वालों को प्राथमिकता दी जाती है। इन प्रयासों के असर से मरीजों के ठीक होने की दर सुधरी है, मौतों में कमी आई है। कई मामले में इलाज खत्म होने के डेढ़ महीने बाद ही मरीज अपने काम पर लौट गए।

जनता जंक्शन

इरफान

कंपनियां और गिग वर्कर्स मिलकर आगे बढ़ें

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

सिस्टम की देरी

NBT में मंगलवार को पेज 2 पर छपी खबर 'हीमोफीलिया मरीज की सिस्टम की देरी से मौत' पढ़ी। सिस्टम की लेट लतीफी की वजह से कई लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं, लेकिन सिस्टम की कोई जवाबदेही तय नहीं होती। सिस्टम आज भी सुस्त और गैर जिम्मेदार है। सरकार हो या सरकारी विभाग, वर्षों प्रतीक्षा के बाद फाइलें अटकी रहती हैं। किडनी फेल हो जाए, विकलांगता 70% से 90% तक बढ़ जाए, मगर सिस्टम के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। क्या फायदा ऐसे सिस्टम से जो जनता की समय पर मदद ही नहीं कर सके।

-सुधा चौधे, ईमेल से

readersmail.nbt@gmail.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

आप अभी क्या सोच रहे हैं, जीवन इसी पर टिका

गुनि जयकुमार

जैसे बगीचे में अच्छे बीज बोने से सुंदर फूल और मीठे फल मिलते हैं, वैसे ही मन में अच्छे विचार लाने से जीवन में सुख, शांति और सफलता मिलती है। मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति उसका विचार है। वह सोच सकता है, सही-गलत का विवेक कर सकता है और अपने मन को सही दिशा में ले जा सकता है। उसके भीतर ऐसे कीमती विचार जन्म ले सकते हैं, जो मोतियों की तरह जीवन को चमका देते हैं। इसलिए कहा गया है कि मनुष्य की सबसे बड़ी संपदा उसके विचार हैं।

एक अच्छा विचार न केवल व्यक्ति का जीवन बदल सकता है, बल्कि समाज और समय की दिशा भी तय कर सकता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि बड़े परिवर्तन किसी हथियार से नहीं, बल्कि एक सशक्त विचार से जन्मे हैं। अच्छे विचार मनुष्य को कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने का साहस देते हैं। वे भीतर ऐसी ऊर्जा भर देते हैं, जिससे असंभव भी संभव लगने लगता है।

AI Image

विचार ही क्रांति का आधार बनते हैं और विचार ही शांति का मार्ग खोलते हैं। इसलिए यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि हमारे विचार हमें किस दिशा में ले जा रहे हैं- निर्माण की ओर या विनाश की ओर।

आध्यात्मिक दृष्टि से देखा जाए तो श्रेष्ठ विचार मनुष्य के भीतर नई चेतना जगाते हैं। जब विचारों में करुणा, प्रेम और आत्मबोध का रस होता है, तब जीवन में आनंद और संतुलन स्वतः आने लगता है। आध्यात्मिक विचार व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होने देते। वह हर चुनौती का सामना शांत और साहसी मन से करता है।

ऐसे विचार मनुष्य को केवल मानसिक ही नहीं, शारीरिक और भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ बनाते हैं। सकारात्मक और पवित्र विचारों से चरित्र में उज्ज्वलता आती है, व्यवहार में सादगी और संवेदनशीलता जन्म लेती है। विचारों की शुद्धता ही व्यक्तित्व का वास्तविक सौंदर्य है। धन, पद या प्रसिद्धि नहीं, बल्कि विचारों की संपन्नता ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। जैसे विचार होंगे, वैसा ही जीवन बनेगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP9 User: cci Time: 01-13-2026 23:17 Color:

फटाफट खबरें

राम मंदिर जाएंगे राहुल गांधी: पुनिया

■ आईएएनएस, लखनऊ: उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जल्द ही अयोध्या के राम मंदिर जाएंगे और रामलला के दर्शन करेंगे। तनुज ने कहा कि चूंकि अब मंदिर का ध्वज लग चुका है और पूजा-अर्चना भी शुरू हो चुकी है, ऐसे में राम मंदिर को पूर्ण माना जा सकता है। इसी कारण राहुल अब रामलला के दर्शन करेंगे। हालांकि, राहुल गांधी अपने समय और सुविधा के अनुसार ही मंदिर जाएंगे।

गैंगस्टर केस: अब्बास अंसारी को ज़मानत

■ भाषा, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के गैंगस्टर अधिनियम के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी को अंतरिम जमानत देने के अपने पूर्व आदेश की पुष्टि की। अब्बास, दिवंगत मुख्तार अंसारी का बेटा है। चित्रकूट में दर्ज गैंगस्टर व अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे में शीर्ष अदालत ने उसे पिछले साल सात मार्च को उसे छह सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे. बागची, न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने मंगलवार को उसकी जमानत को नियमित कर दिया।

जयपुर: अस्पताल के ICU में भरा पानी

■ भाषा, जयपुर: जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के पीलीट्रौमा महन थिकित्सा इकाई (आईसीयू) के पास सोमवार देर रात पूरे आईसीयू में करीब आधा फुट तक पानी भर गया। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. बी.एल. यादव ने बताया कि पहले यहां पर कुछ कमरे और शौचालय बने हुए थे। आईसीयू बनाया गया तो पानी की पुरानी लाइनों को दबा दिया गया। दबे रहने के कारण लाइनें गल गईं, इस वजह से पानी आने लगा।

धार: बसंत पंचमी के चलते प्रशासन सतर्क

■ भाषा, धार: मध्य प्रदेश के धार स्थित भोजशाला में बसंत पंचमी शुक्रवार को मनाए जाने कारण दो समुदायों के बीच टकराव की आशंका को देखते हुए प्रशासन सतर्क है। भोज उत्सव समिति ने पूरे दिन पूजाकी अनुमति मांगी है, जबकि मुस्लिम समाज ने दोपहर तीन बजे तक मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए ज्ञापन सौंपा है।

'वीबी-जीरामजी' को गांव-गांव पहुंचाएगी बीजेपी

पार्टी की मंगलवार को लखनऊ में हुई संगठनात्मक कार्यशाला

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: मनरेगा की जगह वीबी-जीरामजी विधेयक को लेकर विपक्ष की काट के लिए बीजेपी ने मास्टर प्लान तैयार किया है। इसके तहत गांव-गांव जाकर बीजेपी पदाधिकारी और कार्यकर्ता लोगों को मनरेगा की तुलना में वीबी जीरामजी विधेयक के फायदे समझाएंगे। इसके तहत जिले और मंडलों में सम्मेलन और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही श्रमिक चौपाल, किसानों के साथ संवाद, ग्रामीण क्षेत्रों में किसान पदयात्रा, ट्रैक्टर रैली और बैलगाड़ी रैली जैसे आयोजन किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी की मंगलवार को हुई संगठनात्मक कार्यशाला में संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को इस अभियान के लिए तैयार रहने और जरूरी तैयारी करने के निर्देश दिए। अभियान के तहत बीजेपी के सांसद, विधायक से लेकर पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को समझाएंगे कि यह नया कानून किसानों व श्रमिकों के लिए कितना फायदे मंद है। बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव ओपी धनखड़ ने विधेयक के बारे में फैलाए जा रहे भ्रम को लेकर कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को असली तकलीफ काम से नहीं बल्कि 'नाम' से है। वहीं, केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि विधेयक की कमियां बताने के लिए विपक्ष के पास कोई मौका नहीं है, इसलिए वो झूठमूठ हंगामा करने के साथ ही भ्रम फैलाने में जुटे हैं।

बीजेपी की प्रदेश कार्यशाला को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू

125 दिन काम मिलने का दावा

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने वीबी-जीरामजी के फायदे गिनाते हुए बताया कि मनरेगा की तुलना में अब श्रमिकों को 100 के बजाय 125 दिन काम मिलेगा। वहीं, काम मिलने में देरी पर भत्ता और ब्याज भी दिया जाएगा। भ्रष्टाचार रोकने के लिए श्रमिकों की पहचान के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल होगा। जियो टैगिंग और सैटेलाइट मैपिंग के जरिए मॉनीटरिंग होगी।

10 साल में क्यों नहीं रोक पाए भ्रष्टाचार?

मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की आशंका जताई। उन्होंने बताया कि मनरेगा कानून के तहत 11 लाख करोड़ खर्च होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में उम्मीद के मुताबिक कोई विकास नहीं हुआ। इस योजना के तहत ऐसे क्षेत्रों में पैसा भेजा गया, जहां रोजगार की ज्यादा जरूरत नहीं थी। इसके चलते योजना भ्रष्टाचार और 'लूट' का अड्डा बन गई थी। उनके इस दावे पर सवाल पूछा गया कि पिछले 10 वर्षों में बीजेपी की सरकार रहते हुए यह भ्रष्टाचार कैसे चलता रहा? इसपर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मनरेगा में कई ऐसे प्रावधान थे जिसके चलते यह भ्रष्टाचार रोका नहीं जा सकता था, लिहाजा कानून ही बदलना पड़ा।

बिहार में बुज़ुर्गों को अब घर बैठे रजिस्ट्री सुविधा मिलेगी

यह नई व्यवस्था एक अप्रैल 2026 से लागू की जाएगी

■ पीटीआई, पटना: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राज्य के 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को उनके घर पर ही जमीन या फ्लैट की निबंधन (रजिस्ट्री) सुविधा उपलब्ध कराने का ऐलान किया। यह सुविधा मोबाइल रजिस्ट्रेशन यूनिट के माध्यम से निश्चित समय-सीमा के भीतर प्रदान की जाएगी, जिसमें आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह नई व्यवस्था एक अप्रैल 2026 से लागू की जाएगी।

मोबाइल रजिस्ट्रेशन यूनिट से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि कई बार यह देखा गया है कि 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को जमीन या फ्लैट की रजिस्ट्री से जुड़े कार्यों के निष्पादन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी के मद्देनजर उन्हें सहूलियत देने और अनावश्यक परेशानियों से बचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि जमीन खरीदने के इच्छुक लोगों को कई बार संबंधित भूमि की अद्यतन जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती। इसे ध्यान में रखते हुए रजिस्ट्री से पूर्व भूमि की अद्यतन स्थिति की जानकारी क्रेता और विक्रेता दोनों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके तहत आवेदकों के अनुरोध पर निबंधन विभाग अंचल कार्यालय से भूमि की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर क्रेता को उपलब्ध कराएगा। इससे आवेदकों को जमीन के बारे में सही और प्रामाणिक जानकारी मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 नवंबर 2025 को राज्य में नई सरकार के गठन के बाद 'सात निश्चय-3' कार्यक्रमों को लागू किया गया है, जिनका उद्देश्य बिहार को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करना है। 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत सातवां निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' (ईज ऑफ लिविंग) है, जिसका मुख्य मकसद राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को और अधिक सरल बनाना है।

बदायूं: फैक्ट्री में तीन मजदूरों की मौत

■ NBT रिपोर्ट, बदायूं: जिले की एक मैच फैक्ट्री में मंगलवार सुबह एक सुपरवाइजर और दो सिक्योरिटी गार्ड के शव मिले हैं। तीनों के शव केबिन में पड़े थे। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक समेत तीन के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस के मुताबिक गांव कुड़ा नरसिंहपुर स्थित मैच फैक्ट्री कर्मचारियों ने मंगलवार सुबह केबिन में सिक्योरिटी गार्ड जुनैद यादव, भानु यादव और विवेक यादव को जमीन पर मृत पड़े देखा। किसी शव पर चोट के निशान नहीं हैं। केबिन में अंगीठी रखी मिली है। आशंका है कि दम घुटने से तीनों की मौत हुई।

अयोध्या: एयरपोर्ट तक बनेगी फोरलेन रोड

■ NBT न्यूज, अयोध्या: अयोध्या-प्रयागराज मार्ग से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक यातायात जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए नई फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। 154.13 करोड़ रुपये की लागत से बन रही यह सड़क मार्च 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सत्य प्रकाश भारती के अनुसार 1.6 किलोमीटर लंबी यह फोरलेन सड़क प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के जोंदपुर-हरवंश गांव क्षेत्र से शुरू होकर राजकीय दशरथ स्वशासी मेडिकल कॉलेज के पास से गुजरते हुए एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 तक पहुंचेगी। इस सड़क के बन जाने से मेडिकल कॉलेज और एयरपोर्ट सीधे जुड़ जाएंगे। अधिशासी अभियंता ने बताया कि सड़क के दोनों ओर लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है।

मार्च 2026 तक पूरा होगा निर्माण कार्य, 54 करोड़ होंगे खर्च

फिलहाल 60 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। विभाग के अनुसार परियोजना को स्मार्ट रोड के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे एयरपोर्ट से राम मंदिर तक पहुंच और अधिक आसान होगी।

जिस सांप ने काटा उसे लेकर इलाज के लिए पहुंचा युवक

■ NBT न्यूज, मथुरा: मथुरा में एक ई-रिक्शा ड्राइवर को सोमवार की शाम सांप ने काट लिया। युवक जिला अस्पताल इलाज के लिए पहुंचा। डॉक्टरों ने पूछा क्या हुआ। सन्नाटा में जिंदा सांप अपने जैकेट से निकालकर डॉक्टरों को दिखाते हुए कहा इसने काट लिया। जिंदा सांप को युवक के हाथ में देख डॉक्टर हैरान रह गए। डॉक्टरों ने युवक को इमरजेंसी वार्ड से बाहर निकाल दिया। युवक ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद ई-रिक्शा चालक ने अस्पताल के सामने जम लगकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दीपक से बात की तो दीपक ने बताया कि उसे सांप ने काटा है और डॉक्टर सांप को छोड़कर आने के बाद ही इलाज करने की बात कह रहे हैं। इस पर पुलिस ने सांप को एक डिब्बे में बंद करवाकर सुरक्षित जगह छुड़वाया। जिसके बाद डॉक्टरों ने ई-रिक्शा चालक का इलाज डॉक्टरों ने युवक को खतरे से बाहर बताया।

दरअसल, लक्ष्मीनगर निवासी दीपक रामपुत्र ई-रिक्शा चलाते हैं। सोमवार शाम को ई-रिक्शा की बैटरी लेने वृंदावन आए थे। दीपक के अनुसार, इसी दौरान जहरीले सांप ने हाथ पर उन्हें डस लिया। शुरू किया।

GOVERNMENT OF INDIA
MINISRTY OF MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES
Kartavya Bhawan Building 03, Kartavya Path, New Delhi – 110001.

F.No. 11(6)/2021-EDI **VACANCY CIRCULAR**

The Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises invites application for the post of **Director General** in National Institute for MSME (ni-msme), Hyderabad (an autonomous body under the Ministry of MSME) on contract basis.

Name of the Post	No.of Vacancies	Method of Recruitment	Consolidated Pay/month (fixed)	Place of Posting
Director General, National Institute for Micro, Small and Medium Enterprises (ni-msme), Hyderabad.	01	Contract basis	Rs. 2,65,000/- per month (fixed) (An annual increment of 5% shall be admissible, subject to satisfactory performance)	Hyderabad

2. For details regarding eligibility criteria i.e. educational qualification, experience, age, remuneration, facilities, allowances and other general conditions, the applicants are advised to refer to the official website of the Ministry **https://msme.gov.in** and at ni-msme's website **https://www.nimsme.gov.in.**
3. The application, in the prescribed format along with self-attested copies of relevant documents should reach the Under Secretary (EDI), Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises, Hall No. 32110, Kartavya Bhawan – 03, New Delhi -110001, in hard copy within 30 days from the date of publication of this Advertisement in the Employment News.

Sd/- (Hemant Sharma), Under Secretary to the Government of India

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
एनएएमएस भवन, मेडिकल एंक्लेव, अंसारी नगर,
नई दिल्ली – 110029

फ़ेलोशिप प्रवेश परीक्षा (एफईटी) - 2025

सूचना

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) **14 मार्च 2026** को भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए अगली **फैलोशिप प्रवेश परीक्षा** आयोजित करेगा।

ऑनलाइन आवेदन **14 जनवरी 2026** से **03 फरवरी 2026 तक** एनबीईएमएस वेबसाइट: https://natboard.edu.in/viewnbeexam?exam=fet पर आमंत्रित किए जा रहे हैं।

उम्मीदवार सहायता केंद्र : +91-7996165333
- आवेदक लॉगिन पेज पर हेल्पलाइन पोर्टल
- एनबीईएमएस वेबसाइट पर संचार वेब पोर्टल

NATIONAL INSTITUTE FOR MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES (ni-msme)
An Organisation of the Ministry of MSME, Govt. of India, ISO 9001:2015 Certified
Accredited as UTKRISHT / 3-Star Rating by Capacity Building Commission (CBC)
Yousufguda, Hyderabad-500045, Telangana. Ph. 040-23433123/3208, e-mail: nimsme-admn@nimsme.gov.in

NOTIFICATION

Advertisement No.ni-msme/vacancies notification/2026/01 Date 12.01.2026
Applications are invited from eligible Indian Nationals for filling up of following posts in the National Institute for Micro, Small and Medium Enterprises (ni-msme) on **Direct Recruitment** basis:

S. No.	Name of the Post	No.of Vacancies	Category	Method of Recruitment	Scale of Pay and Category	Other Information
1	Director, SED Director, SEE Director, SEM Director, SEIC	01 01 01 01	General	Direct Recruitment	Level 12 of 7th CPC	For all details, please visit the official-website www.nimsme.gov.in
2	Faculty Member (Core Stream)	06	General-5 OBC-1	-Do-	Level 11 of 7th CPC	Last date for receipt of online application 30 days, from the date of publication of this advertisement.
3	Faculty Member (Technology)	01	General	-Do-	Level 11 of 7th CPC	
4	Faculty Member (Trade & Marketing)	01	General	-Do-	Level 11 of 7th CPC	

Terms & Conditions:
- Candidates fulfilling the eligibility criteria may submit **ONLINE** application in the prescribed format only.
- Age for eligibility will be calculated as on the last date of receipt of applications.
- The online application available on the website should be duly filled **separately for each** post at Sr. No.01,02,03 & 04 above, along with updated scanned copies of Certificates / documents i.e. Qualification, Age, Experience, Salary proof and other relevant certificates.
- The **Last Date** for receipt of online applications will be 30 days from the date of publication of this advt.
- Shortlisted candidates will be informed through their **e-mail**. Candidates should check the website notifications only.
- The number of posts is tentative and is liable to change based on the Institute's requirements.

Sd/- Chief Administrative Officer

महानगरपालिका चुनाव २०२५- २६

हमारा एक वोट तय करेगा

मतदान दिनांक: १५ जनवरी २०२६
समय: सुबह ७:३० से शाम ५:३०

करो मतदान ...
कहता है संविधान !

राज्य चुनाव आयोग महाराष्ट्र
MaharashtraSEC

TIMES interact To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य प्रफेशनल्स

ब्यूटीशियन ऐंड हेयरड्रेसर

ETHNIC Beauty Parlour (Ladies only) Borivali (West) Chikoowadi Req. Experienced Hairdresser & Beauty therapist Call: 8657535713/ 8879035431.

चिकित्सा

चिकित्सा

REQUIRE_URGENTLY Hiring Now – BAMS Doctor & Receptionist (12th pass) Location: Ghatkopar Station rd, Mumbai Contact: 7780416083

FEMALE Medical Typist / Transcriptionist with speed 40wpm for MRI CT Scan Centre Only Whats app details to 8850927330

NIRMAN Hitech Diagnostic Centre Requires Con. Radiologist in Western Suburbs for CT/ MRI, Cardiologist for 2D Echo/ TMT and BAMS/ BHMS Doctors. Contact Mr. Roshan 9820424060

A Multi-Specialty Hospital, Mira-Bhayandar, Mumbai URGENTLY REQUIRES MD Physician, General Surgeon, Nursing Staff (BSc/GNM), TPA head, Ward Boy, Maushi. Contact: 8828756944, 9819040053, Email: cottadly1833@gmail.com

URGENTLY required Cardiac Hospital in Thane, SENIOR NURSE FOR ICCU WARD RMO, MEDICAL TRANSCRIPTION, SECURITY, BIO MEDICAL ENGINEER. 7021505893 / 02241114777 Email: rec.godbole@gmail.com

तकनीकी

पर्यवेक्षकों

PRODUCTION Supervisor / Coordinator required for a reputed paper packaging company near Mahim West Station. Min. 1 year experience in an offset printing company required. Please email / Whats-App resume to aph@publicity printers.co.in / 9820055826

इंजीनियर्स

REQD. Sales and Service Engineer - Dip. / B.E. in Electronics or Instrumentation with 3-7 yrs.exp. Send resume to: info@karatmeter.com / Tel. 022-25005011/12

REQUIRED Calibration Engineer M/F. Exp-2/3 yrs. ITI/ Diploma/BE. Salary - Negotiable. Pls. Cont. No.:- 8999823432

REQD Civil Engrs Architects Driver Apply Design Group India 12RNA Arcade Lokhandwala Complex Andheri (W) Mumbai 53 Mob: 8169962553

REQD Nr Mumbai- EHT/ HT Switch Gears like Outdoor Isolator, Circuit Breakers Designing/ Product Development/ R&D/ Testing Electrical Engineer having 5-7 yrs of only related experience candidate. Apply: macengineers@hotmail.com , Whatsapp Resume: 9892158106

PVT. Ltd. Engineering Co at Vapi Gujarat Reqd Quality Control Engineer (Degree/ Diploma) with min 3 yrs exp. in Lab Equipments, for right candidate accommodation provided. Apply: macengineers@hotmail.com , Whatsapp Resume 9892158106

अन्य रिक्तियां

चालक

ड्राइवर चाहिए, जिले पार्ले (पश्चिम) में रहने वाले गुजराती परिवार के लिए। कम से कम 5 वर्ष का अनुभव, मुंबई की सड़कों का अच्छा ज्ञान आवश्यक। आयु: 30से वर्ष। अपना वाशोडाटा व अनुभव व्हाट्सऐप करें: 9167466666 / 8879425266

एकाधिक रिक्तियां

REQD Staff for the Reputed Construction Co. in Malad-W. for the post of- Senior Site Engineer, Site Engineer, Civil Draftsman & CRM back Office executive. Send CV to: shreejioffice7179@gmail.com Contact No. 9137132306

लिमिटेड कंपनी हेतु पोस्ट 2 उपनगर मुंबई, बिहार, राजस्थान का रहने वाला अनिवार्य उम्र लगभग 22 से 30 साल, 1-7 साल अनुभवी चाहिए जो तुरंत MIDC नवी मुंबई में अपॉयंटमेंट कर चला सके। रहने की उत्तम व्यवस्था। पोस्ट 2 फैक्ट्री सुपरवाइजर मेल/फिमेल जो बाहर एवं ऑफिस का काम कर सके। पोस्ट 3 एडमिन हेतु फिमेल/मेल जो फिल्ड वर्क भी कर सके। Email:fmgsurpo@gmail.com 8042120300

Engg. Co. - Andheri req:
1) Administrative Asst. (Fluent in English)
2) Accountant 4+ years experience
3) Sales Engineer (Dip. / Deg.). E: rashmi@wellworthvalves.com Contact: 7506020000

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

CONSTRUCTION Co. Reqd - Accountant, Office Admin, Receptionist, Sales Exec. & Office Boy. Call: 8169096226 / pil.developers@hotmail.com

REQD. at Byculla Accountant, Sales Asst, Admin Asst, Purchase Asst, Mech CAD Operator, Turners & Fitters. Whatsapp 9869390495 Mail - ramadhir52@hotmail.com

REQUIRED, good looking, young, confident female models for ramp & retail exp. & warehousing events / projects (ready to travel). Send profile/ photo on whatsapp - 90823 01177

सिक्यूरीटी गार्ड, सिक्यूरीटी सुपरवाइजर और ड्राईवर चाहीये. संपर्क: 115 - सिंह कॉमर्शियल, Opp. नाथानी स्टील, विद्याविहार (वेस्ट) 9867202170 / 9930633611

पार्ट टाइम जॉब

सुनहरा अवसर ! कल्याण (प.) में एक प्रतिष्ठित कंपनी में पार्ट टाइम सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों और गृहिणियों के लिए, शिक्षण एसएससी या उससे ऊपर। आयु: 35 से 65 वर्ष। संपर्क 7738147001

घर से काम (वर्क फ्रॉम होम)

EXPERIENCED PERSONNEL REQUIRED IN TOP BANKING COMPANY ABOVE 50 YEARS CONTACT- 9987722572

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

TENDER NOTICE

Tenders are invited from reputed contractors having minimum 10 years experience of carrying out structural repairs, waterproofing, plumbing & painting work; for Repairs & cooling of **'The Maharaja Ashok C.H.S. Ltd.'** at **Gandhigram Road, Near Hare Krishna Temple, Jukarwadi, Juhu, Mumbai-400 049.** Tenders can be collected from 'M/s Rehab Consultants Pvt. Ltd.' at 27, 6th Floor, Neelam Gulzar, Highway service Road, Off Andheri Sahar Road, Parasiwadi, Andheri (East), Mumbai-400 099, on or before 21.01.2026 Between 11A.M.to 5PM. on week days. Tender prices will be Rs.3,000/- by D.D. in favor of **'The Maharaja Ashok C.H.S. Ltd.'**, non refundable. Last Date of Submission of sealed Tender at society office is Up to 5 pm on Feb.05, 2026.

Expression Of Interest From Reputed ARCHITECT / PMC

Sealed Tenders are invited from Experienced and Reputed Architect / PMC having an experience of minimum 10 years with detailed profile of completed & ongoing housing redevelopment project.
Tenders must reach within 7 days from the date of Notice to the Secretary / Chairman of **Vaibhav CHS Ltd.** Plot No.179, Sahar Pipe Line Road, Opp. Import Warehouse, Andheri (E), Mumbai-99.
Place:Mumbai
Date: 14/01/2026

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Patel Prashant Gulabchand r/o Nale, Vasai, Nallasopara West, Palghar, M.H-401203 have changed my Son name from Viraj Patel to Viraj Prashant Patel vide aff. No. 59AB865304 dt.12/01/2026 at Nashik

I, Sharda spouse of No 14452349W Ex Hav Krishan Narayan Gaikwad of Vill/PO-Underi, Teh- Mahad, Dist-Raigad(MH), PIN- 402301 have changed my name from Sharda to Sharda Krishna Gaikwad vide affidavit No. 35020418512680002786897 dated 18 Dec 2025.

I Subhashchand Yadav have changed my name to Subhash Chandra For Passport Issuance.

I, Anita Mother of Patel Prashant Gulabchand r/o Nale, Vasai, Nallasopara West, Palghar, M.H-401203 have changed my name from Anita to Anita Gulab Patel vide aff. No.59AB865306 dt.12/01/2026 at Nashik

I, Sandhya Wife of Shirwale Somnath Pandarinath r/o Waghalwadi, Someshwar Nagar, Baramati, Pune, M.H-412306 have changed my name from Sandhya to Sandhya Somnath Shirwale vide aff. No. 59AB865313 dt. 12/01/2026 at Nashik

I, Gulabchand Patel Father of Patel Prashant Gulabchand r/o Nale, Vasai, Nallasopara West, Palghar, M.H-401203 have changed my name from Gulabchand Patel to Gulab Pulchand Patel vide aff. No. 59AB865305 dt. 12/01/2026 at Nashik

I, Pandharinath Father of Shirwale Somnath Pandarinath r/o Waghalwadi, Someshwar Nagar, Baramati, Pune, M.H-412306 have changed my name from Pandharinath to Pandharinath Shrirang Shirawale vide aff. No. 59AB865312 dt. 12/01/2026 at Nashik

Union Bank of India यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई बोरीवली
सर्व्हे क्रमांक १०/१, सि. टी. सर्व्हे, पोयसर जिमखाना बीएमसी के सामने, एम. बी. रोड, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई - 400067

भाडेपट्टी पर जगह चाहिए

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को निम्नलिखित क्षेत्रीय तथा जिला में उत्तम कॉन्क्वाल, लाल मंजिलवाला, पर्याप्त पार्किंग की सुविधा के साथ व्यावसायिक जगह की आवश्यकता है।

1	क्षेत्रीय जिला पालघर (जिला पालघर, महाराष्ट्र) 1700 वर्ग फुट ± 10% कालीन क्षेत्र

अधिक जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in, www.eprocure.gov.in या हमारे कार्यालय में जाए। निर्धारित प्रारूप में कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथी 05.02.2026 को 15.30 बजे तक है। बैंक बिना कोई कारण बताए प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

स्थान : मुंबई बोरीवली
तारीख: 14.01.2026
क्षेत्रीय प्रमुख,
क्षेत्रीय कार्यालय,
मुंबई बोरीवली

यूनियन बैंक UNION BANK of India
लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय, ७वां तल मेकर टावर एफ कफ परेड, मुंबई - 400 021

सूचीबद्धता सूचना

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखाओं और कार्यालयों में सावधिक लेखा परीक्षकों के रूप में सूचीबद्धता के लिए पात्र सनदी लेखाकार फर्मों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिये कृपया हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट https://www.unionbankofindia.bank.in पर देखें। सावधिक लेखा-परीक्षकों की सूचीबद्धता तथा ऑन-लाइन आवेदन की प्रस्तुति के संबंध में विवरण के लिए होम पेज पर निविदा/ सूचीबद्धता खंड को देखें। केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्रस्तुत करने की आरंभ तिथि: 14.01.2026 को 10.00 बजे से। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 28.01.2026 को 23.59 बजे तक। Navigation path for placing the URL Login to: www.unionbankofindia.bank.in >> Home page >> Procurement Opportunities >> Tenders / empanelment
022- 48018591 पर हमें संपर्क करें।

ज़रा हंस लें

पिटू परीक्षा से पहले अपने बेस्ट फ्रेंड मिटू को समझा रहा था। **पिटू:** भई अगर पेपर कठिन हो तो आराम बंद करना, गहरी सांस लेना और कहना... ये सब्जेक्ट बड़ा मजेदार है। इसे अगले साल फिर पढ़ेंगे...

कविता : ओ राही कभी रुकना मत

थक कर बैठ जाना मंजूर नहीं,
हर मोड़ लेना कोई दस्तूर नहीं।
जब तक सपनों में जान बाकी है,
तब तक कोशिशों से दूर नहीं।

जो गिरकर फिर से संभल जाता है,
वही इतिहास रच जाता है।
अंधेरे से जो लड़ जाता है,
वही दीप के सूरज उग जाता है।

हालात चाहे जितने भी भारी हों,
हौसलों को कमजोर मत करना।
एक कदम रोज बढ़ाते रहो,
तुम खुद से सामर्थ्य मत करना।

मंजिल भी उन्हीं को मिलती है,
जो खुद पर विश्वास रखते हैं।
कठिन रास्तों से गुजरकर ही,
सफलता के दीप जलते हैं।

- स्नेहा शर्मा, NBT रीडर

जीवनदिव्य सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे चित्र सहित हमारे अंक में छपने का मौका।

...कर ले कोई जुगाड़

भारतीय स्टार्टअप्स की सफलता को एनिमेटेड फिल्म के जरिए दुनिया को दिखाने की पहल

भारत सरकार-नेटफ्लिक्स ने मिलकर शुरू की है पहल

Brahmansh.Yadav
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारत सरकार के प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर ऑफिस और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स (Netflix) के साथ मिलकर 'इंस्पायरिंग इनोवेटर्स' नाम की एक खास पहल शुरू की है। इसका मकसद भारतीय स्टार्टअप्स की सफलता की कहानियों के जरिए दुनिया को दिखाना है। 8 शॉर्ट एनिमेटेड फिल्में बनाई गई हैं, जो समाज में बदलाव लाने वाले 8 स्टार्टअप्स पर आधारित हैं। इन्हें देश की 8 बड़ी यूनिवर्सिटीज के 26 स्टूडेंट्स ने तैयार किया है, जिनमें 50 प्रतिशत लड़कियां हैं। इन छात्रों को साइंटिफ्रि स्टूडियो और NID के एक्सपर्ट्स ने फिल्म मेकिंग की बारीकियां सिखाईं।

8 स्टार्टअप्स जो अपनी सोच से लोगों की जिंदगी कर रहे आसान

1 वी-वॉइस लैब्स (WeVois Labs)
■ **इनोवेशन:** अभिषेक, अभिनव ने वेस्ट मैनेजमेंट के लिए डिजिटल सिस्टम बनाया है। ■ **फायदे:** सिस्टम कचरा उठाने वाली गाड़ियों और कचरे के डिब्बों को ट्रैक करता है, जिससे शहरों की सफाई बहुत बेहतर तरीके से होती है।

2 ग्रीनइंजन (Greengine)
■ **इनोवेशन:** प्रदूषण को कम करने के लिए निशिन ने 'माइक्रोएल्गी' तकनीक का आजमाई। ■ **फायदे:** यह कलकमेट क्राइसिस को रोकने के लिए एक बड़ा कदम है। तकनीक हवा से कार्बन सोख लेती है और प्रदूषण को साफ करती है।

3 इनो-ग्ल
■ **इनोवेशन:** शोभना यू. ने महुआरों की सुरक्षा और मदद के लिए खास स्मार्ट डिवाइसेस बनाए हैं। ■ **फायदे:** समाज में महुआरों की जान को हमेशा खतरा रहता है। ये डिवाइसेस उन्हें समाज की गहराई, खतरों और मुश्किलों की सही लोकेशन की जानकारी देते हैं।

4 कल्टीवेट
■ **इनोवेशन:** मल्लेश, सुदर्शन, भवना का एआई-टेक स्टार्टअप खेती की समस्याओं को सुलझाने के लिए साइंस और डेटा का इस्तेमाल करता है। ■ **फायदे:** यह तकनीक किसानों को बताती है कि फसल को कब और कितना पानी चाहिए।

5 ब्लाइंड विजन फाउंडेशन
■ **इनोवेशन:** रामू मुथाइनो ने दृष्टिबाधित लोगों के लिए एक खास घड़ी बनाई है। ■ **फायदे:** घड़ी रास्ता ढूंढने और बाधाओं को पहचानने में मदद करता है। इससे दृष्टिबाधित लोग बिना सहारे के खुद चल-फिर सकते हैं।

6 ओम वॉइस प्रोस्थेसिस
■ **इनोवेशन:** डॉ. विशाल राव और शशांक महेश ने गले के कैंसर से जूझ रहे लोगों के लिए कम कीमत वाला 'वॉइस बॉक्स' (Voice Prosthesis) बनाया है। ■ **फायदे:** कैंसर से जो लोग अपनी आवाज खो देते हैं, यह डिवाइस उन्हें फिर से बोलने की ताकत देता है।

7 नियो मोशन
■ **इनोवेशन:** सिद्धार्थ, स्वस्तिक, आशीष ने ऐसी मोहन वीलचेयर बनाई है, जो सड़कों पर आसानी से चल सकती है। ■ **फायदे:** नियो मोशन की व्हीलचेयर को एक छोटी मोटर से जोड़कर उसे स्कूटी जैसा बनाया जा सकता है।

8 एलसीबी फॉटिलाइजर्स
■ **इनोवेशन:** अक्षय, मुकेश, शुभेंद्र ने मिट्टी की क्वॉलिटी सुधारने के लिए खास जैविक खाद तैयार की है। ■ **फायदे:** यह मिट्टी को फिर से उपजाऊ बनाता है जिससे किसानों की लागत कम होती है और पैदावार ज्यादा होती है।

आज के दौर में भारतीय फिल्मों के पास अपनी कहानियों को ग्लोबल ऑडियंस तक ले जाने का बेहतरीन मौका है।
-डॉ. एल. मुरुगन, केंद्रीय राज्य मंत्री

इस प्रोग्राम से न केवल स्टार्टअप्स को पहचान मिली है, बल्कि छात्रों को भी रियल-वर्ल्ड एक्सपीरियंस मिला है।
-अजय कुमार सूद, प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर

हमारा मकसद भारत के क्रिएटिव टैलेंट को स्किलिंग और ट्रेनिंग देकर और भी मजबूत बनाना है।
-महिमा कौल, डायरेक्टर, नेटफ्लिक्स इंडिया

विचार

सफलता की राह खुद पर भरोसे पर चलीन से शुरू होती है। जब आप अपनी क्षमताओं पर भरोसा करते हैं, तो हर चुनौती आसान हो जाती है।
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(Cristiano Ronaldo)

NBT स्मृति यादों के चिराग

आकस्मिक निधन

श्रद्धांजलि

संस्था के ट्रस्टी
श्री कीर्तिकुमार नानकचंद अग्रवाल
संस्था के हम सभी दिवंगत आत्मा के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित करते है व परम पिता परमात्मा से प्रार्थना करते है कि दिवंगत आत्मा को चिरशांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें
-: श्रध्दांवत :-
बम्बई अग्रवाल सामूहिक सम्मेलन (रजि.)
के सभी ट्रस्टीगण, कार्यकारणी सदस्य, थाने समिती, भायंदर समिती एवं आजीवन सदस्य.

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

BOOK OBITUARY ADS
To book an Obituary Ad Please contact:
Jitendra Bericha 9820 137 295 | Jitesh Dominic 9867 407 521
Asif Faridi 9594 343 468
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

हर रविवार को क्लासरूम में बदल जाता है एक RWA ऑफिस

Mini.Thomas
@timesofindia.com

■ **बेंगलुरु:** जैसे बड़े शहर में, जहां अलग-अलग राज्यों से लोग रहते हैं, वहां की स्थानीय भाषा कन्नड़ सीखना कई बार चुनौती बन जाता है। लेकिन पाई लेआउट में रहने वाले लोगों ने इसका प्यारा हल खोज निकाला है। यहां की रॉजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (RWA) हर रविवार अपने ऑफिस को एक स्कूल में बदल देती है, जहां मुफ्त में कन्नड़ सिखाई जाती है। इस पहल की प्रेरणा किसी भारतीय से नहीं, बल्कि अमेरिकी महिला विक्की बेल्चर से मिली। टेक्सास से आई विक्की ने बेंगलुरु की बेन्नीगनहल्ली झील पर काम करते हुए कन्नड़ से प्यार कर लिया और सिर्फ तीन महीनों में इसे बोलना, पढ़ना और लिखना सीख लिया। उन्होंने बताया कि स्थानीय भाषा में बात करने पर लोग बहुत खुश हुए और उन्हें चाय-मिठाई दी। विक्की की लगन देखकर पाई लेआउट के लोग भी कन्नड़ सीखने के लिए प्रेरित हुए।

विक्की बेल्चर

बच्चों से बुजुर्ग तक होते हैं शामिल

हर रविवार को शाम 4 बजे से 6 बजे तक यहां क्लास लगती है। यहां सीखने वाले भी छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल होते हैं। क्लासेस पूरी तरह से फ्री हैं। यहां पढ़ाने का काम 'एस. बाला' करते हैं। खास बात यह है कि बाला खुद एक सैर-कन्नड़ भाषी हैं। क्लास में आने वाली सीता रामाटाइन कहती हैं कि कन्नड़ न आने की वजह से कई बार स्थानीय लोगों से जुड़ने का मौका छूट जाता था, अब शौक से क्लास लेती हैं।

संतुलन का मंत्र | भारत के योग को दुनिया भर में फैला रहे हैं ये एक्सपर्ट

सेहत की जंग में उम्मीद जगा रहे ग्लोबल योग गुरु

योग सिर्फ सुबह में पार्क में की जाने वाली कसरत भर नहीं रहा। आज यह दुनिया के बड़े अस्पतालों में कई गंभीर बीमारियों के इलाज का अहम हिस्सा बन चुका है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित विश्व स्वास्थ्य संगठन के 'परंपरागत चिकित्सा शिखर सम्मेलन' में योग की इस वैश्विक ताकत की एक खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के उन योग साधकों और संस्थाओं को 'प्रधानमंत्री योग पुरस्कार' से सम्मानित किया, जिन्होंने योग के जरिए दुनिया भर में लोगों की जिंदगियां बदली हैं। बता रहे हैं राजेश मिश्रा :

कैंसर के खिलाफ योग का इस्तेमाल

अमेरिका स्थित डिस्नीज कैंसर इंस्टीट्यूट में सर्जरी और रेडिएशन की प्रोफेसर डॉ. कैरन मस्टियन कैंसर के मरीजों के इलाज में योग का इस्तेमाल कर रही हैं। उनका शोध कैंसर के इलाज के दौरान होने वाले साइड इफेक्ट्स और दर्द में योग की भूमिका पर आधारित है। डॉ. कैरन ने कहा कि, 'प्रधानमंत्री योग पुरस्कार मेरे उस शोध और कार्य की पहचान है, जिसमें कैंसर रोगियों के सहायक उपचार के रूप में योग का अध्ययन किया गया है। योग के साथ-साथ कई अन्य अयुष पद्धतियां भी कैंसर रोगियों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती हैं।'

वैज्ञानिक इलाज को बनाया आधार

दक्षिण कोरिया के **प्रो. जियो लॉन्ग ली** ने योग को सिर्फ आस्था नहीं, बल्कि विज्ञान से जोड़ा है। उन्होंने दक्षिण कोरिया में योग के जरिए प्रिवेंटिव हेल्थ (बीमारियों को होने से पहले रोकना) और थेरेप्यूटिक बेनिफिट्स (इलाज के फायदे) पर काम कर इसे डॉक्टरों के बीच भी लोकप्रिय बनाया है। प्रो. जियो लॉन्ग ली ने कहा, 'योग के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मैं कोरिया में योग के शिक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखूंगा।'



डिप्रेशन के खिलाफ जंग

पीएम योग अवॉर्ड से सम्मानित मिस्र की **अमीरा अहमद फहमी इब्राहीम** ने पिछले 30 सालों में वहां की महिलाओं और युवाओं को डिप्रेशन और एंग्जायटी से बाहर निकालने के लिए योग को 'जीवन पद्धति' के रूप में स्थापित किया है। अमीरा के मुताबिक, 'योग ने मेरा जीवन पूरी तरह बदल दिया। मेरी सोच, नींद, चलना-फिरना, सब कुछ। योग केवल अभ्यास नहीं, जीने की एक पद्धति है। यही संदेश मैं अपने विद्यार्थियों को देती हूं कि योग सबके लिए है। योग जीवन का आधार है और संतुलन ही योग का मूल भाव है।'

हेल्थ सर्विस से योग को जोड़ा

पुरस्कार पाने वालों में शामिल ब्राजील के **मार्कस विनिसियस रोजो रोड्रिग्स** ने योग को पब्लिक हेल्थ सर्विस से जोड़ दिया है। हाई बीपी, डायबिटीज और मोटापे से जुड़ी बीमारियों को रोकने के लिए योग का इस्तेमाल कर रहे हैं। यूके की संस्था 'द ब्रिटिश लीग ऑफ योग' ने योग सिखाने के लिए कड़े सुरक्षा मानक और साइंटिफिक तरीके तैयार किए हैं, ताकि लोग बिना किसी चोट के इसे अपना सकें। क्रोएशिया के योगाचार्य जाद्रावो मिलोसेव ने कहा, पारंपरिक चिकित्सा के ज्ञान में भारत सर्वोत्तम स्थान है।

योग ने दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सद्भाव का रास्ता दिखाया है। ये सभी विजेता योग के प्रति अनुशासन और समर्पण की मिसाल हैं। इनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है। -नरेंद्र मोदी, पीएम

भारत के नेतृत्व में योग वैश्विक जीवनशैली आंदोलन बन चुका है, जो सभी स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए संतुलित, टिकाऊ और समग्र समाधान पेश करता है।
-प्रतापराव जाधव, केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय

ठंड में नाइट पट्रोलिंग कर रहे पुलिसवालों के लिए खास पहल

जब गिर रहा पारा, तो गर्म सूप-दूध बना सहारा

Neel.Kamal@timesofindia.com

■ **बठिंडा:** कड़ाके की ठंड में लंबी रातों तक ड्यूटी करना आसान नहीं होता। इसे देखते हुए पंजाब की बठिंडा पुलिस ने रात में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए एक सराहनीय पहल शुरू की है। पीसीआर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को ठंड से बचाने के लिए उन्हें गर्म मंचाऊ सूप और गर्म दूध दिया जा रहा है। बठिंडा में बीते बुधवार को न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री दर्ज किया गया था, जो पूरे राज्य में सबसे कम था। कड़ाके की ठंड में बठिंडा के 'ग्रीनी सिटी-1 अमृतपाल सिंह भाटिया खुद फायर ब्रिगेड चौक पर पहुंचे और उन्हें ड्यूटी कर रहे पुलिसवालों को सूप और दूध परोसा। उन्होंने बताया, वे लगातार रात में ड्यूटी करने वाले पुलिसवालों के संपर्क में हैं और यह पहल उनके लिए समर्थन और हौसले का एक छोटा सा प्रयास है।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP11 User: dinesh.chakravarty Time: 01-13-2026 23:14 Color:

NPS खाते बढ़ाने को नियम बदलने की आस

NBT रिपोर्ट, गुड़गांव : पेंशन रेगुलेटर PFRDA के चेयरपर्सन एस. रामन ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में नियमों में इस तरह के बदलाव किए जाएंगे, जिससे पर्याप्त संख्या में NPS (नैशनल पेंशन सिस्टम) खाते सुनिश्चित किए जा सकें।

एस. रामन

उन्होंने कहा कि पेंशन एक सरकारी कॉन्सेप्ट के तौर पर देखा जाता है, जिसे बदला जाना जरूरी है। इसे वेल्थ क्रिएशन के तौर पर देखना होगा। इसके लिए लोगों को खुद जल्द शुरुआत करनी होगी। PFRDA चेयरपर्सन ने 'पेंशनबाजार' की शुरुआत करते हुए यह बात कही, जिसके दायरे में एनपीएस और रिटायरमेंट से जुड़े दूसरे समाधानों को एक ही मंच पर पेश किया जा रहा है। 'पेंशनबाजार' चलाने वाली कंपनी फैमी फिनटेक के चेयरमैन यशवंत दाहिया का कहना है कि यह प्लैटफॉर्म लॉन्च टर्म में वेल्थ क्रिएशन को बढ़ावा देगा।

बुजुर्ग घर बैठे जमा कर सकेंगे लाइफ सर्टिफिकेट

NBT रिपोर्ट : EPFO ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (IPPB) के साथ मिलकर पेंशन पाने वालों के लिए एक खास सुविधा शुरू की है। अब EPS पेंशनर्स को अपना लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिए बैंक या सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। ET के मुताबिक, डाकिया खुद आपके घर आएगा और डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (DLC) जमा करने में आपकी मदद करेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि इस सर्विस के लिए पेंशनर्स को एक भी पैसा नहीं देना होगा।

9 जनवरी को जारी EPFO के सर्कुलर के मुताबिक, यह सर्विस खासतौर पर उन बुजुर्गों के लिए है जिन्हें चलने-फिरने में दिक्कत होती है या जिन्हें स्मार्टफोन और बैंक जाने में परेशानी आती है। डाकिया या डाक सेवक उन पेंशनर्स के घर जाएंगे जिनका लाइफ सर्टिफिकेट जमा होना बाकी है। पेंशनर्स के लिए यह पूरी तरह मुफ्त है।

रिटायरमेंट के बाद NPS से पक्की पेंशन का इंतजाम!

PFRDA ने गाइडलाइंस के लिए एक कमिटी बनाई

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी (PFRDA) ने नैशनल पेंशन सिस्टम (NPS) के सब्सक्राइबर्स के लिए रिटायरमेंट के बाद नियमित और निश्चित पेंशन की व्यवस्था की दिशा में कदम बढ़ाया है। PFRDA ने एक हाई लेवल की कमिटी को दिशानिर्देश और नियम तय करने का जिम्मा दिया है, जिनके आधार पर एग्जिट पेमेंट का फ्रेमवर्क बनाया जा सके। यह कमिटी लॉक-इन पीरियड, विड्रॉल लिमिट और फी स्ट्रक्चर से लेकर मार्केट बेस्ड गारंटी तक के तरीकों पर विचार करेगी। इस 15 सदस्यों वाली समिति की कमान इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष डॉ एम एस साहू को सौंपी गई है। फाइनैंस मिनिस्ट्री ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा, 'यह कदम PFRDA ऐक्ट के प्रावधानों के अनुसार है और इसका उद्देश्य सब्सक्राइबर्स के लिए रिटायरमेंट इनकम की सिक्योरिटी बढ़ाना है।'

मिनिस्ट्री ने कहा कि साहू की अध्यक्षता में बनी समिति 'स्ट्रक्चर्ड पेंशन पेआउट्स' पर एक अडवाइजरी कमिटी है। कमिटी पेंशन स्कीम्स सहित एग्जिट पेआउट के नियमों का सुझाव देगी। यह ऐसे नियमों पर भी विचार करेगी, जिससे कंट्रिब्यूशन से पेआउट फेज में आसानी से ट्रैंजिशन हो। कमिटी मार्केट आधारित गारंटीज और कानूनी रूप से लागू किए जा सकने वाले सेटलमेंट कॉन्सेप्ट्स के बारे में राय देगी। कमिटी को लॉक-इन पीरियड, विड्रॉल लिमिट, प्राइसिंग मैकेनिज्म और फी स्ट्रक्चर के बारे में सुझाव देने को भी कहा गया है। यह भी देखा जाएगा कि एनपीएस में बने रहते हुए सब्सक्राइबर को जो पेमेंट मिले, उस पर किस तरह टैक्स लगना चाहिए। कमिटी मिस-सेलिंग रोकने के लिए मानक नियमों के बारे में भी राय देगी।

AI Image

अभी क्या है सिस्टम?

- NPS में रिटर्न मार्केट लिंक्ड होता है। गैर-सरकारी सब्सक्राइबर NPS से तय समय के बाद एग्जिट करते वक्त फंड का 80% तक हिस्सा निकाल सकते हैं और 20% से उन्हें अनिवार्य रूप से पेंशन प्रोडक्ट लेना होता है।
- फिलहाल केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए घोषित यूनिफाइड पेंशन स्कीम में एश्योर्ड पेआउट की व्यवस्था है।
- इसमें केंद्र सरकार के कर्मचारियों को रिटायरमेंट से ठीक पहले के 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन के 50% के बराबर पेंशन की गारंटी होती है, बशर्ते वे 25 साल तक सेवा में रहे हों।
- सर्विस पीरियड इससे कम होने पर आनुपातिक रूप से पेआउट की व्यवस्था है।

615 अंकों की गिरावट के बाद संभला बाजार

AI Image

NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय शेयर बाजार में एक दिन की राहत के बाद मंगलवार को फिर से गिरावट देखने को मिली। रिलायंस इंडस्ट्रीज, L&T और एयरटेल में हुई बिकवाली और अमेरिका की तरफ से टैरिफ बढ़ाए जाने की चिंता ने निवेशकों को निराश किया। सेंसेक्स 250.48 अंक (0.30%) गिरकर 83,627.69 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 615 अंकों तक की बड़ी गिरावट भी आई थी। निफ्टी भी 57.95 अंक (0.22%) लुढ़क कर 25,732.30 पर आ गया। TCS के कमजोर नतीजों ने मार्केट सेंटिमेंट को बिगाड़ा। बीएसई स्मालकैप इंडेक्स 0.46% चढ़ गया, जबकि मिडकैप में 0.16% की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, दिल्ली में चांदी की कीमत 6,000 रुपये उछलकर 2,71,000 रुपये प्रति किलो के नए ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई। सोना भी 400 रुपये महंगा होकर 1,45,000 प्रति 10 ग्राम के रेकॉर्ड लेवल पर जा पहुंचा।

ईरान से बिजनेस पर 25% शुल्क की चेतावनी

निर्यातक बोले- ट्रंप के ईरानी टैरिफ का पड़ सकता है असर

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

AI Image

नई दिल्ली : अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि ईरान से बिजनेस करने वाले देशों से अमेरिका आने वाले माल पर 25% टैरिफ लगेगा। ट्रंप के इस फैसले से भारत, चीन और यूएई जैसे देशों में चिंता बढ़ गई है। भारत के निर्यातकों ने इस मुद्दे पर अलग-अलग प्रतिक्रियां दी हैं। PHDCCI के CEO रंजीत मेहता ने कहा, 'अगर यह 25% टैरिफ पहले से लागू 50% टैरिफ पर जोड़ा जाता है तो अमेरिका को भारत से टेक्सटाइल्स एंड अपैरल, जेम्स एंड जूलरी, लेदर एंड फुटवियर, ऑटोमोबाइल कंपोनेंट्स, केमिकल प्रोडक्ट्स और समुद्री उत्पादों के निर्यात पर बड़ा असर पड़ेगा।'

'कोई असर नहीं'

वहीं, ट्रंप की घोषणा से भारत पर असर नहीं पड़ने की बात करते हुए निर्यातकों के संगठन FIEO ने कहा, 'ईरान के साथ अधिकतर चीजों का व्यापार मानवीय आधार पर हो रहा है। ये पाबंदी अमेरिकी प्रतिबंधों के दायरे से बाहर हैं। इसलिए FIEO का मानना है कि ईरान के साथ कारोबार करने वाले किसी भी देश पर 25% अतिरिक्त टैरिफ की जो घोषणा अमेरिका ने की है, उसका भारत पर लगभग कोई असर नहीं होगा।'

'US का रुख साफ नहीं'

PHDCCI के प्रेसिडेंट राजीव जुनेजा ने कहा, 'अमेरिका के इस 25% टैरिफ का मतलब यह नहीं है कि कुल टैरिफ 75% मान लिया जाए। अभी अमेरिकी अधिकारियों ने कोई टैरिफ शेड्यूल या कस्टम्स गाइडेंस जारी नहीं किया है। उन्होंने यह नहीं बताया कि किन चीजों या सेवाओं पर यह अतिरिक्त टैरिफ लगेगा। यह भी साफ नहीं है कि ईरान के साथ बिजनेस करने का क्या मतलब है।'

'बड़ी चिंता की बात'

जेम्स एंड जूलरी सेक्टर के बारे में कामा जूलरी के एमडी कोलिन शाह ने कहा कि अगर अतिरिक्त 25% टैरिफ लागू हुआ तो इससे अमेरिका को इस सेक्टर का निर्यात और प्रभावित होगा। उन्होंने कहा, 'अमेरिकी टैरिफ बढ़ना बड़ी चिंता की बात है क्योंकि वैश्विक अनिश्चितता और ऊंची ब्याज दरों के चलते दुनिया में डिमांड पहले ही कमजोर चल रही है। कुल टैरिफ 75% हो जाने पर अमेरिका में ड्रॉइंग प्रोडक्ट बहुत महंगे हो जाएंगे। डायमंड स्टडेड और हैंडमेड गोल्ड जूलरी में मार्जिन पहले से काफी कम है। अतिरिक्त टैरिफ लगने पर ऑर्डर रुक सकते हैं, कॉन्ट्रैक्ट्स पर नए सिरे से बातचीत करनी पड़ सकती है और अमेरिकी खरीदार सप्लाई के लिए दूसरे देशों का रुख कर सकते हैं।'

प्रॉपर्टी मार्केट में सुस्ती, पर नए घरों की सप्लाई बढ़ी : रिपोर्ट

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अक्टूबर-नवंबर-दिसंबर (OND) 2025 तिमाही में बड़े शहरों में घरों की मांग तिमाही के हिसाब से 8.7% घट गई, जबकि सप्लाई 3.4% बढ़ गई। Magicbricks' के ताजा PropIndex रिपोर्ट के मुताबिक, इस तिमाही में घरों की कीमतें तिमाही आधार पर 1.5% और सालाना आधार पर 16.9% बढ़ी। यह पिछले दो साल में दाम बढ़ने की सबसे धीमी रफ्तार है, जो यह दिखाती है कि मार्केट अब ज्यादा किफायती और सही कीमत पर आधारित हो रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सेटर नोएडा (+9.6%), गुरुग्राम (+6.6%), ठाणे (+5.1%) और नोएडा (+4.8%) नई सप्लाई बढ़ाने वाले प्रमुख शहर बनकर उभरे। यह रिकवरी ज्यादातर मिड और अपर-मिड सेगमेंट में दिखी। क्योंकि डिवेलपर्स ने नई लॉन्चिंग को ज्यादा से ज्यादा एंड-यूजर (खुद रहने वालों) की जेब के हिसाब से सेट करना शुरू कर दिया है। NCR में मिड और अपर-मिड सेगमेंट की सप्लाई सेटर नोएडा और गुरुग्राम (दोनों +27.3%) और नोएडा (+13.4%) में तेजी से बढ़ी। लग्जरी सेगमेंट की सप्लाई में हल्की सुस्ती दिखी। गुरुग्राम में 3 करोड़ रुपये तक के घरों की सप्लाई 32.5% बढ़ी, जबकि 5 करोड़ रुपये से ऊपर वाले लग्जरी सेगमेंट में यह बढ़त सिर्फ 14.2% रही। मुंबई में भी कुछ ऐसा ही ट्रेंड नजर आया, जहां 5 करोड़ रुपये तक के घरों की सप्लाई 10.2% बढ़ी, जबकि 9 करोड़ रुपये से ऊपर के घरों की लिस्टिंग तिमाही आधार पर 8.5% घट गई। बेंगलुरु इकलौता ऐसा बड़ा शहर है जहां लग्जरी घरों का क्रेज कम नहीं हुआ है।

Magicbricks' ने जारी की PropIndex रिपोर्ट

काम के हर फीचर में भरोसेमंद बनने की चुनौती

गैजेट रिव्यू

NBT टेक टीम

Oneplus 15R
दाम: 44,999 रु.(256 जीबी)
49,999 रुपये (512 जीबी)

वनप्लस (Oneplus) की R सीरीज प्रीमियम एक्सपीरियंस और किफायती प्राइसिंग का संतुलन है और इसने अपना एक अलग फैनबेस बना लिया है। इस बार के फ्लैगशिप का R वर्जन यानी 15R जब आया तो उसका इम्प्रेशन मिस्टर डिपेंडेबल बनने का रहा। R सीरीज उन कोर फीचर्स पर फोकस करती है जो अधिकतर यूजर के लिए ज्यादा काम के होते हैं। जानते हैं 15R इन पर कितना खरा उतरता है। यह फोन 12 जीबी रैम के साथ 256 जीबी और 512 जीबी स्टोरेज विकल्प में आता है, दाम 44999 रुपये और 49999 रुपये है।

Oneplus 15R प्रीमियम लेवल की पावर और रोजमर्रा की जिंदगी में संतुलन देता है। डिजाइन में यह फोन बड़ा और ठोस है, काफी कुछ वनप्लस 15 जैसा, सिवाय कैमरा मॉड्यूल के। पीछे का ग्लास और फ्रेम, साथ ही फ्लैट एजेज अच्छी पकड़ देते हैं और 6.83-इंच की फुल एचडी प्लस स्क्रीन पर देखने में एक अच्छा अनुभव मिलता है। ब्राइटनेस दिन में भी मजबूत रहती है और कलर्स गहरे और नैचुरल दिखते हैं इसलिए विडियो, फोटो और गेमिंग (165 Hz तक एडैप्टिव रिफ्रेश रेट) में स्क्रीन का अनुभव अच्छा रहता है। Gorilla Glass 7i की सुरक्षा भी दी गई है, जिससे यह रोजाना के गिरने-फिसलने से बेहतर बचता है।

प्रोसेसर के मामले में Snapdragon 8 Gen 5 चिपसेट फोन को सिर्फ तेज नहीं बल्कि भविष्य को देखते हुए तैयार किया गया है। यह वही चिप है जो आज के कई महंगे फ्लैगशिप में मिलता है और इससे ऐप्स, गेम्स और मल्टी टास्किंग सभी सहज रूप से होते हैं। ऐनी इन्टेन्साल में अगर आप एक साथ कई ऐप्स खोलते हैं या हाई-एंड गेम्स खेलते हैं, तो फोन में बहुत कम रुकावट महसूस होती है। रैम और स्टोरेज भी नए LPDDR5x और UFS 4.1 मानक पर है, जो डेटा एक्सेस को बहुत तेज बनाता है। थर्मल मैनेजमेंट बेहतर है, इसलिए लंबे गेमिंग सेशन में फोन ज्यादा गर्म नहीं होता। यह संतुलन वनप्लस फोन की Cryo Velocity Cooling तकनीक से आता है।

कैमरा सिस्टम सरल, पर असरदार है। 50MP का मुख्य कैमरा रोजमर्रा की तस्वीरों के लिए अच्छा है, दिन में डिटेल्स साफ दिखती हैं और कलर्स भी मजबूत रहते हैं। 8MP का अल्ट्रा-वाइड लेंस अच्छे ग्रुप शॉट्स या लैंडस्केप के लिए ठीक है। टेलीफोटो लेंस नहीं और उस तरह के जूम फीचर नहीं है, लेकिन सामान्य उपयोग में आप सोशल मीडिया और यादों को खूबसूरत तरीके से कैप्चर कर सकते हैं। सेल्फी के लिए 32MP कैमरा भी अच्छा और तेज फोकस के साथ आता है।

फोन Android 16 पर OxygenOS 16 के साथ आता है, जिसमें सिस्टम को कलीन और सहज रखा गया है। यहीं पर AI संबंधित फीचर्स भी है जैसे Plus Mind, जो आपकी जानकारी को बचाकर बाद में आसानी से ढूंढने और सार बनाने में मदद करता है। ये छोटे-छोटे सुधार रोजमर्रा के स्मार्टफोन एक्सपीरियंस को और बेहतर बनाते हैं। 15 की तरह ही इसमें भी एआई से फोटो इरेजर बहुत शानदार काम करता है, अनचाहे ऑब्जेक्ट्स को हटाने में।

बैटरी इस फोन का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट है। 7,400mAh की बैटरी वनप्लस के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी है और यह सामान्य उपयोग में डेढ़ सौरा समय देती है, एक दिन से ऊपर भी, यह हल्के उपयोग में दो दिनों तक चलती है। 80W SUPERVOOC फास्ट-चार्जिंग से इसे लगभग एक घंटे के अंदर पूरा चार्ज कर सकते हैं, जो बिजी दिनों में बहुत काम आता है।

वनप्लस 15R में एक संतुलित स्मार्टफोन अनुभव मिलता है जो पावरफुल प्रोसेसर, टिकाऊ बिल्ड, अच्छी स्क्रीन, लंबी बैटरी लाइफ और रोजमर्रा के कैमरा-किस्म के लिए पर्याप्त कैमरा सेट-अप के साथ एक ऐसे फोन की तरह लगता है जो ज्यादातर यूजर्स की जरूरतें पूरा करता है। यह उस वर्ग के लोगों के लिए खास है जो हर दिन फोन से तेज, भरोसेमंद और लंबी बैटरी वाला अनुभव चाहते हैं। आप एक समग्र रूप से बैलेंस्ड, परफॉर्मेंस सेंट्रिक फोन चाहते हैं, तो 15R अच्छा विकल्प है।

आमिर खान की फिल्म के अवैध प्रसारण पर रोक

आमिर खान की फिल्म 'हैपी पटेल: खतरनाक जासूस' को पाइरेसी से बचाने के लिए मद्रास हाई कोर्ट ने सख्ती की है। कोर्ट ने फिल्म के अनधिकृत प्रसारण व ऑनलाइन लीक पर रोक लगाने का आदेश पारित किया है।

@sharadkelkar

ऐक्टर शरद केलकर जितने ज़हीन कलाकार हैं, निजी ज़िंदगी में उतने ही सफल फैमिली मैन। इन दिनों वह चर्चा में हैं अपनी वेब सीरीज तस्करी को लेकर। ऐसे में, एक खास मुलाकात के दौरान हमने उनसे पर्सनल और प्रफेशनल चॉइसेज पर की बातचीत:

पत्नी कीर्ति के साथ शरद

शरद केलकर

'सफल शादी के 3 सूत्र- प्यार, वक्त और सम्मान'

Upma.Singh@timesofindia.com

Q शो में आप नेगेटिव रोल में हैं। पहले भी आपने नकारात्मक भूमिकाएं की हैं। क्या नेगेटिव रोल ऐक्टर को ज्यादा खेलने का मौका देते हैं?

हां, आपको थोड़ा ज्यादा खेलने की आजादी होती है लेकिन असल में विलेन भी अपनी नजर में हीरो ही होता है, बस उसकी सोच गलत होती है। अपने दिमाग में वह हीरो है कि मैं जो कर रहा हूं सही कर रहा हूं। अपने लिए कर रहा हूं और बतौर ऐक्टर आपको भी ऐसे ही सोचना होता है। अगर आप ये सोचने लगेंगे कि ये कैरेक्टर गलत कर रहा है तो वो असहजता आपके चेहरे पर दिखेगी। इसलिए, बतौर ऐक्टर आप उसे जस नहीं कर सकते। आपको उसे अपनाना पड़ेगा। हालांकि, कभी-कभी ऐसा लगता है कि यार, ये कैसा आदमी है? जैसे मुझे याद है जब मैं ऑपरेशन रोमियो कर रहा था तो सातवें-आठवें दिन बहुत परेशान हो गया कि यार, ये मैं नहीं हूं। क्या गंदा काम कर रहा हूं तो मैं नीरज पांडे सर के ऑफिस पहुंचा और बोला कि सर, मुझे बहुत तकलीफ हो रही है। खुद से घिन आ रही है कि ये मैं क्या कर रहा हूं तो उन्होंने कहा- तुझे बहुत खराब लग रहा है न, तो ऐसे ही करते रह क्योंकि तभी लोगों को भी वैसा लगेगा। यही एक ऐक्टर की सफलता है कि लोगों को वह किरदार दिखे, शरद केलकर न दिखे।

Q आप ऐक्टर होने के साथ पिता भी हैं। कभी बेटी केशा की वजह से कोई चॉइस बदली है कि मुझे ये चीजें नहीं करनी हैं?

नहीं, बिल्कुल नहीं। अभी तो वो बहुत छोटी है। सिर्फ 12 साल की होने वाली है, मगर वह खुद चिल्टर करती है। स्कूल के नाटकों में परफॉर्म करती है। गाना गाती है तो इस दुनिया से अवेयर है। हालांकि, उसने फिल्में कभी पूरी देखी नहीं हैं। एकाध कोई फिल्म देखी होगी लेकिन वो जानती है कि रिएलिटी और ऐक्टिंग बहुत अलग-अलग चीजें हैं, क्योंकि वो खुद ऐक्टिंग करती है तो उसे पता है कि मैं एक किरदार निभा रहा हूं। इसलिए, मुझे यह डर नहीं है कि कभी वो ये बोलेगी कि पापा, आपने ऐसा कैरेक्टर क्यों किया? उतनी समझ उसमें है, क्योंकि मैं और मेरी पत्नी कीर्ति दोनों ऐक्टर हैं तो वह इस दुनिया से वाकिफ है। हालांकि, उसे फिल्मों में ज्यादा रुचि नहीं है। उसका रुझान म्यूजिक की ओर ज्यादा है। वह गाना गाती है।

Q आपने पत्नी कीर्ति केलकर का जिक्र किया, जिनके साथ आपकी शादी को दो दशक हो गए। आज के समय में जहां प्यार के रिश्ते इतने नाजुक हो गए हैं, सफल शादी का क्या सूत्र मानते हैं?

प्यार सबसे जरूरी चीज है। दूसरे सम्मान बहुत जरूरी है और वक्त जो एक दूसरे को देना चाहिए। ये तीन चीजें बहुत जरूरी हैं। ये तीन चीजें अगर आप एक दूसरे को देते तो सब आसान है। मुझे लगता है कि रिश्ता निभाना इतना भी मुश्किल नहीं है, हम बस उसे कॉम्प्लिकेटेड बना लेते हैं। बहुत छोटी-छोटी चीजें होती हैं, जिसे आपसी समझ से सुलझा सकते हैं। हमारी जब शादी हुई थी तब ये सुनते थे कि इनकी शादी को दस साल, 12 साल हो गए तो हैरानी होती थी। आज हमें खुद 21 साल हो गए और कैसा ही महसूस होता है जैसे जब शादी हुई थी। हमें एक थोड़ा सा फायदा ये है कि हम दोनों ही ऐक्टर हैं तो एक दूसरे को बेहतर ढंग से समझते हैं।

Q अपनी वेब सीरीज तस्करी में बड़े चौधरी का किरदार निभाने का अनुभव कैसा रहा? सुना है उसके लिए 8 किलो वजन कम किया?

मैं नीरज सर (शो के रनर नीरज पांडे) के साथ 6-7 साल से काम कर रहा हूं। ये मेरा तीसरा प्रॉजेक्ट है। मुझे उनके संग काम करने में बहुत मजा आता है, क्योंकि उनकी राइटिंग में बहुत क्लैरिटी होती है। मैंने उनके साथ काम करते हुए बहुत सीखा है। वह सब कुछ बहुत अच्छे से समझाते हैं, फिर आपको छोड़ देते हैं कि अपने हिसाब से करो। आपको किसी दायरे में नहीं बांधते, जो ऐक्टर के लिए बहुत बड़ी बात है। इसमें बड़े चौधरी के किरदार की खासियत यह है कि वह टिपिकल विलेन नहीं है। उसकी एक बढ़िया सी बैक स्टोरी है। वह एक आम सा दिखने वाला बिजनेसमैन है, मगर वो क्या कर रहा है, कैसे कर रहा है, वो रोचक है। रही बात वजन कम करने की, तो असल में मैं मोटा था तो नॉर्मल हुआ। ऐसा कोई वजन घटाया नहीं है। मैं बहुत फूडी हूं तो बहुत खाता रहता हूं, इसलिए वजन थोड़ा बढ़ गया था, तो थोड़ा कंट्रोल किया।

बॉलिवुड बोला, लोहड़ी दी लख-लख वधाइयां...

@nimratofficial



लोहड़ी के खास मौके पर बॉलिवुड सितारों ने भी फैंस को शुभकामनाएं दीं और खुशियां साझा कीं। निमरत कौर ने एक फोटो शेयर किया जिसमें वह पूजा की थाली लेकर आग के सामने खड़ी हैं। उन्होंने फोटो के ऊपर लिखा, 'सभनी को लोहड़ी की शुभकामनाएं।' अक्षय कुमार ने भी सोशल मीडिया पर लिखा, 'सारेयां नूं लोहड़ी दियां लख लख वधाइयां'।

शिल्पा शेट्टी ने एक प्यारा सा कैप्शन लिखते हुए सभी को लोहड़ी की बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'यह पर्व हंसी, खुशी और परिवार के साथ बिताए गए खास पलों का प्रतीक है।' शिल्पा ने यह भी कामना की कि लोहड़ी की आग सभी की जिंदगी से निगेटिविटी दूर कर दे और केवल रोशनी और खुशियां लेकर आए। रकुलप्रीत सिंह ने ढोल बजने का एक स्टीकर शेयर करते हुए लोहड़ी की बधाइयां दीं। राशि खन्ना ने भी एक बातचीत के दौरान परिवार के साथ मनती मेरे अंदाज में लोहड़ी का त्योहार मनाने की बात कही है।

यश की फिल्म के टीज़र पर हुआ विवाद, महिला आयोग में हुई शिकायत

यश की फिल्म टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स का टीजर रिलीज होते ही विवादों में घिर गया है। एक राजनीतिक दल की महिला विंग ने कर्नाटक राज्य महिला आयोग में टीजर को लेकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि टीजर में दिखाए गए कुछ दृश्य अश्लील हैं और राज्य के सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि टीजर सार्वजनिक रूप से दिखाने लायक नहीं है और ऑनलाइन देखने वाली महिलाओं, बच्चों और नाबालिगों पर इसका गलत असर पड़ सकता है। शिकायतकर्ता ने गुजारिश की है कि टीजर को तत्काल विड्रॉ या कैंसिल किया जाए।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP12 User: cci Time: 01-13-2026 23:38 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज हुआ था पहला सफल C-Section

आज के दिन 1794 में अमेरिका में डॉ. जेसी बेनेट (Jesse Bennett) ने मेडिकल इतिहास का एक बड़ा धमाकेदार किया था। उन्होंने अपनी पत्नी एलिजाबेथ (Elizabeth) का पहला सफल सी-सेक्शन (C-Section) ऑपरेशन किया। उस समय न तो बेहोशी की दवाए थी और न ही आधुनिक उपकरण, फिर भी मां और बच्ची दोनों सुरक्षित बच गए। हालांकि, लिखित सबूतों की कमी से इसे लेकर इतिहासकारों में विवाद है।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स । मुंबई बुधवार, 14 जनवरी 2026, पेज 12

हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में होगा सेफ विकल्प

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में सी-सेक्शन एक हाई-प्रिसिजन बायो टेक प्रक्रिया होगा। AI और रोबोटिक तकनीक गर्भवती महिला के शरीर और जीन डेटा के आधार पर डिलीवरी का सबसे सुरक्षित तरीका तय करेंगी। नैनो-टेक्नॉलजी से ब्लेड कम कट लगेंगे और शरीर तेजी से खुद को ठीक कर लेगा। इंफेक्शन और दर्द लगभग खत्म होंगे। मां और बच्चे दोनों के लिए यह प्रक्रिया 99.9% तक सेफ होगी। हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी में भी सी-सेक्शन सुरक्षित विकल्प बनेगा।



AI Images

'कोई गैप नहीं, जहां से आतंकी घुसें'

आर्मी चीफ बोले- ड्रोन आने पर पाकिस्तान से कहा, हमें ये मंजूर नहीं, इस पर लगाम लगाएं

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पिछले दिनों एलओसी के पास पाकिस्तान की तरफ से कुछ ड्रोन आए थे जिन्हें खदेड़ दिया गया। NBT के सवाल के जवाब में आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से कुछ छोटे ड्रोन आए थे। 10 जनवरी के आसपास 6-7 ड्रोन देखे गए थे। 11-12 जनवरी को 2 से 3 ड्रोन देखे गए। वे डिफेंसिव ड्रोन थे जो करीब आकर देखना चाहते थे कि कहीं उनके खिलाफ कोई कार्रवाई तो नहीं हो रही। हो सकता है कि वो ये भी देख रहे हों कि कहीं इंडियन आर्मी की तैनाती में कोई गैप तो नहीं है जहां से वो आतंकी भेज सकें।

आर्मी चीफ ने कहा कि उन्होंने देख लिया होगा कि आज की तारीख में ऐसा कोई गैप नहीं है जहां से पाकिस्तान आतंकी भेज सके। उन्होंने बताया कि मंगलवार को डीजीएमओ बातचीत हुई और पाकिस्तान से साफ कहा गया कि वे हमें मंजूर नहीं है और इसमें लगाम लगाएं। हमने फ्रंटलेन कमांड में भी ऐसी मीटिंग प्रपोज की है। उन्होंने कहा कि LAC पर हमारी तैनाती संतुलित और मजबूत है।

रॉकेट फोर्स की जरूरत: आर्मी चीफ ने कहा कि हमें रॉकेट-मिसाइल फोर्स की जरूरत है और ये जितना जल्दी हो जाए उतना अच्छा है।

LAC पर दोनों तरफ से भरोसा बढ़ाने की कोशिश: आर्मी चीफ

PTI

बाएं से, CDS जनरल अनिल चौहान, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी वाइस चीफ संजय वात्स्यायन, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह (नेशनल वॉर मेमोरियल में)

ऑपरेशन सिंदूर से मिली सीख

NBT के सवाल का जवाब देते हुए आर्मी चीफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से हमने कई सीख ली। हमने सीखा कि जो भी खबर देते है उसकी क्रेडिबिलिटी होनी चाहिए, साथ ही किसी भी नेरेटिव मैनेजमेंट सोचेन में डैक्यूम नहीं होना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से इंडियन आर्मी के वेस्टर्न फ्रंट से जुड़े हैडल थे, वे बंद कर दिए गए थे। सिंगल फोर्स ऑफ ट्रूथ इमेने एडीजेरैट्रेकॉम रखा था। इसलिए हमारी क्रेडिबिलिटी बहुत हाई थी। उन्होंने कहा कि हमने इसी ऑप्स ग्रुप और इसी ऑप्स डेस्क बनाए है।

बांग्लादेश आर्मी चीफ से नियमित बातचीत

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि हमारी तीनों सेनाओं का लगातार कम्युनिकेशन बांग्लादेश की मिलिट्री से है। उन्होंने कहा कि मेरी बांग्लादेश आर्मी चीफ से नियमित बातचीत होती है। आर्मी चीफ ने कहा कि हमारा मकसद ये है कि किसी तरह का मिसकम्युनिकेशन या मिसअंडरस्टैंडिंग ना हो। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की सेनाएं जो भी कार्यवाही कर रही है वह भारत विरोधी नहीं है। क्रेडिबिलिटी डिवेलपमेंट का काम हम भी करते है और वे भी कर सकते है।

ऑपरेशन सिंदूर का टर्निंग पॉइंट भी बताया

ऑपरेशन सिंदूर के टर्निंग पॉइंट का जिक्र करते हुए आर्मी चीफ ने कहा कि पहला टेनिंग पॉइंट 22 मिनट की स्ट्राइक थी उससे पाकिस्तान का डिसिजन मेकिंग साइकल हिल गया था। दूसरा टर्निंग पॉइंट 10 मई को सुबह तीनों सेनाओं को कुछ ऐसे निर्देश दे दिए गए थे कि अगर वे लड़ाई आगे बढ़ती है इसमें क्या होना था। उसे (पाकिस्तान) सेटेलाइट से पूरी खबर थी कि कौन सा शिप, या कौन सा स्ट्राइक कोर या कौन सा एयरक्राफ्ट कहां मूव कर रहा है।

हाल ही में पाकिस्तान की तरफ से कुछ ड्रोन आए थे। ये डिफेंसिव ड्रोन थे। हो सकता है कि वो ये देख रहे हों कि कहीं इंडियन आर्मी की तैनाती में कोई गैप तो नहीं, जहां से वो आतंकी भेज सकें। -आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी

इंफेंट्री या स्पेशल फोर्स में महिलाएं कब?

कॉम्बेट आर्म या स्पेशल फोर्स में महिलाओं की एंट्री के सवाल पर आर्मी चीफ ने कहा कि अगर स्टैंडर्ड और कैपेबिलिटी एक जैसी है और सोसयटी तैयार है तो इसे कल किया जा सकता है। मैंने पहले भी कहा है काली माता का रूप। महिलाओं को कमांडर कमेटिटी के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। अगले 3- 4 साल में पता चल जाएगा कि कितनी फीमेल ऑफिसर या सैनिक इस लेवल तक पहुंचते है। फिर हम पहले सपोर्टिंग आर्म खोलेंगे और कॉम्बेट आर्म और फिर स्पेशल फोर्स।

कजाकिस्तान में भारतीय छात्र की गई जान

■ **पीटीआई, अस्ताना:** कजाकिस्तान में सड़क दुर्घटना में एक भारतीय छात्र की मौत हो गई, जबकि दो भारतीय छात्राएं घायल हो गईं। भारतीय मिशन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना ओस्केमेन शहर में उस समय हुई, जब सेमेय मेडिकल यूनिवर्सिटी के 11 भारतीय मेडिकल स्टूडेंट एक शैक्षणिक भ्रमण से लौट रहे थे। भारतीय दूतावास ने X पर यह जानकारी दी।

साउथ कोरिया: पूर्व राष्ट्रपति के लिए मांगी मौत

■ **पीटीआई, दुबई :** साउथ कोरिया की राजधानी सोल (Seoul) की एक अदालत ने बताया है कि स्वतंत्र विशेष वकील ने पूर्व राष्ट्रपति **यून सुक योल** के खिलाफ मार्शल ला लागू करने के मामले में मौत की सजा की मांग की है। यह मांग दिसंबर 2024 में लगाए गए मार्शल लॉ से जुड़े विद्रोह के आरोपों के तहत की गई है। सिग्नेचर मेट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के अनुसार, स्वतंत्र वकील की टीम ने मंगलवार को हुई सुनवाई में यह मांग रखी।

SPEED News

फ्रांस में किसानों ने 350 ट्रैक्टरों के साथ संसद तक मार्च किया। किसान अपनी कम आय और दक्षिण अमेरिका के साथ ईयू की ट्रेड डील का विरोध कर रहे है।

File

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में शांति समिति के 4 सदस्यों की मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना बन्नू जिले में हुई।

File

रूस ने कड़ाके की ठंड के बीच यूक्रेन के पावर स्ट्रक्चर पर बड़ा हमला किया है। रूस ने 4 दिनों में दूसरी बार ड्रोन और मिसाइलों से बड़े स्तर पर बमबारी की।



File

कॉमिक स्ट्रिप डिल्बर्ट के रचयिता स्कॉट एडम्स का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। वह प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे, जो हड्डियों तक फैल चुका था।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

भ्रष्टाचार कानून पर बंटा SC, केस CJI के पास

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 17A को जस्टिस बी. वी. नागरत्ना ने असंवैधानिक करार दिया, जबकि जस्टिस के. वी. विश्वनाथन ने असंवैधानिक होने से इनकार किया और कहा कि सेक्शन का फैसला लोकपाल या लोकायुक्त को तय करना चाहिए। केस अब चीफ जस्टिस को भेजा गया है। धारा 17A (साल 2018 में हुए संशोधन) के तहत शर्तों के साथ किसी पब्लिक सर्वेंट के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच शुरू करने से पहले सरकार की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य है।

CJI सूर्यकांत

आतंक से संबंध का संदेह, 5 सरकारी कर्मी बर्खास्त

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवाद से संबंध के संदेह में मंगलवार को 5 सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दीं। उपराज्यपाल के प्रशासन ने 2020 से अब तक ऐसे 85 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया है, जिन्हें आतंकवादी समूहों के लिए काम करते पाया गया था। इस कदम का मकसद सरकारी तंत्र के भीतर मौजूद आतंकवादी तंत्र और उसके बुनियादी ढांचे की जड़ों को निशाना बनाना है। बर्खास्त कर्मचारियों में शिक्षक मोहम्मद इशफाक, लैब टेक्निशन तारिक अहमद शह, सहायक लाइनमैन बशीर अहमद मीर, वन क्षेत्रकर्मी फारूक अहमद भट और स्वास्थ्य विभाग में चालक मोहम्मद युसुफ शामिल हैं।

'PM केयर्स को निजता का हक'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि भले ही PM केयर्स फंड सरकार की ओर से चलाया या कंट्रोल किया जाता हो, लेकिन सूचना का अधिकार अधिनियम (RTI ऐक्ट) के तहत उसका निजता का अधिकार खत्म नहीं होगा।

ईरान में बंद फोन लाइनें कई दिनों बाद बहाल

ईरान में 2 हज़ार मौतें

ट्रम्प बोले- सरकारी इमारतों पर कब्जा करें

■ **एपी, वॉशिंगटन/दुबई**

ईरान में हालात मंगलवार को भी तनावपूर्ण बने रहे, लेकिन कई दिनों बाद इंटरनेट और फोन लाइनें चालू होने के बाद ईरान के लोग दुनिया से जुड़े। प्रदर्शन की वजह से संचार सेवाओं को बंद कर दिया गया था। लोगों ने कॉल कर और सोशल मीडिया के जरिए नुकसान के हालात बयां किए। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरानी नागरिकों से कहा कि वे प्रदर्शन जारी रखें, मदद रास्ते में है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह मदद किस रूप में होगी।

645 लोगों की मौत, कुछ जगह दावा 2 हजार मौतों का

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ईरानी देशभक्तों, विरोध करो रहो- अपनी संस्थाओं पर कब्जा करो!' ट्रंप ने लिखा कि प्रदर्शनकारियों की हत्याएं बंद होने तक किसी भी तरह की बातचीत नहीं होगी और जिम्मेदार लोगों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

सरकारी टीवी ने माना कई लोगों की मौत हुई: प्रदर्शन में कितने लोगों की मौत हुई, पहली बार इस संख्या को लेकर सरकारी स्तर पर संकेत मिले है। ईरानी सरकारी टीवी ने माना कि हालिया हिंसा में कई लोगों को देश ने खोया है। यह बयान शहीद फाउंडेशन के चीफ अहमद मौसवी के हवाले से पढ़ा गया। अमेरिकी संस्था ने दावा किया कि मरने वालों की संख्या 2 हजार से ज्यादा हो गई है।

तेहरान में सरकार के समर्थन में 12 जनवरी को हजारों लोग जुटे, इंटरनेट चला तो मंगलवार को तस्वीरें सामने आईं।

ईरान की पूर्व महारानी ने की अपील

ईरान की पूर्व महारानी **फराह पहलवी** ने मौजूदा विरोध प्रदर्शनों के बीच सुरक्षा बलों से प्रदर्शनकारियों का साथ देने की अपील की है। 87 साल की पहलवी ने कहा कि सरकार की क्रूर कार्रवाई के बावजूद अंधकार पर प्रकाश की जीत होगी। उन्होंने इंटरनेट बंदी और मौतों की निंदा की। सुरक्षा बलों से आने ही लोगों पर गोली न चलाने की अपील की।

खामेनेई ने गोली मारने का दिया था आदेश

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों पर 'लाइव फायर' की अनुमति खुद दी थी। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, यह आदेश सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के जरिए जारी किया गया। प्रदर्शन में बुधवार तक 10,700 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुईं। (TOI)

यूएन मानवाधिकार ने कहा, हत्या रोकी जाए

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने ईरान में प्रदर्शनकारियों पर हो रही हिंसक कार्रवाई पर गहरा आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या तुरंत रोकी जानी चाहिए और उन्हें आतंकवादी बताकर हिंसा को उचित ठहराना अस्वीकार्य है। तुर्क ने इंटरनेट सेवाएं बहाल करने की बात कही।

BRICS 2026 की शुरुआत, लोगो लॉन्च

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** भारत की मेजबानी में मंगलवार को ब्रिक्स समिट 2026 की औपचारिक शुरुआत हुई। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने दिल्ली में एक समारोह में सम्मेलन का लोगो, थीम और वेबसाइट लॉन्च किया। इस मौके पर ब्राजील, चीन, रूस जैसे प्रमुख ब्रिक्स देशों समेत कई देशों के एंबेसेडर मौजूद थे। जयशंकर ने अपने संबोधन में भारत की अध्यक्षता के तहत थीम और लोगो के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता में ब्रिक्स को समावेशी और मानव केंद्रित बनाने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने कहा कि समूह के 20 साल पूरे होने के वर्ष में ब्रिक्स की अध्यक्षता बहुत मायने रखती है। इस यात्रा में ब्रिक्स उभर रही अर्थव्यवस्थाओं और बाजारों के बीच सहयोग का एक अहम प्लैटफॉर्म बन कर उभरा है। दुनिया का वैश्विक माहौल कई चुनौतियों से घिरा हुआ है। इनमें जियोपॉलिटिकल अनिश्चितताएं, जटिल आर्थिक लैंडस्केप, क्लाइमेट संबंधी चुनौतियां अहम हैं।

लोगो विविधता में एकता का प्रतीक है

विदेश मंत्री ने बताया कि जारी किया गया लोगो आधुनिकता और पुरातन का संतुलन है। इसमें ब्रिक्स देशों के रंग हैं, जो विविधता में एकता और साझे उद्देश्य की झलक दिखाते हैं। ये लोगो ये विचार सामने रखता है कि जहां देश अपनी खासियत बरकरार रखते हुए देश सामूहिक तौर पर समूह में योगदान देते आ रहे हैं। बता दें कि इसी दौरान ब्रिक्स इंडिया इंडिया वेबसाइट भी लॉन्च हुई, ये एक साझे प्लैटफॉर्म की तरह ही काम करेगी। इससे इस समिट की इवेंट्स समेत सभी गतिविधियों की जानकारी मिलती रहेगी।

2025 में US ने रद्द किए करीब एक लाख वीज़ा

■ **पीटीआई, न्यू यॉर्क/वॉशिंगटन:** अमेरिका में आपराधिक गतिविधि का हवाला देकर आप्रवासियों के खिलाफ की गई व्यापक कार्रवाई के तहत 2025 में 8,000 छात्र वीजा समेत एक लाख से अधिक वीजा रद्द कर दिए गए। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'अमेरिका को सुरक्षित बनाने के लिए हम इन उपायों को डिटेक्ट करते रहेंगे।' पोस्ट में कहा गया है, 'अमेरिका में कानून की धज्जियां उड़ाने वालों पर कार्रवाई करते हुए विदेश मंत्रालय ने 8,000 छात्र वीजा और 2,500 विशेष वीजा समेत 1,00,000 वीजा रद्द कर दिए हैं।'

इनमें से करीब 8 हजार स्टूडेंट वीजा भी रद्द हुए

बेंगलुरु पहुंचे मर्त्से, फिर जर्मनी लौटे

गुजरात के CM भूपेंद्रभाई पटेल ने मर्त्से को विदा किया।

■ **पीटीआई, बेंगलुरु/अहमदाबाद:** जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्से दो दिवसीय भारत दौरा पूरा कर मंगलवार को अपने देश रवाना हो गए। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने उन्हें अहमदाबाद एयरपोर्ट पर विदा किया। यात्रा के पहले दिन सोमवार को दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए जो रणनीतिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर आधारित थे। मर्त्से ने मंगलवार को बेंगलुरु स्थित कंपनी बॉश (Bosch) कैंपस का भी दौरा किया।

अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

■ **एएफपी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन (Randy Fine) ने सोमवार को 'ग्रीनलैंड एक्वेजिशन एंड स्टेब्लिशमेंट ऐक्ट' नाम से एक बिल पेश किया। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है।

51वां राज्य बनाने का अधिकार मिलेगा, अभी डेनमार्क का हिस्सा

सांसद फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी। ग्रीनलैंड खनिज संसाधनों, खासकर दुर्लभ पृथ्वी तत्वों से भरपूर है, जिन्हें ट्रंप अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद अहम मानते हैं। उनका कहना है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर नियंत्रण नहीं किया तो रूस या चीन वहां प्रभाव बढ़ा सकते हैं। अगर ये बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपना 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा।

डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन

'तो नाटो का भविष्य खतरे में होगा'

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन (Mette Frederiksen) ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर सैन्य हमला किया तो इससे नाटो का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। वहीं, नाटो और डेनलैंड की सरकार ने ग्रीनलैंड की सुरक्षा मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की बात कही है।

क्रिटिकल मिनरल्स पर US संग अहम बैठक

■ **पीटीआई, न्यू यॉर्क/वॉशिंगटन:** भारत ने क्रिटिकल मिनरल्स की सप्लाई चेन को मजबूत और सुरक्षित बनाने के अपने पक्के इरादे को दोहराया है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट (Scott Bessent) की मेजबानी में हुई एक अहम मंत्रिस्तरीय मीटिंग में भारत ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री **अश्विनी वैष्णव** ने सोमवार को अमेरिका के ट्रेजरी विभाग में 'क्रिटिकल मिनरल्स सप्लाई चेन' पर हुई वित्त मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। इस बैठक में ग्लोबल पर रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे अहम खनिजों की सप्लाई चेन को सुरक्षित और विविध बनाने पर चर्चा हुई। बैठक के बाद वैष्णव ने X पर पोस्ट किया, 'अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी (वित्त मंत्री) स्कॉट बेसेंट की ओर से आयोजित क्रिटिकल मिनरल्स मंत्रीस्तरीय बैठक में हिस्सा लिया।



US डील को पटरी पर लाने की कोशिश

जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री के बीच हुई फोन पर बात

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

एक अहम घटनाक्रम में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार रात अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बात की। जयशंकर ने कहा कि दोनों विदेश मंत्रियों ने संपर्क में रहने पर सहमति जाहिर की है। सूत्रों के अनुसार, दोनों देशों में शीर्ष स्तर पर भी संपर्क स्थापित करवाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए भी कूटनीतिक कोशिशें शुरू हो गई हैं।

ट्रेड, मिनरल्स, डिफेंस, एनर्जी पर चर्चा हुई

भारत सरकार के सूत्र ने कहा कि डॉनल्ड ट्रंप के दौरे पर भी शुरुआती होमवर्क शुरू हो गया है और वाइट हाउस से हरी झंडी मिलते ही इसपर काम शुरू हो जाएगा। हालांकि बीते दिनों दो अहम घटनाएं भी देखने को मिली। दिल्ली में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने हाल में कहा कि पैक्स सिलिका अलायंस में शामिल होने के लिए भारत को न्योता दिया जाएगा। दरअसल अमेरिका की रणनीतिक पहल पैक्स सिलिका में भारत को शामिल करने का प्रस्ताव भारत-अमेरिका की साझेदारी के लिए एक अहम संकेत माना जा रहा है। ये टेक्नॉलजी के पूरे इकोसिस्टम को खुद में समेटती है।

US विदेश मंत्री मार्को रुबियो

गोर बोले, अगले महीने मुलाकात मुमकिन

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने X पर लिखा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अभी भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ एक अच्छी बातचीत खत्म की है। उन्होंने हमारे द्विपक्षीय व्यापर बातचीत, महत्वपूर्ण खनिजों और अगले महीने होने वाली संभावित बैठक के बारे में अगले कदमों पर चर्चा की। अगले महीने दोनों की मुलाकात मुमकिन है। हालांकि, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के अगले दौर के बारे में अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इस हफ्ते दोनों पक्षों ने बातचीत का औपचारिक कार्यक्रम अभी तय नहीं है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK2 User: cci Time: 01-13-2026 22:48 Color:

हममें से कुछ लोग अपने देश में लिस्ट-ए क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए हमें इस फॉर्मेट का थोड़ा अनुभव है। यह फॉर्मेट हमें पसंद है। वनडे में सीमित संख्या में मैच होने के कारण भारत के खिलाफ सीरीज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। -हेनरी निकोल्स, बैटर, न्यूजीलैंड

विराट 2.0 पर फिर होंगी निगाहें...

भारत Vs न्यूजीलैंड
वनडे सीरीज, दूसरा वनडे

FILE
प्रैक्टिस सेशन के दौरान विराट कोहली

6 शतक लगाए हैं विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ODI में। वह इस मामले में वीरेंद्र सहवाग के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है

8 वनडे जीते हैं न्यूजीलैंड ने भारत में जबकि 32 वनडे गंवाए हैं। भारत में कम से कम 20 वनडे खेलने वाले देशों में यह जीत-हार का सबसे खराब रेकॉर्ड है

■ **एजेंसियां, राजकोट:** विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने भारत की कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बढ़ती चिंताओं को कुछ हद तक कम कर दिया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ आज वनडे सीरीज में अनेक बढ़त हासिल करने की कोशिश करेंगे। टेस्ट से संन्यास के बाद ऐसा लग रहा है विराट एक नए अवतार में आ गए हैं। विराट का यह 2.0 अवतार आत्मविश्वास से भरा नजर आ रहा है। वह अपेक्षाओं और आलोचनाओं के बोझ से पूरी तरह मुक्त नजर आ रहे हैं। विराट ने शुरुआत से ही न तो आक्रामक बल्लेबाजी करने से परहेज की है और न ही रन बनाने का कोई मौका छोड़ा है। वडोदरा में उनकी 91 गेंदों पर खेली गई 93 रन की पारी ने भारत की जीत की नींव रखी। वह वनडे इंटरनैशनल में अपने 54वें शतक से चूक गए, लेकिन पारी के दौरान सभी प्रारूपों में सबसे कम पारियों में 28,000 रन बनाने का रेकॉर्ड जरूर बनाया। दूसरे वनडे में भी सारी निगाहें उन्हीं पर होंगी और वह लय जारी रखते हुए सीरीज टीम की मुट्ठी में डालने का टारगेट हासिल करना चाहेंगे।

दो और मौके बाकी: साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज में दो शतक जमाने वाले विराट इस सीरीज के दौरान सर्वाधिक वेन्यू पर शतक का रेकॉर्ड अपने नाम करना चाहेंगे। विराट अभी तक दुनिया के 34 अलग-अलग वेन्यूज पर वनडे इंटरनैशनल में कुल 53 शतक लगा चुके हैं। इस सीरीज के तीनों वेन्यू वडोदरा, राजकोट और इंदौर में से किसी पर भी उनके बल्ले से वनडे में शतक नहीं आया है। वडोदरा में वह रेकॉर्ड के करीब पहुंच कर भी दूर रह गए, लेकिन अभी उनके पास दो और मौके हैं।

भारत ने पहला वनडे जीत तो लिया था, लेकिन वह जीत आसानी से नहीं मिली थी। भारत को हालांकि अपनी गेंदबाजी विशेषकर स्पिनर्स के प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है।

वाइट बॉल टैलेंज

संभावित प्लेइंग XI

भारत: शुभमान गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविंद्र जाडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज

न्यूजीलैंड: डेवोन कॉन्वे, हेनरी निकोल्स, डिल यंग, डेरिल मिचेल, मिचेल हे (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), क्रिस्टियन क्लार्क, जेमीसन, जैक फोल्क्स, आदित्य अशोक

पिच व मौसम राजकोट की पिच बल्लेबाजों को फायदा आते है। हाई स्कोरिंग मैच की उम्मीद की जा सकती है। यहां खेले गए चार वनडे मैचों में कोई भी टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल नहीं कर सकी है।

टेलिकास्ट: दोपहर 1:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

121 कुल वनडे
7 नो रिजल्ट
1 टाई
50 न्यूजीलैंड जीता
63 भारत जीता

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

नितीश कर सकते हैं उम्मीद

सीरीज के पहले वनडे में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। वॉशिंगटन सुंदर उस मैच में चोटिल हो गए थे और वह वनडे सीरीज से बाहर हो गए है। सिलेक्टर्स ने दिल्ली के आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है। इससे पहले ऋषभ पंत के चोटिल होने पर ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया था। ऐसे में सुंदर की जगह भारत के लिए बडोनी, जुरेल और टीम में पहले से मौजूद नितीश कुमार रेड्डी विकल्प हैं। लाइन में पहले से खड़े होने और भारत के हेड कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए राजकोट में नितीश को मौका मिलने की ज्यादा उम्मीद नजर आ रही है।

लक्ष्य से पार नहीं पा सके आयुष

त्रीसा-गायत्री और हरिहरन-अर्जुन की जोड़ी भी दूसरे राउंड में

Rupesh.Singh@timesofindia.com

ANUSHKA KOGTA

■ **नई दिल्ली:** साल 2022 के चैंपियन लक्ष्य सेन ने टूर्नामेंट में भारत के चार साल के खिताबी सूखे को खत्म करने के टारगेट के साथ मंगलवार को इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जगह बनाई। विमिंग डबल्स में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारत की शीर्ष जोड़ी ने सीधे गेम में जीत के साथ दूसरे राउंड में प्रवेश किया, लेकिन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की जोड़ी को मैच पॉइंट हासिल करने के बावजूद कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। पीवी सिंधु, एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत बुधवार को टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पूर्व चैंपियन लक्ष्य ने आईपी स्टेडियम में खेले जा रहे इस 9.50 लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले राउंड में भारत के उभरते शटलर आयुष शेट्टी को सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से हराया। आयुष पहली बार इस टूर्नामेंट में उतरे थे। बीबीसी साल के लक्ष्य अगले राउंड में जापान के केंटा निशिमोतो से भिड़ेंगे जिन्होंने 21-6, 7-5 के स्कोर पर अपने सातवें वरीय हमवतन प्रतिद्वंद्वी कोडाई नारोका के मुकाबले से हटने पर दूसरे तौर में प्रवेश किया।

इंडिया ओपन बैडमिंटन 2026

भारतीय जोड़ी का दमदार खेल: त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने ग्रेनॉन्ग जेंगमाथोपेनगर्न और सुकिता सुवाबाई की थाईलैंड की जोड़ी को 42 मिनट में 21-15, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। प्रिया और श्रुति को हालांकि लोक लोक लुइ और हु वेन सेंग की होन्ग कॉन्ग की जोड़ी के खिलाफ एक घंटे आठ मिनट चले मुकाबले में 11-21, 22-20, 22-24 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मेंस डबल्स में हरिहरन श्रीमत्करुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने भी सीधे गेम में जीत के साथ दूसरे तौर में प्रवेश किया।

मिया ने व्यवस्था की फिर से की आलोचना

हेनमार्क की शटलर मिया ब्लिचफेल्ट ने टूर्नामेंट के नए आयोजन स्थल आईजी स्टेडियम में खेलने के हालात की आलोचना करते हुए कहा कि वह खिलाड़ियों के लिए अस्वास्थ्यकर और मैच पेशेवर है। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप से पहले हालात को सुधारने के लिए वैश्विक बॉडी BWF से दखल की मांग की है। दूसरे राउंड में पहुंचीं मिया ने कहा, 'मैं उम्मीद कर रही थी कि यहां दूसरे हॉल से बेहतर हालात होंगे, लेकिन यह अभी भी बहुत गंदा है। खिलाड़ियों की सेहत के लिए अच्छा नहीं है।' बीते वर्ष इंडिया ओपन की जाधव हॉल में खेला गया था और तब भी मिया ने हालात को स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह बताया था। उधर, भारतीय बैडमिंटन संघ BAI के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, 'मिया ने खेलने के आम हालात और निजी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत को लेकर व्यापक संदर्भ में बात कही थी। वह इंडिया ओपन के खेल परिसर के बारे में नहीं बोल रही थीं।'

BCB ने माना- उसकी मांग पर ICC राज़ी नहीं

■ **एजेंसियां, ढाका:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने मंगलवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) से टी20 वर्ल्ड कप के उसके मैच भारत से बाहर कराने की मांग पर पुनर्विचार का अनुरोध किया, लेकिन BCB ने सुरक्षा चिंताओं को दोहराते हुए ऐसा करने से इनकार किया है। BCB ने कहा कि बोर्ड का फैसला वही है, हालांकि ICC ने उसका अनुरोध नहीं माना है। इसने कहा कि दोनों पक्ष संभावित हल तलाशना जारी रखेंगे। BCB ने ICC से अनुरोध किया था कि सुरक्षा कारणों से वर्ल्ड कप के उसके मैच भारत के बाहर कराए जाएं, लेकिन ICC ने इस पर स्वीकृति नहीं दी है। BCB ने कहा, 'ICC ने कहा है कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है और BCB से फैसले पर पुनर्विचार के लिए कहा है लेकिन बोर्ड का फैसला नहीं बदलेगा।'

भारत से मैच शिफ्ट करने का मामला

T20 टी20 वर्ल्ड कप 2026

भारत के खिलाफ सीरीज के बाद रिटायर होंगी हीली

■ **एजेंसियां, सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरों में से एक एलिसा हीली, मार्च में भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद इंटरनैशनल क्रिकेट से रिटायर हो जाएंगी। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी भारत के खिलाफ तीन वनडे और एक टेस्ट मैच की सीरीज में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी। हीली भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगी। हीली ने कप्तानी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा जुनून बरकरार है, लेकिन प्रतिस्पर्धात्मक भावना कुछ कम हो गई है।

8 विश्व खिताब जीते हैं ऑस्ट्रेलिया ने एलिसा हीली के टीम में रहते

स्पोर्ट्स QUIZ

397

रन चार क्रिकेट पर भारत ने बनाए थे न्यूजीलैंड के खिलाफ साल 2023 में मुंबई में खेले गए वनडे मैच में। यह दोनों देशों के बीच किसी वनडे मैच का हाईएस्ट स्कोर है

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड ने भारत में कितने वनडे मैच जीते है?
A) 12 B) 4 C) 8 D) 9

2. दिल्ली को किस टीम ने हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाई?
A) विदर्भ B) कर्नाटक C) पंजाब D) सौराष्ट्र

कल के जवाब
1. D) शाहिद अकरीदी 2. B) 16

लकी WINNER

1. राजीव श्रीवास्तव, लखनऊ
2. आरव कुमार, किरन गार्डन, दिल्ली
3. विधान पन्नू, सेनीपत, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

कार्लसन लेंगे हिस्सा

■ **नई दिल्ली:** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन ने आगामी नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस बार यह टूर्नामेंट स्टावेंजर की जगह ओस्लो में खेला जाएगा।

मुश्किल में जसकरण

■ **नई दिल्ली:** भारतीय पहलवान जसकरण सिंह पर लगाए गए तीन साल के प्रतिबंध की अवधि बढ़ सकती है। कारण यह है कि जसकरण ने अयोग्यता की अवधि के दौरान ईरान में एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लिया था, जिससे अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) नाराज है।

कलिकेश का भरोसा

■ **नई दिल्ली:** भारतीय निशानेबाजी महासंघ के प्रमुख कलिकेश सिंह देव ने कहा कि सेक्सुअल मिसकंडक्ट को लेकर महासंघ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति है और राष्ट्रीय कोच अंकुश भारद्वाज द्वारा एक नाबालिग शूटर के कथित यौन उत्पीड़न मामले की जांच कर रही एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग किया जाएगा। कलिकेश ने कहा कि यह काफी संवेदनशील मामला है।

किंग होंगे कप्तान

■ **सेंट जॉन्स:** अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप में तीन टी20 मैचों आगामी सीरीज के लिए क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपनी 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। नियमित कप्तान शाई होप इस सीरीज का हिस्सा नहीं है। ब्रैंडन किंग को कप्तान बनाया गया है। रामार जोसेफ और एडेन लुईस ने इजरी से उबरने के बाद टीम में फिर से जगह बना ली है।

पंजाब और विदर्भ ने भी ली सेमी में एंट्री

क्वॉर्टर फाइनल में खत्म हो गया दिल्ली का सफर

PTI

प्लेयर ऑफ द मैच रहे पंजाब के कप्तान प्रभसिमरन सिंह

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** पंजाब और विदर्भ ने मंगलवार को अपने-अपने क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में जीत हासिल कर विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पिछले सीजन की उपविजेता विदर्भ ने क्वॉर्टर फाइनल में दिल्ली को 76 रनों से शिकस्त देकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। दूसरी ओर, पंजाब ने मध्य प्रदेश पर 183 रनों की विशाल जीत के साथ अंतिम चार में जगह बनाई।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

विदर्भ की आसान जीत: विदर्भ ने दिल्ली के खिलाफ 50 ओवर्स खेल में नौ विकेट खोकर 300 रन बनाए। टीम के लिए यश राठौड़ ने 73 गेंदों में 86 रन की पारी खेली, जबकि ध्रुव शौरी ने 49 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। अथर्व तांडे ने 8 फोर के साथ 62 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 45.1 ओवर्स में महज 224 रन पर सिमट गई। अनुज रावत ने सर्वाधिक 66 रन बनाए, जबकि वैभव कांडपाल और प्रियांश आर्या ने 28-28 रन का योगदान दिया।

दूसरी ओर, क्वॉर्टर फाइनल-3 में टॉस गंवाकर बैटिंग करने उतरी पंजाब की टीम ने छह विकेट पर 345 रन बनाए। कप्तान प्रभसिमरन सिंह ने सर्वाधिक 88 रन (86 बॉल, 10 फोर, 2 सिक्स) बनाए, जबकि अनमोलजीत सिंह ने 70 रन की पारी खेली। नेहल वढेरा ने 56 रन बनाए। मध्य प्रदेश जवाब में 31.2 ओवर्स में 162 रन पर सिमट गई। रजत पाटीदार ने सर्वाधिक 38 रन बनाए।

सेमीफाइनल लाइन अप
पहला-विदर्भ Vs कर्नाटक, 15 जनवरी
दूसरा-पंजाब Vs सौराष्ट्र, 16 जनवरी

दिल्ली या यूपी में से किसी एक का खाता आज खुलेगा

जेमिमा रोड्रिग्स

■ **एजेंसियां, नवी मुंबई:** यूपी वॉरियर्ज और दिल्ली कैपिटल्स की टीम आज विमेंस प्रीमियर लीग के मैच में आमने-सामने होंगे तो उनकी निगाह पावरप्ले में अपने प्रदर्शन में सुधार करने पर टिकी रहेगी। वॉरियर्ज के बल्लेबाज पावरप्ले में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जबकि कैपिटल्स के गेंदबाज खेल के इस महत्वपूर्ण हिस्से में जूझते रहे हैं। कैपिटल्स ने जेमिमा रोड्रिग्स की कप्तानी में आदर्श शुरुआत नहीं की है, इसलिए वह अभियान पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगी। दोनों टीमें अपने शुरुआती दो मैच हार चुकी हैं।

विमेंस प्रीमियर लीग 2026

टेलिकास्ट: शाम 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार ऐप पर

पूर्व पति ने किया मेरी पर पलटवार

■ **आईएएनएस, नई दिल्ली:** वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर एमसी मेरी कॉम ने हाल ही में अपने पूर्व पति के, ओनलर कोम पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे। अब ओनलर ने मेरी पर आरोप मढ़ा है। आईएएनएस के साथ खास बातचीत में ओनलर ने मेरी के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि वह शादीशुदा होते हुए दूसरे के साथ रिश्ते में थीं। ओनलर ने दावा किया कि उनकी शादी में दिक्कतें एक दशक से भी ज्यादा पुरानी हैं।

मेरी कॉम

रोहित और विराट रणनीति बनाने में शामिल: कोटक

■ **पीटीआई, राजकोट:** भारतीय क्रिकेट टीम के बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप की तैयारी समेत भारत की दीर्घकालिन वनडे रणनीति बनाने में सक्रिय रूप से शामिल हैं। कोटक ने कहा कि दोनों सुपरस्टार बल्लेबाज हेड कोच गौतम गंभीर समेत टीम मैनेजमेंट के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे से पूर्व कहा, 'वे रणनीति बनाते हैं। अब चूंकि वे एक ही फॉर्मेट खेल रहे हैं, तो वे चाहते हैं कि भारत सारे मैच जीते।' कोटक ने आगे कहा, 'टीमों के पास इतना अनुभव है कि वे बाकी खिलाड़ियों के साथ विचार साझा करते हैं और चर्चा करते हैं। वे गौतम के साथ वनडे फॉर्मेट पर बात करते हैं और वनडे वर्ल्ड कप के लिए हमारी रणनीति पर भी।'

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

सितांशु कोटक

'मेक इन इंडिया स्पोर्ट्स कमिटी बने'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने साझा अभ्यास कार्यक्रमों और भारत में प्रमुख प्रतियोगिताओं की मेजबानी जैसे मुद्दों पर विश्व संस्थाओं के साथ बेहतर सहयोग सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघों (NSFs) से अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति गठित करने को कहा है। मंत्रालय ने इसके साथ ही NSFs में भारतीय निर्माताओं, स्टार्टअप, अनुसंधान संस्थानों और परीक्षण एवं मानकीकरण निकायों के साथ जुड़ने के लिए 'मेक इन इंडिया स्पोर्ट्स कमिटी' का गठन करने को भी कहा है ताकि स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तंत्र को मजबूत किया जा सके।

तीस दिन का समय: NSFs को भेजे गए अपने पत्र में मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति में महासंघ के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, कोच और 'वैश्विक खेल प्रशासन और कूटनीति का अच्छा अनुभव रखने वाले विशेषज्ञ' शामिल होने चाहिए। मंत्रालय ने कहा है, 'समिति के संपूर्ण विवरण के बारे में 30 दिनों के अंदर मंत्रालय को सूचित कर दिया जाए।' मंत्रालय की यह सलाह खेल सचिव हरि रंजन राव द्वारा NSFs के अधिकारियों से दैनिक प्रशासन का काम पीईओ पर छोड़ने और भारत के फायदे के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करने के कुछ दिनों बाद आई है। कमिटी को अपने-अपने अंतरराष्ट्रीय महासंघ (IAF) और महाद्वीपीय महासंघ (CAF) में होने वाले घटनाक्रमों पर निगरानी रखने का कार्य सौंपा जाएगा।

NSFs को खेल मंत्रालय का निर्देश

पहले राउंड में ही हारीं वीनस

वीनस विलियम्स

■ **एपी, होबार्ट (ऑस्ट्रेलिया):** वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन को शुरू होने में अब जबकि एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, तब 45 वर्षीय वीनस विलियम्स फॉर्म शामिल करने के लिए जूझ रही हैं। वीनस होबार्ट इंटरनैशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले राउंड में तात्याना मारिया से 6-4, 6-3 से हार गईं। वीनस को ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए वाइल्डकार्ड से प्रवेश दिया गया है। उन्हें होबार्ट में खेलने के लिए भी वाइल्डकार्ड मिला था, जहां वह लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में छठी वरीयता प्राप्त मारिया से हार गईं। सात बार की ग्रैंडस्लैम सिंगल्स चैंपियन वीनस पिछले सप्ताह ऑकलैंड में भी पहले राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई थीं।

टेनिस राउंडअप

राओनिच ने संन्यास लिया: विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। पैरीस स्थल के राओनिच साल 2016 में विंबलडन में ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कनाडा के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्हें फाइनल में एंडी मरे के हाथों हार झेलनी पड़ी थी।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज के दिन आपको जीवनसाथी का भरपूर सहयोग व सलाह प्राप्त होगा। रहि का स्वामी मंगल-पंचमी की संभावी में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। पंचम भाव दूषित होने के कारण संतान पक्ष से मिलाप जनक समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य में दिक्कतें में सुधार होगा।

TARUS 20 Apr - 19 May
आज का दिन संतोष और खुशी का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से मतलब का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा धन, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। राशि में कुछ अधिक व्यक्तियों से मिलने से अकारण कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun
राशि स्वामी की ध्यान के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान की शिक्षा व किसी प्रतियोगिता में अच्छी सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। स्वास्थ्य में थोड़े रुका कार्य पूरा होगा। राशि में उच्चस्तरीय मानसिक कार्यों में सम्मिलित होना का सौभाग्य प्राप्त होगा।

CANCER 22 Jun - 22 Jul
घटना पंचम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आर्थिकता के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रदायक रहेगी। आज के दिन की कई यात्रा सफल रहेंगे और यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी में आपको मिलेगी।

LEO 23 Jul - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। आज के दिन आपकी आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। जगी की संभावना आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। आज के दिन अधिक भागदौड़ होगी। बेहतर होगा कि आप अपने सेहत पर भी ध्यान दें।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
राशि स्वामी बुध भाग्य द्वितीय घर रहा है। आज आपको व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में आकस्मीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी सकारात्मक समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी वस्तुनें विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्च व वृद्धि की वृद्धि होगी।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज आपके घरों और सुखद वातावरण रहेगा। घर-परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पंचम भाव में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। रिश्तेदारों का मनचाहा काम होगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसन्न प्रदान होकर स्थगित होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आपकी सेहत सबसे श्रेष्ठ परेशान कर रहे है। बेहतर होगा आज आप दिन के पहले हिस्से में किसी अच्छे डॉक्टर से अपने स्वास्थ्य के विषय में सलाह मशविरा कर लें और उसके बाद ही बाकी के कामों में जुटें। आज स्वास्थ्य के समय आपका कोई पुराना मित्र अतिथि बनकर आ सकता है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज आपके हितैषी में आपकी प्रशंसा करेंगे। सत्ता पक्ष से निकटता का लाभ आपको मिलेगा। संतुलन पक्ष से पर्याप्त मात्र में धन हाथ लग सकता है। सरकारी से लेकर राजिकीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। माता-पिता की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज का आपका दिन शुभ है। आपको पारिवारिक व आर्थिक मामले में सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। आकस्मिक कमेंबारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सरकारी के समय किसी भी झगड़े-विवाद में न पड़ें। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकते है। अपने खानपान पर नियंत्रण रखें। कोई विपरीत समाचार सुनकर अचानक किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। निवेश के मामले में अगर जोखिम उठाने की सोच रहे है तो एक बार किसी करीबी से सलाह जरूर लें।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। उपरांत जीवन में कई दिनों से चल आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। खर्चों और सहने से आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है। आज के दिन धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा के दौरान सावधान आवश्य रहें।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष मकर, कुंभ, मीन के प्रभाव क्षेत्र में रहेगा। जनवरी शेष में अचानक-निर्धारित व्यापार से जुड़े लोगों को बरबस समस्याओं से जूझना पड़ेगा। फरवरी माहीने की शुरुआत से लेकर मार्च माहीने के अंत तक आपको अच्छे आसन प्राप्त होंगे। इस दौरान आपकी आय के नए स्रोत बनेंगे और जीवन स्तर में उच्च उठेगा। मई वर्ष के सभी बचे हुए प्रसंग उभरकर सामने आएंगे। इस वर्ष आप अपने अधूरे प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकते हैं। अप्रैल माहीने की शुरुआत में अधिक कष्ट व्यथित कर सकते हैं। मई माह की शुरुआत में जहां आपको किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ना पड़ेगा। वहीं जून शेष तक आपके कार्य जौहाल और एकाकार से सभी जटिलम के कार्य सरल हो जाएंगे। इस वर्ष के उत्तरार्ध में जुलाई-अगस्त से लेकर सितंबर माहीने के अंत तक आपका जीवन स्तर उच्च उठेगा, सब लोग आपके कार्य जौहाल की प्रशंसा करेंगे। अक्टूबर-नवंबर में यदि कष्ट पिंड हो तो शनिवार सुबह स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भाकर उसमें अपना मुख देखकर लें और कटोरी से तेल सहित ढक्कोर को दान कर दें। इस तरह पाप शनिवार करने से शिनवार तक घर में सुख-शांति बनी रहेगी। फिर हुए धन की वापसी होगी।

-आचार्य कुमार दत्त शर्मा

कल का पंचांग

(बृहस्पतिवार, 15 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 26, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, द्वादशी, कृत्तिकाविवार, विक्रम संवत 2082। सौर मास मास प्रविष्टे 2, रजब 24, हिजरी 1447 (मुस्लिम) ग्रेट अनुसार अंग्रेजी तारीख 15 जनवरी 2026 है। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। द्वादशी तिथि रात्रि 8 बजकर 46 मिनट तक उपरांत त्रयोदशी तिथि का आरंभ। ज्येष्ठा नक्षत्र अंतरांतर्गत 4 बजकर 47 मिनट तक उपरांत मूल नक्षत्र का आरंभ। वृद्धि योग रात्रि 8 बजकर 43 मिनट तक। पंचमा दिन-रात वृश्चिक राशि पर संचार करेगा। आज के उत्तर ध्यानेर-भद्रातिक एकादशी उत्त, मकर संक्रांति, पुण्य काल प्रातः 8 बजकर 42 मिनट से, पोंगल (दक्षिण भारत)।

सुडोकू

4			5		1	3		
			4	7		5		
						4		9
2					7			
	7	8		5		2	9	
			8					1
9		4						
		1		6	2			
		3	1		8			2

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	13:30 मैं से भंडे
10:00 बटुकुम बुलबुल	14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
11:00 रुद्र के रक्षक	15:00 सिटिल कृष्णा
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	17:00 बबलू डबलू
12:30 हम पांच	19:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:00 रुद्र के रक्षक	

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 01-13-2026 23:53 Color:

महानगर > मुंबई > बुधवार, 14 जनवरी 2026 > पौष 25, शक संवत 1947, माघ कृष्ण एकादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 12 > मूल्य ₹5.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

डॉग लवर्स पर बरसा सुप्रीम कोर्ट, इन्हें घर क्यों नहीं ले जाते?

राज्यों पर सख्त

कुत्ते के काटने की हर घटना, उससे होने वाली चोट या मौत पर हम राज्य अथॉरिटी से भारी मुआवजा देने को कह सकते हैं, क्योंकि बीते पांच वर्षों में उन्होंने आवारा पशुओं के नियमों पर कुछ नहीं किया।

डॉग लवर्स पर बरसे

जब कोई आवारा कुत्ता किसी पर हमला करता है, तो जिम्मेदारी किसकी होगी? क्योंकि सड़क का कुत्ता किसी के स्वामित्व में नहीं होता। अगर आप पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लीजिए।- **सुप्रीम कोर्ट**

कुत्ता काटे तो राज्यों पर भारी ज़ुर्माने की तैयारी

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सड़क के कुत्तों के काटने की घटनाओं पर राज्यों पर भारी जुर्माना लगाने का संकेत दिया है। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कुत्तों के काटने, उससे होने वाली चोट या मौत के हर मामले में हम राज्यों (नगर निकायों) से भारी मुआवजा देने को कह सकते हैं, क्योंकि उन्होंने 5 वर्षों में आवारा पशुओं से जुड़े नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कुछ नहीं किया है। इन स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाएगी।

कोर्ट ने डॉग लवर्स से कहा कि अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। कोर्ट ने सवाल किया कि जब कुत्ते किसी 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं, तो किसे जवाबदेह ठहराया जाए? क्या उन्हें खाना खिलाने वाले संगठन को? क्या आप चाहते हैं कि हम इस समस्या से आंखें मूंद लें? जब कोई आवारा कुत्ता किसी पर हमला करता है, तो जिम्मेदारी किसकी होगी? अगर आप पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लीजिए। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुआई वाली बेंच उन कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिनमें इस कोर्ट के 7 नवंबर 2025 के आदेश में संशोधन की मांग की गई है। इसमें राज्यों की सिविक अथॉरिटी को संस्थानों और सड़कों से आवारा जानवरों को हटाने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने दुखद घटना का जिक्र करते हुए कहा कि गुजरात में एक वकील को एक पार्क में कुत्ते ने काट लिया और जब नगर निगम के अधिकारी उसे पकड़ने पहुंचे तो कुत्ता-प्रेमी बताने वाले वकीलों ने ही नगर निकाय कर्मियों पर हमला कर दिया।

भावनाएं सिर्फ कुत्तों के लिए हैं?

सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने स्ट्रीट डॉग्स के मुद्दे को भावनात्मक विषय बताया, तो कोर्ट ने कहा कि अब तक भावनाएं कुत्तों के लिए दिख रही हैं। इंसानों के लिए नहीं हैं? गुरुस्वामी ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं है, मैं इंसानों के बारे में भी उतनी चिंतित हूं। पशु कल्याण ट्रस्ट की ओर से पेश सीनियर वकील विकास सिंह ने कोर्ट से आग्रह किया कि मुद्दे को सिर्फ मानव बनाम पशु के रूप में न देखा जाए, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन के नजरिये से भी विचार किया जाए। उन्होंने सर्पदंश से होने वाली मौतों का हवाला देते हुए कहा कि कुत्ते झुंडों पर नियंत्रण और पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता में भी भूमिका निभाते हैं।

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज जैकेट बैक

अंतर्ज्ञान

हम अक्सर दूसरों के लिए दया रखते हैं, पर खुद के लिए नहीं। आत्म-दया का अर्थ खुद पर तरस खाना नहीं, बल्कि खुद को करुणा से देखना है। जब आप अपने दर्द को समझदारी से स्वीकार करते हैं, तो उपचार शुरू होता है। खुद को बार-बार कोसना आत्मा को तोड़ देता है। अपने भीतर उस बच्चे को देखिए, जो बस प्रेम चाहता है। उसे अपनाइए, गले लगाइए। आत्म-दया का अर्थ है- खुद से वह प्रेम करना, जो कभी दूसरों से उम्मीद की थी। यही सच्ची करुणा की शुरुआत है। जो खुद के प्रति दयालु है, वह दुनिया के प्रति भी सहज हो जाता है। आत्म-दया आत्म-स्वीकृति का द्वार है। जो खुद को प्रेम देना सीख गया, उसने ईश्वर को पहचान लिया।

भारत vs न्यूजीलैंड

दूसरा वनडे आज

राजकोट में 1:30 pm से टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

WPL आज के मैच

यूपी वॉरियर्स vs दिल्ली कैपिटल्स

7:30pm से, नवी मुंबई में

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

'10 मिनट में डिलिवरी' की रेस अब खत्म होगी

क्विक कॉमर्स कंपनियों को केंद्र से मिला निर्देश | ब्लिंकिट ने टैगलाइन हटाई, बाकी भी हटाएंगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केंद्र सरकार के निर्देश के बाद क्विक कॉमर्स कंपनियों की तेज रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। इन कंपनियों ने '10 मिनट में डिलिवरी' के दावे से कदम खींचना शुरू कर दिया है। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने ब्लिंकिट, जेप्टो, जोमैटो, स्विगी सहित प्रमुख क्विक कॉमर्स प्लैटफॉर्म्स से कहा कि वे 10 मिनट डिलिवरी की टेगलाइन हटाएं। सबसे पहले 'ब्लिंकिट' ने इस दिशा में कदम उठाए और अपनी ब्रैंडिंग से '10 मिनट में डिलिवरी' की टैगलाइन हटा दी। सूत्रों ने बताया कि बाकी प्लैटफॉर्म्स भी जल्द ऐसा करने वाले हैं।

सूत्रों ने बताया, 'श्रम मंत्री ने पिछले हफ्ते ब्लिंकिट, जेप्टो, जोमैटो और स्विगी सहित कई प्लैटफॉर्म्स के साथ बैठक की थी। इनसे कहा गया था कि 10 मिनट में डिलिवरी की टेगलाइन हटाई जाए। यह निर्देश समान पहुंचाने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कामकाजी हालात बेहतर करने के मकसद से दिया गया।' ब्लिंकिट ने टैगलाइन कायम थी।

10 मिनट में डिलिवरी से परेशान गिग वर्कर्स ने दिसंबर में हड़ताल की थी।

कदम उठा लिए हैं। अन्य एग्रीगेटर्स ने भी यह वादा किया है। हालांकि गूगल प्ले स्टोर पर इंस्टामार्ट, बिग बास्केट, जेप्टो की '10 मिनट डिलिवरी' टैगलाइन कायम थी।

ईरान से कारोबार किया, तो 25% टैरिफ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : **अमेरिका** के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि ईरान से बिजनेस करने वाले देशों से अमेरिका आने वाले माल पर 25% टैरिफ लगेगा। ट्रंप ने इसे तुरंत प्रभाव से लागू करने की बात की, लेकिन अमेरिका की ओर से यह साफ नहीं किया गया कि तमाम देशों पर पहले से लगे अमेरिकी टैरिफ से यह अलग होगा या कुछ खास चीजों पर ही लागेगा। अमेरिका ने भारत पर पहले से 50% टैरिफ लगा रखा है। भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय व्यापार अभी करीब 1.7 अरब डॉलर का है। ट्रंप की इस घोषणा से निर्यातकों में दुविधा और चिंता की स्थिति बन गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, टैरिफ तुरंत प्रभाव से लागू होगा

ईरान के बड़े साझेदारों में चीन, ब्राजील, तुर्किये और रूस हैं। भारत से भी चावल, चाय, कॉफी, सब्जियों, दवाओं, जैम-जूलरी सहित कई चीजों का निर्यात वहां होता है। ईरान से ड्राई फ्रूट्स और पेट्रोलियम प्रोडक्ट होता है। साल 2024-25 में ईरान को एक्सपोर्ट 1.5% बढ़कर 1.24 अरब डॉलर का रहा था। इस दौरान वहां से इंपोर्ट 29.3% घटकर 44 करोड़ डॉलर पर आ गया था।

भारत पर भी असर

अभी साफ नहीं कि तमाम देशों पर लगे टैरिफ से यह अलग होगा या नहीं।

ईरान को भारत से चाय, कॉफी, चावल, दवाओं और जूलरी का निर्यात होता है।

अमेरिका ने भारत पर पहले से 50% टैरिफ लगा रखा है भारत और ईरान के बीच अभी 1.7 अरब डॉलर का कारोबार होता है।

डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान से बातचीत रद्द की

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ होने वाली बैठकों को रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक प्रदर्शनकारियों की हत्याएं बंद नहीं की जाती हैं, तब तक उससे कोई बातचीत नहीं की जाएगी। ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को सरकारी इमारतों पर कब्जा करने की सलाह दी है। उन्होंने ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि ईरान के देशभक्त प्रदर्शन करते रहें और अपनी संस्थाओं को काबू में लें। मदद आ रही है।

जयशंकर की अमेरिकी विदेश मंत्री से सहयोग पर चर्चा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार रात अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बात की। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच व्यापार, क्रिटिकल मिनरल्स, डिफेंस और एनर्जी पर चर्चा हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर बताया कि दोनों ने आगे भी इन मुद्दों पर संपर्क में रहने पर सहमति जाहिर की है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने उम्मीद जताई कि अगले महीने दोनों विदेश मंत्रियों के बीच मुलाकात हो सकती है। यह बातचीत ऐसे वक्त में अहम है, जब हाल में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा था कि पीएम मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया, इसलिए ट्रेड डील नहीं हो सकी। ▸▸ पेज 12

जयशंकर-रुबियो में फोन पर बात

जिला परिषद के चुनाव 5 फरवरी को



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : राज्य की 29 महानगरपालिकाओं की चुनाव प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही मंगलवार को महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने राज्य की 12 जिला परिषद और 125 पंचायत समितियों के चुनाव का ऐलान किया। 5 फरवरी को मतदान होगा और 7 फरवरी को मतगणना होगी। 16 जनवरी को चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। 16 से 21 जनवरी के बीच नामांकन पत्र स्वीकार किए जायेंगे।

अर्थसार

सेंसेक्स	83,627.69 (-250.48)
निफ्टी	25,732.30 (-57.95)
रुपए/यूस डॉलर	90.26 (+0.07)
रुपए/यूरो	106.22 (0)

मौसम

कोलकाता	33.0	21.7
रांचीकुरू	32.3	20.0
सूर्योदय बुधवार	6:20 बजे	
सूर्यास्त गुरुवार	7:15 बजे	

NBT कनेक्ट सदस्य न रेल परिवहन सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और नवाबाद जिले के बाहर।

विक्रोली : पूर्व नगरसेवक हारून खान सहित 11 पर FIR

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: विक्रोली पार्क साइट के प्रभाग 124 में मारपीट और धारदार हथियार के इस्तेमाल का गंभीर मामला सामने आया है। इस मामले में पूर्व नगरसेवक हारून खान, उनके बेटे सहित 11 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता सलीम सिद्दीक कुंद्रू ने आरोप लगाया कि सोमवार रात 12:20 बजे हारून खान अपने बेटे और 10 अन्य लोगों के साथ वहां आए। उन्होंने विरोधी पार्टी के प्रचार का आरोप लगा सलीम की पीठ पर धारदार हथियार से वार कर दिया। पुलिस ने हारून खान, बेटे रोशन खान, आजाद उर्फ डैडी, फरीद लाला, जावेद लाला, विक्की पठान, जैनुल समेत अन्य पांच के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

प्रभाग क्रमांक 124 में मारपीट का मामला

AI Image

रैली की परमिशन नहीं मिली

NBT रिपोर्ट, बांद्रा: प्रभाग 92 से चुनाव लड़ रही निर्दलीय उम्मीदवार प्रार्थना शिंदे को परमिशन नहीं होने का हवाला देकर खेरवाड़ी पुलिस ने प्रचार रैली निकालनी शुरू की, एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी उन्हें रोकने पहुंच गए। इस वजह से एकबारगी वहां तनावपूर्ण माहौल बन गया।

चुनाव आयोग ने लिया ऐक्शन

- आयोग ने की 21,153 व्यक्तियों पर कार्रवाई।
- 95 के खिलाफ कई धाराओं में मामले दर्ज।
- 10 जनवरी तक पांच करोड़ 90 लाख जब्त।
- 54 करोड़ 84 लाख के मादक पदार्थ जब्त।
- पिस्टल, चाकू सहित 957 हथियारों जब्ती हुई।
- आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 60 मामले।

'लाडली योजना के तहत जनवरी का भुगतान नहीं'

NBT रिपोर्ट , मुंबई : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश का पालन करते हुए पात्र महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना के तहत जनवरी की किस्त अग्रिम रूप से जारी नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि कोर्ट के निर्देश के बाद यह निर्णय लिया गया है। अब तक प्रमुख त्योहारों के दौरान गरीब महिलाओं को अग्रिम किस्त दी जाती थी। अब 16 जनवरी के बाद ही 1,500 रुपये उनके खातों में जमा होंगे। राज्य की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव की मतगणना 16 जनवरी को होगी।

PSLV मिशन में बचा एक कैप्सूल, उसने भेजे सिग्नल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

इसरो का PSLV रॉकेट मिशन सोमवार को तकनीकी खराबी के कारण असफल हो गया था, लेकिन मंगलवार को एक राहत भरी खबर आई है। इस मिशन में शामिल स्पेस की निजी कंपनी का छोटा स्पेस कैप्सूल के आईडी सुरक्षित बच गया था और उससे जमीन पर सिग्नल मिलने की पुष्टि हुई है। सबसे अहम बात यह है कि रॉकेट फेल होने के बावजूद केआईडी ने करीब 190 सेकंड तक उड़ान का डेटा भेजा। आमतौर पर ऐसे हालात में किसी भी उपकरण से कोई डेटा नहीं मिल पाता। केआईडी को धरती के वातावरण में दोबारा प्रवेश के परीक्षण के लिए बनाया गया था।

15 सैटलाइट लापता

पीएसएलवी सी 62 ने सोमवार सुबह 10:48 बजे श्रीहरिकोटा से उड़ान भरी थी। रॉकेट में भारत का उपग्रह अन्वेष समेत कुल 15 सैटलाइट और एक स्पेन का कैप्सूल था। रॉकेट के तीसरे चरण में खराबी आने से सैटलाइट लापता हो गए।

नायलॉन मांझे की अवैध बिक्री नहीं रुकी, बॉम्बे हाई कोर्ट की फटकार

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ **मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने मकर संक्रांति से पहले नायलॉन मांझे की अवैध बिक्री के खिलाफ कार्रवाई में विफलता के लिए राज्य सरकार को फटकार लगाई है। मांझे के इस्तेमाल को गंभीर समस्या मानते हुए कोर्ट ने सरकार की भूमिका पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि प्रतिबंध के बावजूद यह मांझा खुलेआम उपलब्ध है और इससे नागरिकों और पक्षियों को नुकसान हो रहा है। मांझे के चलते जख्मी हुए तीन लोगों को कोर्ट ने सरकार को चार हफ्ते में दो-दो लाख रुपये मुआवजे का भुगतान करने और भविष्य में ऐसे मामलों के लिए एक मुआवजा कोष बनाने का निर्देश दिया है। जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस हितेन वेणेगांवकर की बेंच ने कहा कि मांझे के खतरे के खिलाफ सरकार की अस्थाई कार्रवाई काफी नहीं है। आठ हफ्ते बाद मामले की अगली सुनवाई रखी गई है।

AI Image

कथित अभियान चलता है

2020 में इस मामले का स्वतः संज्ञान लेने वाली अदालत ने कहा कि मांझे से जुड़ी घटना सामने आने के बाद सरकार हरकत में आती है। फिर कथित विशेष अभियान चलाया जाता है। इस तरह की कार्रवाई थोड़े दिनों में रुक जाती है। इस बीच बेंच ने यह भी कहा कि मांझे से लोगों के घायल होने की घटनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। छोटे स्तर पर कार्रवाई से सरकार का दायित्व पूरा नहीं होता है।

अबू सलेम की 14 दिन की पैरोल का विरोध

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट में अबू सलेम के पैरोल के आवेदन का विरोध किया है। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि 1993 ब्लास्ट केस में दोषी सलेम को अंतरराष्ट्रीय अपराधी घोषित किया गया है, सिर्फ दो दिन की पैरोल दी जा सकती है। सलेम ने बड़े भाई की मौत के कारण 14 दिनों की आपात पैरोल मांगी थी। सलेम गंभीर मामले में अपराधी है, इसलिए इसे दो हफ्ते की पैरोल नहीं दी जानी चाहिए। ▸▸ पेज 3

सुरक्षा चाकचौबंद इंडियन आर्मी चीफ ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर जारी, LoC पर हम पूरी तरह अलर्ट

LoC और सीमा पार 8 टेररिस्ट कैंप, 100 से 150 आतंकी हो सकते हैं, हम अलर्ट हैं: आर्मी चीफ

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि अभी भी LoC और इंटरनैशनल बॉर्डर (IB) के दूसरी तरफ 8 आतंकी कैंप सक्रिय हैं जिनमें करीब 100 से 150 आतंकी हो सकते हैं। कश्मीर घाटी में 140 आतंकी हो सकते हैं जिसमें से सिर्फ 10 लोकल हैं, बाकी पाकिस्तानी।

IB के दूसरी तरफ 2 और LoC के दूसरी तरफ 6 आतंकी कैंप हैं। पाकिस्तान अब भी आतंकियों को मदद दे रहा है और उन लोगों को मदद दे रहा है जो लोगों को रेडिकलाइज कर यहां भेजते हैं। एलओसी पर हम पूरी तरह अलर्ट हैं, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। एनबीटी के सवाल के जवाब में जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद टेररिस्ट इनिसिएटिव इंसिडेंट तकरीबन खत्म हो गए हैं, लेकिन हमने जम्मू-कश्मीर में सेना की तैनाती में कोई कमी नहीं की है और हमने उतना ही दबाव बनाकर रखा है।

जम्मू-कश्मीर में स्थिति सेंसेटिव है, लेकिन पूरी तरह कंट्रोल में है। हमने जो फोर्स तैनात की है उसमें कोई कमी नहीं कर रहे हैं। *-जनरल उपेंद्र द्विवेदी, आर्मी चीफ*

'चीन का बयान मंजूर नहीं'

शक्सगाम वैली को लेकर आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि 1963 का चीन-पाकिस्तान अग्रीमेंट अवैध था। वहां जो भी एक्टिविटी हो उसे हम अवैध मानते हैं। उसे हम स्वीकार नहीं करते। हम मानते हैं कि वे उन दोनों देशों का इल्लीगल ऐक्शन है। चीन ने कहा था कि यह घाटी चीन का हिस्सा है और वहां सड़क बनाना उसका अधिकार है।

7500 EVM के जरिए ठाणे मनपा चुनाव में ठाणेकर करेंगे मताधिकार का प्रयोग।

प्रचार खत्म, सभी ने झोंकी ताकत

मनपा चुनावों के लिए पॉलिटिकल पार्टियों का चुनाव प्रचार मंगलवार शाम 5:30 बजे समाप्त हो गया। आखिरी दिन सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंकी, अब नेता-प्रत्याशी घर-घर जाकर लोगों से व्यक्तिगत संपर्क साधने की तैयारी में है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार प्रचार सामग्री झंडा, बैनर, माइक, नारा आदि के इस्तेमाल की सख्त मनाही है।

मीरा-भाईंदर में शक्ति प्रदर्शन

मीरा-भाईंदर के त्रिकोणीय मुकाबले की धुरी BJP, शिंदे सेना और कांग्रेस हैं। आखिरी दिन तीनों दलों ने जमकर शक्ति प्रदर्शन किया। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बाइक रैली निकाली, तो कांग्रेसी जय ठाकुर ने भी बाइक रैली का आयोजन किया। जबकि, बीजेपी पिछले दो दिनों से प्रभाग-स्तर पर लगातार रैलियों और पदयात्राओं का आयोजन कर रही है। पूर्व उपमहापौर हसमुख गहलोत की पदयात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थे। इस दौरान जगह-जगह विकास एजेंडे के साथ स्थानीय स्तर की तमाम समस्याओं का बोलबाला रहा।

उल्हासनगर में गली-गली खूब हुआ प्रचार

उल्हासनगर के बहुकोणीय मुकाबले में BJP, कांग्रेस, दोनों NCP एकल चली है, तो शिंदे सेना ने TOK और साईं पार्टी के साथ मैदान में है, जबकि शिवसेना (UBT) और MNS साथ मिलकर चुनावी बिगुल फूंके हुए है। ऐसे में, आखिरी दिन सड़कों पर कई रोड-शो देखे गए, तो गली-मुहल्लों में घर-घर जाकर पार्टी प्रत्याशी, कार्यकर्ता और समर्थक लोगों के हाथ जोड़ते नजर आए। साथ ही, छोटे-बड़े वाहनों पर लगे लाउडस्पीकरों से लगातार चुनावी प्रचार होता रहा।

भिवंडी में 321 कर्मियों ने की पोस्टल वोटिंग

भिवंडी में मनपा चुनाव प्रक्रिया सुचारू बनाने को पालघर के वाडा, विक्रमगढ़ और अन्य स्थानों से बड़ी संख्या में कर्मचारी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे स्थानीय मनपा कर्मियों की संख्या सीमित है। चुनाव अधिकारी के अनुसार भिवंडी में 321 कर्मचारियों ने

मीरा-भाईंदर के चुनाव में सभी दलों ने ताकत झोंकी है। शिवसेना ने बाइक रैली निकाली।

पोस्टल वोटिंग की। इनमें भिवंडी मनपा के 227 और अन्य मनपा क्षेत्रों के 94 कर्मचारी शामिल हैं। मनपा चुनाव विभाग ने पुष्टि की है कि इन सभी कर्मचारियों ने श्रमनी चुनावी ड्यूटी निभाते हुए सकलतापूर्वक डाक पत्र के जरिए मतदान किया है।

मीरा-भाईंदर में 52 लाख रुपये की ड्रग्स, तीन लाख नकद बरामद, 1 अरेस्ट, पुलिस जांच जारी

चुनाव प्रचार के बीच मीरा भाईंदर- वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की नारकोटिक्स विभाग ने नालासोपारा पूर्व तुलिंज इलाके में 52 लाख की ड्रग्स व लगभग तीन लाख नकदी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है। मामले की जांच जारी है।

10 लाख जब्त, BJP पदाधिकारियों पर केस

वसई-विरार मनपा चुनाव में मतदाताओं को पैसे बांटने के आरोप में पुलिस ने बीजेपी के दो पदाधिकारियों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से दस लाख नौ हजार रुपये कैश बरामद किए हैं। घटना सोमवार देर रात पेल्हार पुलिस क्षेत्र की है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह मतदाताओं को पैसे बांटने जा रहे थे। फिलहाल, पुलिस ने दोनों आरोपी पदाधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

आखिरी दिन भिवंडी में मचा सियासी घमासान

■ **विजय कुमार सिंह, भिवंडी :** मनपा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भिवंडी शहर के विभिन्न इलाकों में सभी राजनीतिक दलों की ओर से शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला। दिन भर रैलियों, रोड शो और कॉर्नर मीटिंगों का सिलसिला जारी रहा। सड़कों पर पार्टी झंडे, नारेबाजी, ढोल-ताशे और समर्थकों की भीड़ ने चुनावी माहौल को जोशीला बना दिया। बीजेपी, सपा, कांग्रेस, शिंदे सेना, एनसीपी (एसपी), उद्धव सेना सहित अन्य दलों ने मतदाताओं से अंतिम अपील की।

कांग्रेस, एनसीपी और सपा की रैलियों में पेयजल संकट, जर्जर सड़कें, ड्रेनेज, शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। इन रैलियों में अल्पसंख्यक इलाकों के युवाओं, मजदूरों और महिलाओं की भागीदारी रही।

प्रभाग क्रमांक 16 और 17 पद्मानगर में बीजेपी उम्मीदवार संतोष शेट्टी, नंदिनी गायकवाड़, रंजिता कोठा, राजेश शेट्टी, श्याम ठाकुर और स्नेहा पाटील ने रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। प्रभाग 20 में बीजेपी उम्मीदवार यशवंत टावरे, प्रकाश टावरे, प्रीति जगताप और सुजाता माझे ने सटे नगर, अंजूर फाटा, भंडारी कंपाउंड और नारपोली में रैली निकाली।

प्रभाग 21 में जयंदिर पक्ष के उम्मीदवार विराज पवार, श्याम मोहरे, दक्षता चौधरी और सिद्धि पाटील ने कामतघर और ओसवाल वाड़ी में पदयात्रा की। प्रभाग 22 में महायुति के उम्मीदवार बीजेपी के श्याम अग्रवाल, कमलकर पाटील और गीता नाइक ने रैली निकाली। इसी

प्रभाग से निर्दलीय उम्मीदवार प्रसाद पाटील और स्नेहा सिंह ने भी शक्ति प्रदर्शन किया।

प्रभाग 6 में बिवंडी विकास अघाडी के उम्मीदवार और पूर्व महापौर जावेद दलवी, रेड. ऋषिका राका, रेमा आलानी और मोमिन परवेज ने रैली निकाली। प्रभाग 20 से कांग्रेस उम्मीदवार वैशाली माझे ने चुनाव के दिन फार्म भरकर की आशंका जताई। शांति नगर स्मित केनेल्स चौक से गौबनगर तक विधायक रुपेश म्हात्रे ने कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो किया। प्रभाग 21 में सपा नेता अहमद सिद्दीकी ने उम्मीदवारों के लिए रैली निकाली।

दिग्गज नेताओं की सभाएं

इस चुनावी दंगल में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ, सपा प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी और वंचित बहुजन अघाडी के प्रकाश आंबेडकर की जन सभाएं हुईं। फिल्म अभिनेता एजाज खान ने भी, खालिद शेख गड़ के परिवार के समर्थन में रोड शो किया।

12,650 चुनावकर्मी कराएंगे वोटिंग

ठाणे चुनाव: 65% हैं महिला अधिकारी व कर्मचारी

■ **NBT न्यूज, ठाणे :** चुनाव के लिए ठाणे मनपा प्रशासन पूरी तरह तैयार है। यहां 33 प्रभागों में 131 वॉर्डों के लिए 2013 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बहुसदस्यीय पैनल पद्धति से हो रहे चुनाव में मतदाताओं को प्रभाग 1 से 28 और 30 से 33 में ए, बी, सी, डी, जैसी 4 सीटों के लिए और प्रभाग 29 में ए, बी, सी जैसी 3 सीटों के लिए मतदान करना है।

मनपा क्षेत्र में कुल 649 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 131 को चुना जाना है, 6 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। मनपा क्षेत्र के ठाणे, कलवा, मुंब्रा, दिवा परिसर मिलाकर ठाणे में कुल 16,49,869 मतदाता हैं। इनमें 8,63,878 पुरुष, 7,85,930 महिलाएं और 159 ट्रांसजेंडर हैं। चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए 9 प्रभाग समिति में 11 निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हैं, 20% रिजर्व समेत कुल 12,650 अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी पर लगाया गया है। इनमें 65% महिलाएं हैं।

16,49,869 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का इस्तेमाल

मनपा आयुक्त सौरभ राव ने समय-समय चुनाव कार्यों की समीक्षा की है, तो मुख्य चुनाव निरीक्षक पी.वेलरासु और समीक्षक चंद्रशेखर चुनाव प्रक्रिया पर नजर रख रहे हैं। सभी वोटिंग मशीनों को सील करके संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में बने स्ट्रांग रूम में पुलिस की कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। सभी पोलिंग स्टेशनों पर CCTV सिस्टम लगाया गया है। चुनावी प्रक्रिया में 7500 ईवीएम और 3800 कंट्रोल यूनिट का उपयोग किया जाएगा।

1350 CCTV कैमरों की होगी नजर



रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय, स्ट्रांग रूम, EVM कमिशनिंग की जगह, मटीरियल बाटने की जगह, संवेदनशील मतदान केंद्र, मतगणना की जगह, मुख्य स्ट्रॉन्ग रूम, थेफ्ट पोस्ट आदि पर कड़ी नजर रखने, चुनाव प्रक्रिया की सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए कुल 648 CCTV कैमरे एक्टिवेट किए गए हैं। मनपा क्षेत्र के 45 स्थानों पर कुल 305 संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र है, जिन पर नजर रखने के लिए 701 कैमरे लगाए गए हैं।

सखी और आदर्श पोलिंग स्टेशन भी रेडी

प्रत्येक प्रभाग में एक आदर्श मतदान केंद्र और एक सखी मतदान केंद्र तैयार किया गया है। यानी कुल 33 आदर्श मतदान केंद्र और 33 सखी मतदान केंद्र होंगे। सखी मतदान केंद्रों पर सिर्फ महिला अधिकारी और कर्मचारी तैनात होंगी यहां महिला पुलिस की तैनाती रहेगी।

ठाणे मनपा क्षेत्र में 5,500 पुलिसकर्मी तैनात

मनपा क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस के दायरे इंस्टेट और ठाणे शहर दो जोन आते हैं। इन दो जोन में चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए कुल 5500 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी की तैनात किया।

उल्हासनगर: ऑटो से 50 लाख रुपये बरामद

■ **NBT न्यूज, उल्हासनगर: चुनाव प्रचार खत्म** होने के महज एक घंटे बाद उल्हासनगर पुलिस ने कैंप नंबर-4 में सुभाष टेकड़ी के डॉ.आंबेडकर अंबेडकर चौक पर एक ऑटोरिक्शा से करीब 50 लाख रुपये बरामद किए। यह रकम निर्दलीय उम्मीदवार



नरेश उर्फ नारायण गायकवाड़ ने कर पकड़ाई। ऑटोरिक्शा में सवार लोग वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। गायकवाड़ ने ऑटो चालक को पकड़कर विठ्ठलवाड़ी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस को आशंका है कि यह रकम वोटरों को लुभाने के लिए इलेक्शन की जानी थी।

इलेक्शन ब्रीफ

भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह भी डटे

■ **NBT न्यूज, वसई :** महायुति के उम्मीदवारों का प्रचार करने मंगलवार को भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह भी वसई की सड़कों पर उतरे। उन्हें देखने वालों भीड़ उमड़ पड़ी, उन्होंने मतदाताओं से वोटिंग की अपील की। इसी तरह यूपी से समाजवादी पार्टी के नेता गगन यादव, नवरत्न यादव भी प्रचार करने आए हैं। इस दौरान वसई-विरार की सड़कों पर भारी भीड़ होने से ट्रैफिक जाम की स्थिति हो गई।

मैथली ठाकुर की सभा में उमड़ी भीड़

■ **NBT न्यूज, बिरार :** महायुति के उम्मीदवारों के समर्थन में गायिका व बिहार की विधायक मैथिली ठाकुर ने विरार में सभा को संबोधित किया। उन्हें देखने भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मैथिली ने कहा कि यहां आकर ऐसा लगता है कि विकास कार्य हुए ही नहीं है। उन्होंने भाषभाषी प्रवृत्ति से ऊपर उठकर क्षेत्रीय विकास, मूलभूत सुविधाओं और स्थायी समाधान के लिए वोट देने की अपील की।

NCP (SP) कार्यकर्ता BJP में हुए शामिल

■ **NBT न्यूज, मिरांडी:** शहापुर तालुका में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटील की मौजूदगी में एनसीपी (एसपी) के रफीक शेख, मुरुनाथ रसाल और बुधा बस्तड के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हुए। इससे जिला परिषद के कोठरे और वशाला गट में बीजेपी की स्थिति मजबूत हुई है। कपिल पाटील ने कहा कि आगामी जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव महायुति के साथ मिलकर लड़ने का प्रयास किया जाएगा और वरिष्ठ नेता इस पर उचित निर्णय लेंगे।

बविआ में अंदरूनी बगावत उजागर

■ **NBT न्यूज, नालासोपारा:** बहुजन विकास आघाडी (बविआ) के प्रथम महापौर और वरिष्ठ नेता राजेंद्र पाटील ने अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार धनंजय गावडे के खिलाफ खुलकर निशाना साधा है। संमेदर राम नालासोपारा ईस्ट प्रभाग 16 में बीजेपी उम्मीदवार के प्रचार के दौरान पाटील के बयान से परिसर 'सिटी मूल, कमाल खिल के नारों से गूंज उठा, जिससे राजनीतिक हलचल मच गई। राजेंद्र पाटील, बविआ अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के रिश्तेदार हैं।

मनोरंजन



मनोरंजन

स्टोरीटेलर : केशव राय

रेल पहिया कारखाना/बेला
(जिला - सारण), बिहार - 841221

खुली ई-निविदा सूचना सं० आर डब्ल्यू पी/भंडार/वर्क्स/ऐडीमीटी/2025-26/15, दिनांक: 10.01.2026 निविदा खुलने की तिथि: 10.02.2026, Tender No. S_RWP_TPT_ERC_2025-26_02A, Due on 10.02.2026, समूह कुशल सहायी प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना, बेला, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम की सूचना हेतु ओपनबाक्स "ई-खुली निविदा" भारतीय रेलवे ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल (आई.आर.ई.पी.एस) www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित करते हैं। 1. कार्य का नाम, स्थान, मात्रा एवं समापन की अवधि : भारतीय रेलवे के विभिन्न स्थानों से रेल वील प्लांट बेला, सारण, बिहार-841221 तक 501-1000 किमी की दूरी सीमा के अंतर्गत इलेक्ट्रिक रेल स्क्रैपर (ईआरसी), मात्रा 3500 मीट्रिक टन का संचालन, लदान और परिवहन (औसत लीड दूरी 750 किमी (लेते हुए) नोट: संलग्न पर उल्लेखित रेलवे द्वारा की जाएगी। सम्पादन अवधि: एक माह के भीतर। निविदा मे 12 माह. 2. अनुमानित लागत : रु 1,07,88,750.00, 3. भुगतान (ई एम डी) की राशि : रु. 2,04,000/-, 4. निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 10.02.2026 up to 14:15 hrs., 5. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण विवरणी देखी जा सकती है : निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। बोली प्रस्तुत करने वाली बोली कंपनियों को ऊपर की विविरेखों के संबंध में सूचियन सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल (www.ireps.gov.in) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। ऑफिस ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

इसे प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेलपहिया/बेला आरक्षणपूरी/सीनियरमार्क/ए डी बी टी/2025-26/99

पश्चिम मध्य रेल
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, परिसर माल रेल, भोपाल
No.: C/BPL/e-auction/Jan/2026, Date: 13.01.2026

पार्सल लीज के अनुबंध के लिए ई-नीलामी

भोपाल मण्डल के पार्सल लीज के अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। डीटेलिंग बारे में IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। वेदरन निम्नानुसार है :

Catalogue Number	Type of Contract	Lot No.	Contract Period
C-BPL-SLR-JAN	Leasing	13026-SLR-R1-BPL-HWH-26-1 (Parcel-SLR)	3years
		22165-SLR-R1-BPL-SGRL-26-1 (Parcel-SLR)	3years
		19172-SLR-F1-BPL-JP-26-1 (Parcel-SLR)	3years
		12185-SLR-R1-RKMP-REWA26-1 (Parcel-SLR)	3years
		12183-SLR-F1-BPL-MBD-26-1 (Parcel-SLR)	3years
		18235-SLR-F2-BPL-ESP-26-1 (Parcel-SLR)	3years
		12185-SLR-F1-RKMP-REWA26-1 (Parcel-SLR)	3years
		12001-SLR-F1-RKMP-NDLS26-1 (Parcel-SLR)	3years
		22145-SLR-F1-BPL-REWA-26-1 (Parcel-SLR)	3years
Date and Time of start of e-auction for all lots: 20.01.2026 at 12:00 Hrs.			

प्रविधि ई-नीलामी के माध्यम से आयोजित किया जाएगा www.ireps.gov.in पर जाकर ई-नीलामी की मानक शर्तों और लॉट की विशेष शर्तों के विवरण के लिए दान सकते है।

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, कृपो मंडल रेल प्रबंधक/भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

मुंबई गृहनिर्माण व क्षेत्रविकास मंडळ (म्हाडाचा घटक)
MUMBAI HOUSING AND AREA DEVELOPMENT BOARD (A MHADA UNIT)
कार्यकारी अभियंता गोरेगाव विभाग यांचे कार्यालय, कक्ष क्र. ३३८, २ रा मजला, गृहनिर्माण भवन, कलानगर, वांद्रे (पूर्व), मुंबई- ४०००५१
दुरध्वनी क्र. ०२२-६६४०५२७७ ई मेल -- goregaonee@gmail.com

PUBLIC NOTICE

NOTICE IS HEREBY GIVEN to the General Public that the State Environment Impact Assessment Authority (SEIAA), Maharashtra has accorded Environmental Clearance to the Proposal No. SIA/MH/INFRA2/554274/2025 of Proposed Redevelopment of Residential Building on Plot No. R-7/A2 bearing C.T.S. No. 260/3A (Part) of Village Goregaon at Goregaon Siddharth Nagar CHSL MHADA Layout at Goregaon (West), Mumbai

Copies of the Environmental Clearance are available for reference at the Offices of the MPCB and may also be seen on the website: parivesh.nic.in

MHADA-Leading Housing Authority in the Nation
Follow us @mhadaofficial

Sd/-
Executive Engineer
Goregaon Division
Mumbai Board, MHADA
CPRO/A/01

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैटुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैटुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। क्रम संख्या: 1 । निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-मेंटूल-25-26-57, दिनांक: 12.01.2026। कार्य का नाम: एलएसई/चक्रधरपुर के अधीन चक्रधरपुर सेक्शनमें में शयनकक्ष, शौचालय, स्नोइंग तथा कुकिंग प्लेटफॉर्म, फिक्स में टाइल प्रदान करके, सस्पेंडर बनाने एवं खिड़कियों की बदली, सस्पेंडर एवं कक्ष शीट आदि की बदली करके स्टाफ क्वार्टरों का सुधार। निविदा मूल्य: ₹ 2,08,68,531.12। धरोहर राशि: ₹ 2,54,400। क्रम संख्या: 2। निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-मेंटूल-25-26-58, दिनांक: 12.01.2026। कार्य का नाम: डीईएन-मेंटूल चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन मनोहरपुर कार्ड, जराकेला कार्ड, भालुगाडा कार्ड एवं किंडा कार्ड का सुधार तथा टुसिया कार्ड का सुधार के कामकाम में ट्रेन का निर्माण। निविदा मूल्य: ₹ 9,25,35,137.72। धरोहर राशि: ₹ 6,12,7001 क्रम संख्या: 3। निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-सारब-25-26-26, दिनांक: 12.01.2026। कार्य का नाम: चक्रधरपुर मंडल में डीईएन-सारब/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन हाटेबाजारो कार्ड के सुधार के सम्बन्ध में ट्रेन का निर्माण। निविदा मूल्य: ₹ 9,75,72,546.68। धरोहर राशि: ₹ 6,37,900। क्रम संख्या: 4। निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-सारब-25-26-27, दिनांक: 12.01.2026। कार्य का नाम: चक्रधरपुर मंडल में डीईएन-सारब/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन डीजेएचआरसी (वेस्टर्न) में वर्तमान गुड्स शेड की संरचना का प्रस्तोभनार्थ आधुनिकीकरण। निविदा मूल्य: ₹5,63,57,533.45। धरोहर राशि: ₹ 4,31,800। निविदा प्रपत्र की कीमत: ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। खुलने की तारीख: 03.02.2026 (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास कम-से-कम 1 । 1 डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए, और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए जिसे पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने समय सभी सम्बन्धित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। इसमें: ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को नि:शुल्क जारी किये जायेंगे (प्राथमिकरी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी.3/ई/बोलीदो/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-1056)

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
(आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)
वैश्विक आयोजन (ग्लोबल टेंडरिंग बोली के माध्यम से)
टेंडर के तहत इंजीनियरिंग बोली (टीबीईबी) प्रक्रिया के माध्यम से 02 (दो) अंक: राजकीय परिषद परियोजना के निर्माण, स्थापित, प्रचालन और रखरखाव (बीओओओ), आवधिक परिषद सेवा प्रदाता के चयन के लिए

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड, नई दिल्ली, भारत (आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी - एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम) नीचे उल्लिखित परिषद परियोजना की स्थापना हेतु टी. बी. बी. बी. के अंतर्गत निर्माण, स्थापित, प्रचालन और रखरखाव (बूट) के आधार पर प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) एक चरण के सिस्टम वाली प्रक्रिया के तहत प्रस्ताव आमंत्रित करता है: मुख्य वेबसाइट: www.recindia.nic.in तथा www.recpdcl.in पर 14.01.2026 के उपरान्त "प्रस्ताव हेतु अनुरोध" (आरएफपी) अधिसूचना तथा आरएफपी दस्तावेज का अवलोकन करें।

बोलीदाता, आरएफपी दस्तावेज सभी कार्य दिवसों में 10.30 बजे (भा.मा.स) से 16.00 बजे (भा.मा.स) के बीच (14.01.2026 के उपरान्त जमा करने की तिथि के एक दिन पहले) तक रिकॉर्ड विभाग, आरईसी वेबसाइट www.recindia.nic.in और www.recpdcl.in पर उपलब्ध परियोजना के आरएफपी दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार अग्रिमित रु.-आरएफपी बोली शुल्क (₹5,00,000/- (पांच लाख रुपए केवल) या $7000 (सुपात्र डालर सात हजार केवल) + 18% जीएसटी) के भुगतान पर प्राप्त कर सकते हैं।

आरएफपी दस्तावेज हमारी वेबसाइट www.recindia.nic.in तथा www.recpdcl.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है; तथापि, ऐसे दस्तावेज में इच्छुक पार्टी आरएफपी दस्तावेज के लिए रु.-आरएफपी बोली शुल्क (₹5,00,000/- (पांच लाख रुपए केवल) या $7000 (सुपात्र डालर सात हजार केवल) + 18% जीएसटी) का भुगतान करने पर ही आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। हमें रिपोर्ट एवं आरएफपी दस्तावेजों के स्पष्टीकरण उन्हीं बोलीदाताओं को जारी किया जाएगा, जिन्होंने अग्रिमित शुल्क का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज प्राप्त किया या खरीदा है। इस सम्बन्धी में महत्वपूर्ण समय अवधि इस प्रकार है:

क्रम सं.	परियोजना का नाम	एचओसी/ प्रस्ताव जमा की अंतिम तिथि	आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा की अंतिम तिथि	आरएफपी प्रस्ताव खोलने का दिनांक
1.	400 kV GSS कांकरी को संबंधित ट्रांसमिशन लाइन के साथ 765 kV GSS में उन्नयन कराए: फेस 3(ए)	03.02.2026	18.03.2026, 1500 बजे तक (भा.मा.स)	18.03.2026 को 1530 बजे (भा.मा.स)

बोली में सभी सूचियन, आरोप, संशोधन, समय बढ़ाव आदि हमारी वेबसाइट www.recindia.nic.in तथा www.recpdcl.in पर होंगे जिन्हें आरएफ़ी संशोधन जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

नोट: आरईसीपीडीसीएल के पास बिना कोई कारण बताए तथा बिना किसी कारण के बोली प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है। पद कोई पत्राचार नहीं है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी
आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
कोर - 4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003, भारत

बोली प्रक्रिया प्रायोजक: REC Power Development & Consultancy Limited
पावरग्रिड: राजस्थान सरकार, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
अपने ही अधिकार हैं, इसे बचाएं। Give a missed call on toll free number 18002003004 to get our App

WR TO EXTEND TRIPS OF BI-WEEKLY SPECIAL TRAIN BETWEEN BANDRA TERMINUS ⇌ BHUJ

Train No.	From	To	Days of Run	Extended Upto
09037	BANDRA TERMINUS	BHUJ	THURSDAY & SATURDAY	29.01.2026
09038	BHUJ	BANDRA TERMINUS	FRIDAY & SUNDAY	30.01.2026

For detailed information regarding timings of halts and composition, passengers may please visit www.enquiry.indianrail.gov.in.

The booking of extended trips of Train No. 09037 and 09038 opens from 14.01.2026 at PRS counters & on IRCTC website. The above train will run as Special Train on Special Fare.

WESTERN RAILWAY
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X t.com/WesternRly
Follow us on: Instagram/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 01-13-2026 23:18 Color:

डिजिटल प्लैटफॉर्म ने बदली चुनाव प्रचार की तस्वीर

Gen-जी के साथ जुड़ने के लिए पार्टियों ने लिया सोशल मीडिया का सहारा

AI, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, फेसबुक का उम्मीदवारों ने खूब किया इस्तेमाल

Brijesh.Triapthi@timesofindia.com

■ मुंबई : मुंबई सहित एमएमआर की ठाणे, नवी मुंबई, वसई-विरार, पनवेल, उल्हासनगर, मीरा-भाईंदर, कल्याण-डोंबिवली और भिवंडी महानगर पालिका का चुनाव प्रचार मंगलवार शाम को समाप्त हो गया। चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवारों ने डिजिटल और सोशल मीडिया का जमकर इस्तेमाल किया। बीते एक दशक में डिजिटल प्लैटफॉर्म के उदय से चुनावों का स्वरूप काफी हद तक बदल गया है। वर्ष 2017 में हुए बीएमसी चुनाव में पार्टियों ने चुनावी सभा, घर-घर प्रचार, जनसंपर्क, वॉट्सऐप ग्रुप और अधिकतम फेसबुक लाइव का सहारा लिया था। लेकिन 2026 के चुनाव में डिजिटल तकनीक ने चुनाव प्रचार की दिशा ही बदल दी। 2026 के बीएमसी चुनाव में पार्टियों से लेकर उम्मीदवारों ने यू-ट्यूब, AI जनरेट वीडियो प्रचार, ग्रुप मेसेज, वॉट्सऐप ग्रुप, वेबसाइट पर पार्टी का प्रचार, फेसबुक लाइव, इंस्टाग्राम, ट्विटर (X) का भरपूर इस्तेमाल किया। इसके जरिए सभी पार्टियों ने जेन जेड को टारगेट किया।

AI Image

कौन सी पार्टी क्या कर रही?

इम्फ्लुएंसर किए गए हायर: डिजिटल प्रचार के लिए पार्टियों से लेकर उम्मीदवारों तक ने इन्फ्लुएंसर को हायर किया और इसके बदले उन्हें मोटी रकम भी दी। वहीं पार्टी के प्रमुख नेताओं ने बड़ी प्रचार सभाओं के बजाय चौक सभा और जिस एरिया में जिस समाज की बहुलता रही उसके नेताओं से प्रचार कराने पर जोर दिया। बीजेपी के एक उम्मीदवार ने बताया कि हमने हर गली और सोसायटी में जाकर प्रचार किया। लेकिन हमने डिजिटल प्लैटफॉर्म और सोशल मीडिया का भी भरपूर इस्तेमाल किया। हमें इसका ज्यादा हिसाब भी चुनाव आयोग नहीं देना पड़ा।

हर पार्टी ऑफिस में डिजिटल वॉर रूम: महानगर पालिका चुनाव में मुख्य मुकाबला बीजेपी, शिंदे सेना, एनसीपी अजित पवार गुट, उद्धव सेना, मनसे, शरद पवार की एनसीपी और कांग्रेस के बीच है। इन दलों का सोशल मीडिया चुनाव प्रचार के दौरान काफी सक्रिय रहा। सभी दलों ने अपने-अपने पार्टी कार्यालय में डिजिटल वॉर रूम बनाया है। यहां से मेसेज मेकअप, वेबसाइटों पर पार्टी का विज्ञापन, पार्टी के लिए मतदाताओं से फोन पर बात करना, सोशल मीडिया पर बात रखना जैसे कार्य किए गए। बीजेपी ने दादर कार्यालय में वॉर रूम बनाया है। उद्धव सेना का शिवसेना भवन, मनसे का राजगढ़, शिंदे सेना का मंत्रालय के सामने पार्टी कार्यालय, कांग्रेस का तिलक भवन में वॉर रूम पूरे चुनाव में सक्रिय रहा।

बीजेपी-शिंदे सेना: बीजेपी का सोशल मीडिया देख रहे एक नेता ने बताया कि इस चुनाव में हमारा फोकस डिजिटल ब्रांडिंग को केंद्र में रखना है। पार्टी ने अपने नारों, संदेशों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में एक समान रखा था। एआई से बनाए गए वीडियो और विषय ने सोशल मीडिया पर खासा ध्यान खींचा है। इसका मकसद युवा मतदाताओं को आकर्षित करना है। पार्टी को लगता है कि इसमें हम काफी हद तक सफल रहे। शिंदे सेना ने भी बड़े पैमाने पर चुनाव में डिजिटल प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल किया।

उद्धव सेना-मनसे: उद्धव सेना ने अपने डिजिटल प्रचार में विकास कार्यों को प्रमुखता दी। उद्धव सेना ने बताया है कि मुंबई में जितने भी विकास कार्य हुए हैं, वह उद्धव सेना ने किए हैं। हमने बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को अपनी उपलब्धि के रूप में पेश किया। मनसे ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधने के लिए डिजिटल प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल किया और अपने नेता की बातों को लोगों तक पहुंचाया।

कांग्रेस और अन्य दल: कांग्रेस ने भी डिजिटल माध्यमों का इस चुनाव में भरपूर इस्तेमाल किया। इसमें एआई विजुअल्स, शॉर्ट वीडियो बनाए गए और लोगों से सकुंलेट किए। कांग्रेस के सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर पार्टी नेताओं के भाषण और मुंबई की समस्याओं पर जोर दिया। वादा किया गया कि उनकी सत्ता आने पर समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। अन्य दलों ने भी लोगों तक पहुंचने के लिए डिजिटल प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल किया।

'अबू सलेम को दी जाए सिर्फ दो दिन की पैरोल'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: राज्य सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट में अबू सलेम के पैरोल के आवेदन का विरोध किया है। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि साल 1993 ब्लास्ट केस में दोषी सलेम को अंतरराष्ट्रीय अपराधी घोषित किया गया है, इसलिए उसे पुलिस सुरक्षा के साथ सिर्फ दो दिन की पैरोल दी जा सकती है। पुलिस सुरक्षा का खर्च सलेम को खुद उठाना पड़ेगा। सलेम ने अपने बड़े भाई की मौत के मद्देनजर 14 दिनों की अंतरिम पैरोल मांगी है।

सलेम की वकील फरहान शाह ने कहा कि सलेम को अजमेरगढ़ जाना है, इसलिए दो दिन की पैरोल पर्याप्त नहीं है। सलेम को पुलिस सुरक्षा की जरूरत नहीं है। वह दशकों से जेल में है। मंगलवार को सीनियर मुनव्वर हुसैन और जस्टिस अजय गडकरी और जस्टिस श्याम चांडक की बेंच ने राज्य सरकार को सलेम के आवेदन पर हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। दो हफ्ते बाद सलेम के आवेदन पर सुनवाई रखी गई है। सलेम के भाई अबू हकीम की 14 नवंबर, 2025 को मौत हो गई थी। दो दशक से जेल में बंद सलेम ने पहले जेल अधिकारियों से पैरोल देने का आग्रह किया था, लेकिन जेल अधिकारियों ने उसके आवेदन पर विचार नहीं किया। इसलिए उसने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं !

EC ने कैंडिडेट्स को घर-घर जा कर प्रचार करने की दी अनुमति

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मंगलवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। अब 15 जनवरी को वोटिंग होगी। चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों को मतदान केंद्र से 100 मीटर दूर घर-घर जाकर प्रचार करने की अनुमति दी है। इस दौरान उम्मीदवार माइक का इस्तेमाल नहीं सकते हैं। राज्य चुनाव आयोग ने कहा है कि विभिन्न पार्टियों के उम्मीदवार इलेक्ट्रॉनिक और एसएमएस के जरिए भी प्रचार नहीं कर सकते हैं।

उद्धव और राज ने मराठी के नाम पर सिर्फ राजनीति की : चव्हाण

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महानगर पालिका चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी रहा। महाराष्ट्र बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने मराठी मुद्दे पर ठाकरे बंधुओं को घेरा। चव्हाण ने कहा कि उद्धव और राज ठाकरे ने मराठी मानुष के नाम पर सिर्फ राजनीति की। इसका कोई फायदा मराठियों को नहीं मिला। जबकि मराठी मानुष के नाम पर उद्धव ठाकरे ने 25 साल तक बीएमसी में राज किया। इसके बावजूद मराठी मानुष मुंबई से बाहर जाने को मजबूत हुआ।

एक्सपर्ट का मानना, BEST खत्म करने की हो रही साजिश

सभी पार्टियां बस सेवाओं को बढ़ाने के कर रही दावे

Priya.Pandey@TimesOfIndia.com

■ मुंबई: इस बीएमसी चुनाव में बेस्ट बस का मुद्दा गरमाया हुआ है। लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने-अपने मैनिफेस्टो में बस सेवाओं को बढ़ाने और सुधारने के बड़े-बड़े ऐलान किए हैं। फिलहाल बेस्ट की स्थिति बेहद चिंताजनक है और इसका सीधा असर आम लोगों की रोजमर्रा की यात्रा पर पड़ रहा है। फिलहाल बेस्ट के पास अपनी खुद की सिर्फ 249 बसें ही बची हैं, जिनमें से करीब 25 बसें तो धारावी डिपो में स्पेयर पार्ट्स की कमी के चलते महीनों से खड़ी हैं। जो बसें चल भी रही हैं, उनकी हालत भी कुछ खास अच्छी नहीं है। बेस्ट के पास कॉन्ट्रैक्ट पर करीब 2200 बसें हैं। इस मामले पर एक्सपर्ट्स का कहना है कि वर्तमान स्थिति में बेस्ट अपनी मूल सेवाएं भी सुचारू रूप से चलाने में सक्षम नहीं है। इस कमी को पूरा करने के लिए उसे बड़े पैमाने पर वेट-लीज्ड (कॉन्ट्रैक्ट) बसों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। लेकिन इन बसों की संख्या भी पर्याप्त नहीं है। यदि बेस्ट की सेवाओं को सामान्य स्तर पर लाना है, तो कम से कम 1000 नई बसों को तत्काल बेड़े में शामिल करना होगा।

'इलेक्ट्रिसिटी ऐक्ट के बाद बढ़ी मुश्किल': बेस्ट की साली तक सेवाएं देने वाले और आपली मुंबई आपली बेस्ट संस्था के माध्यम से बेस्ट कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले रंगनाथ सातवासे का कहना है कि जब बेस्ट की शुरुआत हुई थी, तब भी बेस्ट मुनाफा नहीं देती थी। तब बेस्ट इलेक्ट्रिसिटी के साथ क्रॉस सब्सिडी होती थी, जिससे बेस्ट बस सेवा को मुनाफा होता था, लेकिन 2005 में महाराष्ट्र इलेक्ट्रिसिटी ऐक्ट आने के बाद क्रॉस सब्सिडी बंद कर दी गई। लेकिन बीएमसी का कानून कहता है की बेस्ट की बसें सब्सिडाइज्ड रेट पर ही चलाई जानी चाहिए। नतीजा प्रॉफिट कमाना मुश्किल था। यही वजह है कि बीएमसी को अपने प्रॉफिट मेकिंग प्रोजेक्ट का पैसा बेस्ट को देने का कानून बनाना गया था। इस कारण से 2006 से 2019 तक रेवेन्यू गैप 9.50 हजार करोड़ का हो गया, जो बीएमसी को भरना था लेकिन फिर भी बीएमसी ने बेस्ट को 1600 करोड़ का लोन दिया, जो कि 10% ब्याज के साथ लौटाया गया। 2019 में टिकट के रेट और कम कर दिए गए, जिस वजह से हालात और खराब हो गए। रंगनाथ कहते हैं कि बेस्ट को खत्म करने की यही एक सोची समझी साजिश है।

बढ़ रहे हैं बेस्ट बस हादसे

आपली बस आपलासाथी संस्था के रुपेश शेलटकर कहते हैं कि बेस्ट की इस बदहाली का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। बसों की कमी के कारण यात्रियों को लंबे समय तक बस स्टॉप पर इंतजार करना पड़ता है। कभी पर बस न मिलने से ऑफिस जाने वाले कर्मचारी, कॉलेज के छात्र और वरिष्ठ नागरिक अधिक प्रभावित हैं। दूसरी ओर, बेस्ट बस दुर्घटनाओं के आंकड़ों में भी इजाफा देखा गया है।

> बेस्ट के पास सिर्फ 224 बसें बची हैं, बाकी ठप्प हैं। बसों की कमी से यात्रियों को एक-डेढ़ घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। सरकार तुरंत 1000 बसें शामिल करे। -रुपेश शेलटकर, आपली बस आपलासाथी

> बेस्ट बस को खत्म करने की साजिश की गई है। इसके लिए लोगों को आगे आना चाहिए। गेट्रो के आने से भी राइडरशिप पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है। - रंगनाथ सातवासे, आपली मुंबई आपली बेस्ट

मुंबई में गर्मी: 24 घंटे में 3 डिग्री की वृद्धि

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महानगर में तापमान में वृद्धि होने से गर्मी थोड़ी बढ़ गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार न्यूनतम तापमान में पिछले 24 घंटे में 3 डिग्री सेल्सियस का इजाफा दर्ज किया गया। रविवार की रात न्यूनतम तापमान 17 डिग्री था, जो सोमवार को बढ़कर 20 डिग्री सेल्सियस हो गया। वहीं, अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जो सामान्य से लगभग 2 डिग्री अधिक है। बीते सप्ताह मुंबई में उंड और कम ह्यूमिडिटी के कारण मौसम आरामदेह था। रात में तापमान 16 डिग्री तक गिरता था। मौसम विशेषज्ञ राजेश कपाडिया के अनुसार उत्तर से आने वाली ठंडी हवाएं कमजोर पड़ गई हैं, जबकि दक्षिण-पूर्वी सिस्टम के कारण आसमान में बादल छाए रहेंगे। फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। इस सप्ताह गर्मी थोड़ी बढ़ेगी।

आखिरी दिन रैलियों से जाम हुआ ट्रैफिक

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे तक चुनाव प्रचार खत्म करने का निर्देश चुनाव आयोग ने दिया था। इसके चलते कई जगहों पर उम्मीदवारों को भाग-भागकर चुनाव प्रचार खत्म करना पड़ा। रैली के कारण लिंक रोड पर ट्रैफिक जाम हो गया। उदाहरण के प्रभाग नंबर एक के गणपत पाटील नगर में पहले शिंदे सेना की उम्मीदवार रेखा राम यादव की रैली निकली। रेखा की रैली के पीछे कांग्रेस की शीतल म्हात्रे की रैली निकली। दोनों ही रैलियों में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली में मोटर-बाइक वाले आगे चल रहे थे। बाद में लोग पैदल थे और अंत में ऑटो वाले चल रहे थे। लोगों के हाथ में उम्मीदवार की तस्वीर थी और वाहन में पार्टी के लगे झंडे लगे थे। चूंकि, रैली साढ़े पांच बजे खत्म करना था। इसके चलते रैली में शामिल लोगों को तेज गति से चलने के लिए माइक से घोषणा की जा रही थी।

देव स्थलों के दर्शन के बाद वर्चुअल संवाद

सोशल मीडिया के जरिए जुड़ रहे हैं युवा

Manish.Jha@timesofindia.com

■ मुंबई: चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उम्मीदवारों ने जनता पर जीत की किस्मत छोड़ने के बाद अपने-अपने आराध्य देव के शरण में जाकर जीत की कामना की। कई उम्मीदवारों ने प्रचार समाप्त होने और देव स्थलों के दर्शन के बाद जनता से ऑनलाइन संवाद साधने की बात कही है। प्रभाग 43 से विनोद मिश्रा, प्रभाग 24 से स्वाति संजय जायसवाल, प्रभाग 28 से श्रमेश यादव, प्रभाग 26 से प्रीतम पंडागले, प्रभाग 39 से सुमन इंद्रजीत सिंह और प्रभाग 23 से शिवकुमार झा ने देव दर्शन के बाद फेसबुक और यूट्यूब के जरिए स्थानीय लोगों से संवाद करने की योजना बताई।

उम्मीदवारों के अनुसार, सोशल मीडिया विंग से जुड़े कार्यकर्ताओं ने वट्सऐप ग्रुप, यूट्यूब, इंस्टा और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर लिंक साझा कर लोगों से जुड़ने की अपील की है। इसका उद्देश्य युवा वोटर्स के साथ संवाद स्थापित करना। एनसीपी (अजित पवार) की प्रत्याशी सुमन इंद्रजीत सिंह ने माता मंदिर में देवी का दर्शन किया। वहीं बीजेपी प्रत्याशी स्वाति संजय जायसवाल ने पहली बार चुनाव मैदान में उम्मीदवार के रूप में उतरने और मतदाताओं से मिलने का अनुभव साझा किया। शिवकुमार झा ने वर्चुअल संवाद के दौरान स्थानीय समस्याओं के समाधान की जानकारी दी।

864 परिवारों को इस महीने मिलेगा घर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : नायगांव बीडीडी चॉल में दशकों से छोटे घरों में रहने वाले 864 परिवारों के घरों का सपना आगामी कुछ दिन में पूरा होने वाला है। महाराष्ट्र गृहनिर्माण क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) ने पुरानी बीडीडी चॉल की जगह पांच बिल्डिंग खड़ी करने का काम पूरा कर लिया है। इन बिल्डिंग में तैयार 864 घरों की चाभी जनवरी के अंत तक स्थानीय लोगों को सौंप दी जाएगी। म्हाडा ने दिसंबर में ही नायगांव में 864 घरों को तैयार करने का काम पूरा कर लिया था। बीएमसी चुनाव में आचार संहिता लगे होने के चलते घरों की चाभी लोगों को नहीं दी जा सकी है। 15 जनवरी को मतदान और 16 जनवरी को चुनाव के नतीजे जारी होंगे। आचार संहिता के प्रतिबंध हटने के बाद म्हाडा ने 864 घरों की चाभी वितरित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। जनवरी के अंत तक कार्यक्रम कर लोगों को घर की चाभी सौंपने का निर्णय म्हाडा ने लिया है। इस कार्यक्रम के लिए म्हाडा की तरफ से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दोनों उपमुख्यमंत्रियों से इसके लिए समय मांगने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

500 वर्ग फुट का घर मुफ्त में दिया जा रहा है

पिछले साल अक्टूबर में म्हाडा ने वर्ली में तैयार 556 घरों की चाभी लोगों की सौंपी थी। बीडीडी प्रोजेक्ट के तहत म्हाडा 100 साल पुरानी चॉल को तोड़ उनकी जगह अलीशान बिल्डिंग तैयार कर रही है। योजना के तहत नागरिकों को 500 वर्ग फुट का घर मुफ्त में उपलब्ध कराया जा रहा है।

बाइक चोर गिरोह बेनकाब, तीन गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: डीएन नगर पुलिस ने पश्चिम उपनगर में बाइक चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम मुन्ना केदार माली, अरफाक इक्बाल मंसूरी और जनार्दन विश्वास बाणे उर्फ नाना हैं। ये लोग अंधेरी और जोगेश्वरी इलाके के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 46 बाइक बरामद की। इनकी कुल कीमत करीब 13 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी दिन में रेकी करते थे और रात के समय पार्क की गई बाइकों की चोरी कर उन्हें या उनके पार्ट्स को बेच देते थे। इनकी गिरफ्तारी से बाइक चोरी के कम से कम छह

बाइक रैली से अंतिम प्रचार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी उम्मीदवारों ने कार या बाइक रैली कर अधिक से अधिक वोटरों तक पहुंचने का अंतिम प्रयास किया। कुर्ला, कलीना, चांदीवली परिसर से चुनावी मैदान में उतरी सोनू जैन, साईदा खान, कासम मलिक, श्रीप्रकाश शुक्ला ने बाइक रैली कर अपने पूरे प्रभाग का दौरा किया। सुबह 10.30 के करीब प्रभाग क्रमांक 163 की कांग्रेस उम्मीदवार सोनू जैन ने बाइक रैली से अपने प्रचार की शुरुआत की। रैली की शुरुआत शम्सुद्दीन नगर से हुई थी।

रैली के जरीमरी के करीब पहुंचने ही पूर्व मंत्री नसीम खान भी रैली में शामिल हुए। खान के आते ही जैन बाइक के बजाय खुली जीप में सवार हो गईं। सैकड़ों समर्थक बाइकों पर जीप के पीछे चलते रहे। एक जगह रैली के रुकने पर खान ने लोगों को संबोधित कर सीए सोनू जैन को बारी मतों से जीताने की अपील की। खान ने कहा कि सोनू पढ़ी-लिखी युवा उम्मीदवार है। सीए होने के नाते योग्य तरीके से पैसों का इस्तेमाल कर सभी समस्याएं दूर कर पाएंगी। सोनू ने गंदगी, ट्रैफिक और पानी की समस्याओं से निजात दिलाने का दावा किया।

CM का 77, DCM का 51 स्थानों पर प्रचार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : राज्य की 29 महानगरपालिका के चुनाव प्रचार प्रभार में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अलग-अलग 77 स्थानों पर चुनाव प्रचार किया, तो उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने 51 स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। शिंदे का चुनाव प्रचार मुंबई में खत्म हुआ, जबकि मुख्यमंत्री फडणवीस ने चुनाव प्रचार पुणे में खत्म किया।

उद्धव ठाकरे ने 64 और आदित्य ने 55 जगहों पर किया प्रचार

राज्य चुनाव आयोग ने 15 दिसंबर, 2025 को 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव का ऐलान किया था। इसके बाद नामांकन भरने से लेकर चुनावी सभा, रैली, जुलूस और पदयात्राओं का दौर शुरू हो गया। चुनाव प्रचार में महायुति के घटक दल बीजेपी, शिंदे सेना ने उटकर प्रचार किया। वे मुंबई तक ही सीमित नहीं रहे। राज्य की सभी 29 महानगरपालिका में चुनाव प्रचार किया, जबकि सहयोगी दल अजित पवार का प्रचार-प्रसार पुणे और पिंपरी चिंचवड तक ही सीमित रहा। शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे ने 64 और आदित्य ठाकरे ने 55 जगहों पर प्रचार किया। हालांकि जहां मुख्यमंत्री फडणवीस ने 37 चुनावी सभाएं लीं, वहीं उद्धव ठाकरे ने सिर्फ 4 सभाएं लीं।

मकर संक्रांति पर 'मंदाकिनी महायोग'

सागर से संगम तक दान, स्नान और उत्तरायण का भाव

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: देशभर में मकर संक्रांति को लेकर इस बार असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कुछ लोग यह पर्व बुधवार को मना रहे हैं, तो कुछ गुरुवार को मनाएंगे। हालांकि, उत्सव की रंगत बुधवार से ही मुंबई की लोकल ट्रेनों, गलियों, झुग्गी-बस्तियों और गगनचुंबी इमारतों तक दिखाई देने लगी है। महानगर में अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं की खुशबू एक साथ घुलती नजर आ रही है।

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस वर्ष मकर संक्रांति पर 'देवताओं का प्रभात काल' और दुर्लभ 'मंदाकिनी संक्रांति महायोग' बन रहा है। उत्तरायण का यह पर्व मुंबई में समुद्र तटों, मंदिरों, झुग्गियों, ऊंची इमारतों और छतों पर कहीं तिल-गुड़ की मिठास के साथ, तो कहीं पतंगों की डोर थामे उत्साह के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन तिल-गुड़ और खिचड़ी का दान विशेष पुण्यदायी माना गया है।

आचार्य ऋषिराज तिवारी के अनुसार, बुधवार को षटतिला एकादशी व्रत और मकर संक्रांति का संयोग है। दोपहर 3:08 बजे सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे। मकर प्रवेश से 16 घटी पूर्व और 16 घटी पश्चात तक पुण्यकाल रहता है। इस अनुसार सुबह 8:44 बजे से रात 9:32 बजे तक स्नान का श्रेष्ठ समय माना गया है। तिल-गुड़ का दान 14 और 15 जनवरी दोनों दिन किया जा सकता है। ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि मंदाकिनी संक्रांति शांति, समृद्धि और लोककल्याण के लिए अत्यंत फलदायी होती है। बुधवार और अनुराधा नक्षत्र का संयोग व्यापार, शिक्षा और सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों के लिए शुभ संकेत है। आचार्य बालकृष्ण मिश्र के अनुसार, मकर संक्रांति वह दिन है जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं। भारतीय दर्शन में उत्तरायण को देवताओं का दिन कहा गया है। ऋषिकेश पंचांग के अनुसार, 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाना श्रेष्ठ है।

मकर संक्रांति के लिए मंगलवार को मुंबई में पतंगों से सजी दुकान।

महानगर में बिखरेंगे अनेक रंग

महाराष्ट्र में मकर संक्रांति का अर्थ है तिलगुड़ और मधुर संबंध। मुंबई की सेलेब्रिटियों में महिलाएं हल्दी-कुंकू का आयोजन करती हैं। तिलगुड घ्या, गोड गोड बोला (तिल-गुड़ लो, मीठा-मीठा बोलो) केवल कहावत नहीं, बल्कि महानगर की भागदौड़ में मिठास घोलने का संदेश है। वहीं, गुजराती समाज के लिए यह पर्व पतंग महोत्सव है। वहीं, राजस्थानी समाज मकर संक्रांति को उत्तरायण के रूप में मनाता है। महिलाएं तिल के लड्डू, घेवर और पारंपरिक पकवान बनाकर सास को बायना देती हैं। वहीं, पंजाब और हरियाणा के लोग इस त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी का उत्सव मनाया जाता है।

ऐसे मनाते हैं यूपी-बिहार से आए लोग

पूर्वांचल, यूपी और बिहार से आए लोग इस दिन खिचड़ी पर्व मनाते हैं। तिल, चावल और दाल का दान किया जाता है। वहीं, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लोग मकर संक्रांति पर पवित्र नदियों में स्नान कर सूर्य पूजन करते हैं। मुंबई में बसे लोग सूर्यदेव के समक्ष अर्घ्य देकर इस परंपरा को निभाते हैं। मुंबई में तमिल, तेलुगु और कन्नड़ समाज इस दिन रसनूरेक पोंगल का आयोजन करता है। वहीं, असमिया समाज इसे माघ बिहू या भोगाली बिहू के रूप में मनाता है।

तट से मंदिर तक श्रद्धा का प्रवाह: मुंबई में मकर संक्रांति के दिन लोग सूर्योदय के साथ स्नान कर सूर्य को अर्घ्य देते हैं और 'सूर्य नारायणाय नमः' का जप करते हैं। कई परिवार घरों में रंगाउल मिलाकर स्नान करते हैं, जिससे तीर्थ-स्नान का पुण्य प्राप्त किया जाता है।

BBA, BCA की प्रवेश परीक्षा का रजिस्ट्रेशन आज से

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र राज्य सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी) सेल ने शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए बीबीए, बीसीए, बीबीएम, बीएमएस, बीएलएमसीटी, इंटीग्रेटेड एमबीए और इंटीग्रेटेड एमसीए कोर्स के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार 16 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

एमबीए, एमएमएस, एमसीए, तीन और पांच वर्षीय एलएलबी, बीएड, एमएड, एमपीएड और एमएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षाओं का रजिस्ट्रेशन पहले ही शुरू हो चुका है। बी.डिजाइन, फाइन आर्ट्स और नर्सिंग कोर्स की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। छात्रों को आधिकारिक वेबसाइट पर समय पर आवेदन करने की सलाह दी गई है।

नाबालिगों के खिलाफ अपराध में बढ़ोतरी

2025 में 2,759 मामले सामने आए

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई में नाबालिगों के खिलाफ अपराध में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मुंबई पुलिस की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में नाबालिगों से जुड़े 2,759 मामले सामने आए थे, जबकि 2024 में यह संख्या 2,571 थी। नाबालिगों से जुड़े यौन उत्पीड़न के मामलों में 54.3% की बढ़ोतरी हुई। हालांकि, नाबालिगों से छेड़छाड़ के मामलों में 9.4% की गिरावट दर्ज की गई, जबकि अपहरण के मामलों में 15.7% और बलात्कार के मामलों में 7.2% की वृद्धि हुई है। अधिकांश मामलों में आरोपी पीड़िता के परिचित वाले ही होते हैं। अपहरण के कई मामले किशोरों के घर से भागने के दर्ज किए गए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार नाबालिग के लापता होने पर एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है।

AI Image

- नाबालिगों के खिलाफ दर्ज केसः 2,759 (2025) और 2,571 (2024)
- नाबालिग यौन उत्पीड़नः 54.3% तक वृद्धि
- नाबालिगों से छेड़छाड़ः 9.4% तक कमी
- अपहरण के मामलेः 15.7% तक वृद्धि
- बलात्कार के मामलेः 7.2% तक वृद्धि

महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 13% का इजाफा: महिलाओं के खिलाफ दर्ज अपराधों में 13% का इजाफा हुआ है। 2024 में 4,470 मामले दर्ज थे, जो 2025 में बढ़कर 5,052 हो गए। वहीं, ट्रेजेज के लिए होने वाली हत्याओं और आत्महत्याओं से जुड़े मामलों में कमी आई है। वहीं, पुलिस के कारंसलिंग सेंटर, महिला आयोग की पहल और हेल्पलाइन 122 जैसी सुविधाओं से पीड़ितों को कानूनी और मानसिक सहयोग मिल रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्ट्रीट क्राइम रोकने के लिए गश्त बढ़ाने, त्वरित पुलिस कार्रवाई और सुरक्षित सार्वजनिक स्थलों पर जोर दिया है।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अकादमिक

शिक्षक

REQ Computer Teacher knowing MSOffice, basics for a primary section school in Thane, Dockyard, Goregaon. Tel : 98205 20034

REQD-TEACHER for Maths, Physics, Chemistry & Hindi. IGCSE Experienced Preferred. Ghatkopar, Apply: rushikul.vidy@gmail.com

B.A., M.A., B.Ed., (ENG), B.Sc., B.Ed., (PCM), B.P.Ed., D.Ed., E.C.C.Ed Qualified lady teachers required for English Medium SSC Board School in Central Mumbai. Experienced teachers may also apply for the post of H.O.D./H.M. email your CV to - teachersvacancy2026@gmail.com

REQUIRED
TEACHERS
For Centrally Situated Aided English Medium Minority School : SHIKSHAN SEVAK
STD. IX / X
B.Sc. B.Ed. English/Science
STD. VI / VIII
B.Sc. B.Ed. / D.Ed. with Maths / Science
B.A. / B.Ed.
English / Social Studies with CTET / TET
JR. CLERK
with Computer knowledge
Apply - Principal
SHRI. BANSIDHAR Aggarwal Model School
270/271, Wadala (West) Mumbai - 400 031

लेखा

लेखा और वित्त

GOREGAON (E)- Reputed firm Req "Accountant & Admin"Administrative Work Import Export paperwork, payment (knowledge of GST & computer) Send CV + photo on info@jalaramgroup.co.in / 022-49452222

CA firm requires Account Assistant & Back Office Staff @ Vile Parle East. Contact 9821046667, Email: efilingsolutions@gmail.com

अकाउंटेंट (लेखाकार)

REQD Female Accountant Assistant for Pvt Ltd Engineering Co. at Western Suburb with min 5-10 yrs of exp. Whatsapp CV: 9892358106

REQD. BCom experienced accounts assistant knowing Excel, GST also. Location Sewree west Contact 9820080363 Email:- rumashah@icloud.com

REQD. Jr. / Sr. Accountant - B.Com / M.Com, Graduate / C.A. Inter with 5 to 10 yrs. exp. in advance Tally Package & Taxation. Send resume to: info@karatmeter.com / Tel. 022-25005011/12

WE are looking for an accountant with at-least 5 years of experience. Working knowledge in Tally, GST, Banking & MIS, a must. Office location: Andheri E, Sakinaka Contact: systems.bn@brindustries.com

प्रशासन

कार्यालय सहायक

WANTED OFFICE ASSISTANT for Chemical Factory in Dombivli MIDC Email to: namaste@nutsonaldyechem.com

REQUIRE Office Boy/Girl. Age: 18 to 30 years for travel agency. 1-2 years experience of Computers & MS Office. Call 9833721009

प्रबंधक

LOGISTIC Company Wanted Manager for Mumbai, Chennai & Delhi. Min 5 years exp in the same field. Interested Candidates can apply for the same post. Send your CV sunil@uniqueairfreight.com

कार्यकारी अधिकारी

Required
Executive Secretary for Chemical Focused Industry Association.
Work Experience: 5 years minimum, with good computer skills.
Must be fluent in English.
Location: Mumbai City.
Please send CV to: chembuy@proton.me

विपणन, विज्ञापन और बिक्री

बिक्री

ESTATE Agent- South Mumbai requires Young Field Salesmen, age 20-40, on Comm+ Salary, preferably staying in South Mumbai 9821074887.

विपणन (मार्केटिंग)

REQD. Marketing Executives - BE / Dip. / M.Sc. / B.Sc. with 4 to 5 yrs. exp. Instrumentation. Preferably MBA. Send resume to: info@karatmeter.com / Tel. 022-25005011/12

WANTED Young Female, Good Looking, Confident, Fluent in Communication, For Marketing Warehousing Projects . Send Profile / Photo on Whatsapp - 9082301177

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

More TIMES interact ads on subsequent pages...

BOOK YOUR RECRUITMENT ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Faridi 9594 343 468 Jitesh Dominic 9867 407 521
To Book Online Log on To Adstimesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

मकर संक्रांति स्पेशल

TIMES interact
READER ENGAGEMENT INITIATIVE

स्वस्थ आंत का रहस्य
JAVERIAN'S Jivan Mixture® Since 1910

• ८ अत्यंत प्रभावी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का मिश्रण
राहत देता है:
• अपचन
• गैस
• अम्लता (ऍसिडिटी)
• अनियमित मल त्याग
नए MRP पर उपलब्ध
१० मिली. - ₹१४/-
३० मिली. - ₹४५/-
६० मिली. - ₹८४/-
१०० मिली. - ₹१११/-
सभी मेडिकल और आयुर्वेदिक स्टोर पर उपलब्ध।
amazon पर उपलब्ध
100%
हेल्पलाइन ९१५२५ ७६०००
१९१० से भरोसेमंद आयुर्वेदिक उपाय

सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति मुंबई में सिर्फ हर्ष व उल्लास का संकेत नहीं देता, बल्कि यह शहर की तेज रफ्तार जिंदगी के बीच ठहराव, मेल-जोल और उत्सव का मौका भी बन जाता है। इस दौरान छतों, मैदानों और बीच पर रंग-बिरंगी पतंगें आसमान सजाने लगती हैं और घरों में तिल-गुड़ की खुशबू फैल जाती है, तब मुंबई अपने अलग ही रंग में नजर आती है।

पतंगबाजी और नई व पुरानी परंपराओं का मिलन

AERO CAMP
BrainHap
EXAM PREPARATION MASTERCLASS
Smart Exam Preparation • Counselling • Student Success
THIS MASTERCLASS SHARES PROVEN EXAM TIPS TO HELP YOUR CHILD RANK IN TOP 10
Smart Revision & Memory Techniques
Exam Counselling & Stress Management
Strong vs Weak Subject Strategy
Personalised Study Calendar

Limited Seats. Register Now !
Use Code : EXAMOFFER ~~₹1299~~ ₹499/-
Session by IIT Bombay-Trained Counsellor
SCAN TO REGISTER
Call us or send Hi on WhatsApp +918368108885
Social Media
www.aerocamp.in www.brainhap.com

Summer Holidays 2026
शुद्ध शाकाहारी और जैन ग्रुप टूर्स
युरोप With Kitchen Caravan
बेस्ट ऑफ युरोप १४ दिन
ग्रैंड युरोप १८ दिन इटली के साथ
यूएसए - २१ दिन
SFO - Lake Tahoe - Mammoth Lake - Las Vegas
LA - Niagara - Washington - Newyork - Orlando
वंडर्स ऑफ युरोप - १३ दिन
Prague - Salzburg - Zell Am See - Vienna - Budapest
ऑस्ट्रेलिया - १३ दिन
Sydney - Cairns - Gold Coast - Melbourne
डिस्कवर स्कैंडिनेविया - १३ दिन
Copenhagen - Bergen - Oslo - Stockholm - Helsinki
अधिक जानकारी के लिए जांच करें :
Guideline
HEAD OFFICE : 4062 2222
GHATKOPAR: 07690 94408 | KANDIVALI: 06198 23156

मकर संक्रांति पर तिल गुड़ से बनी मिठाईयां और पकवान बनाने की परंपरा है। माना जाता है कि तिल से बनी चीजों में भरपूर मात्रा में पोषण होता है, यह सेहतमंद होने के साथ स्वादिष्ट भी होते हैं।

Abhishek.Singh2@timesofindia.com

मुंबई में मकर संक्रांति उन चुनिंदा पर्वों में से है, जो हर साल करीब-करीब एक ही तारीख को मनाया जाता है। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है और उत्तरायण की शुरुआत होती है। धार्मिक दृष्टि से इस दिन दान-पुण्य, पूजा-पाठ और स्नान का महत्व माना जाता है, वहीं शहरी जीवन में यह पर्व अब एक सोशल और फैमिली सेलिब्रेशन का रूप भी ले चुका है। सोसायटी टैरेस, खुले मैदान और समुद्र किनारे पतंग उड़ाने के आयोजन होते हैं। कई हाउसिंग सोसायटीज में सामूहिक पूजा, बच्चों के लिए गेम्स और शाम को कॉकटेल पेरिटपवल आयोजित किए जा रहे हैं।

त्योहार मनाने के लिए सज गए बाजार

मकर संक्रांति की आहट के साथ ही मुंबई के लोकल बाजारों, दादर, भायखला, चोरीवली, मुलुंड और ठाणे, में रौनक लौट आई है। तिल, गुड़, मूंगफली और चावल की मांग में तेजी देखी जा रही है। मिठाई की दुकानों पर चिक्की और तिल के लड्डू सबसे ज्यादा बिक रहे हैं। दादर के एक दुकानदार रमेश बनर्जी बताते हैं, "मकर संक्रांति को नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। लोग इस दौरान शुभ कामों की शुरुआत करते हैं, इसलिए बाजार में भी अच्छा रिस्पॉन्स मिलता है।" इस साल ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों प्लेटफॉर्म पर खरीदारी बढ़ी है। खासतौर पर इको-फ्रेंडली पतंगें और सेफ मांझे की डिमांड में बढ़ोतरी हुई है, जिससे स्थानीय कारीगरों और छोटे व्यापारियों को लाभ मिल रहा है।

स्वास्थ्य और पर्यावरण पर विशेष बल

इस साल मुंबई में मकर संक्रांति के उत्सव में स्वास्थ्य और पर्यावरण को लेकर जागरूकता साफ दिखाई दे रही है। लोग चाइनीज मांझे के बजाय सूती और सुरक्षित धागे को प्राथमिकता दे रहे हैं। कई एनजीओ और रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सुरक्षित पतंगबाजी को लेकर जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं। साथ ही, हेल्थ-कॉन्शस मुंबईकर कम शक्कर वाली मिठाइयों और घर पर बने पारंपरिक व्यंजनों को तरजीह दे रहे हैं।

पीढ़ियों को जोड़ता पर्व

मुंबई जैसे महानगर में मकर संक्रांति का सबसे खूबसूरत पहलू यह है कि यह बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों, सभी को एक साथ जोड़ती है। दादा-दादी की कहानियां, माता-पिता की परंपराएं और बच्चों का उत्साह मिलकर इस पर्व को जीवंत बना देते हैं। यह सिर्फ एक दिन का त्योहार नहीं, बल्कि परंपरा को आधुनिक जीवन के साथ जोड़ने और अगली पीढ़ी तक सांस्कृतिक विरासत पहुंचाने का सशक्त माध्यम है, जो मुंबई की विविधता और एकता, दोनों को खूबसूरती से दर्शाता है। यह बातें इस पर्व को खास बनाती हैं।

मकर संक्रांति देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाई जाती है, लेकिन इसका भाव एक ही है सकारात्मक ऊर्जा के साथ समृद्धि की नई शुरुआत।

तैयारियों से घरों में छाई रौनक

मुंबई के घरों में मकर संक्रांति से पहले खास तैयारियां शुरू हो जाती हैं। महिलाएं तिल के लड्डू, चिक्की, गजक और पुरणपोली जैसी पारंपरिक मिठाइयां तैयार करती हैं। इस साल एक नया ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है, कम शक्कर और ऑर्गेनिक तिल-गुड़ से बनी मिठाइयों की लोकप्रियता बढ़ी है। बच्चों के लिए डिजाइनर और थीम-बेस्ड पतंगें खरीदी जा रही हैं, जबकि कई परिवारों में बाहर से ऑर्डर करने का चलन भी बढ़ा है, खासकर वर्किंग कपल्स के बीच।

नई-पुरानी परंपराओं का संगम

शहरी जीवनशैली ने उत्सव मनाने के तरीकों को भले ही बदला हो, लेकिन लोहड़ी की मूल भावना आज भी वही है। गांव के आंगनों की जगह अपार्टमेंट की छतें ले लेती हैं, पारंपरिक गीतों के साथ क्यूरेटेड प्लेलिस्ट जुड़ जाती हैं, फिर भी बॉनफायर, अर्पण और साझा भोजन कायम रहते हैं। युवा परिवार लोहड़ी नई जगहों की समझ के साथ अपना रहे हैं। वह भी इसे दोस्तों के साथ मनाने, जीवन का आनंद लेने और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने के अवसर के रूप में देखते हैं। यह ऐसा त्योहार है, जिसमें सब लोगों साथ आकर मौज-मस्ती करते हैं। दोस्त आपस में मिलकर पतंगों के पेंच लड़ाते हैं और जब तक दिन ढल नहीं जाता है, तब तक पतंगे आसमान से नहीं उतारते हैं।

स्वाद और सेहत का खजाना

तिल और गुड़ से बनी चीजें भारतीय खानपान का पारंपरिक हिस्सा हैं और सेहत के लिहाज से बेहद पौष्टिक मानी जाती हैं, खासकर सर्दियों के मौसम में। तिल में भरपूर मात्रा में कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने, मांसपेशियों को ताकत देने और शरीर को ऊर्जा प्रदान करने में मदद करते हैं। वहीं गुड़ आयरन का अच्छा स्रोत है, जो खून की कमी को दूर करने और हीमोग्लोबिन के स्तर को बेहतर बनाए रखने में सहायक होता है। तिल और गुड़ का संयोजन पाचन तंत्र के लिए भी लाभकारी माना जाता है। यह आंतों को सक्रिय रखता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। इनसे शरीर को ऊर्जा मिलती है, जिससे सेहत से जुड़ी कई परेशानियां कम हो सकती हैं। इसके अलावा, तिल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होते हैं, जबकि गुड़ शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है।

तिल-गुड़ से बनी मिठाइयां जैसे लड्डू, चिक्की और गजक न सिर्फ स्वादिष्ट होती हैं, बल्कि यह इंस्टेंट एनर्जी भी देती हैं। हालांकि, इनका सेवन संतुलित मात्रा में करना जरूरी है। सही मात्रा में खाए जाने पर तिल और गुड़ से बनी चीजें सेहत को संपूर्ण पोषण प्रदान करती हैं और पारंपरिक स्वाद के साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखती हैं।

C. BHOGILAL
WEST - END
Bathroom Specialist since 113 Years
Now Century Old Legacy of Trust & Service is Redefining luxury in Bath
Most Modern Design Fitting's From
hansgrohe www.hansgrohe.com Made In Germany
AXOR axor-design.com

Now Offered at our Showrooms with Live Display
C. BHOGILAL
WEST END - VILE PARLE (W)
B1, Hem Colony, S.V.Rd., Mumbai 56.
www.cbwestend.com
info@cbwestend.com, Rakesh 9820092095
Call 022 61523100, Chetan 9820081807
Xclusive - MAHALAXMI
Previously C.Bhogilal south - End
Block 30-32, laxmi woolen mill Compound, Mumbai-400 011.Tel: +912249729563.
Mr. Dipen Gada: 9870144419

श्री साई राम
रामदेव अंतरराष्ट्रीय कुरियर सेवा
हम दुनिया भर के देशों के लिए इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट सर्विस देते हैं।
दवाओं, खाने-पीने की चीज़ों, तेल और दूसरे लिक्विड, केमिकल और बहुत कुछ।
किसी भी पूछताछ के लिए कृपया कॉल करें।
91674 17756/9082482649/91526 58168
E-mail : shreeramdevcrr@gmail.com Website : www.ramdevintl.com

इसलिए खास होता है मकर संक्रांति का पर्व

- सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व, जो कि नई शुरुआत का प्रतीक है
- तिल-गुड़ और पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू से बढ़ती है रौनक
- बाजारों में मिठाइयों, अनाज और पतंगों की बढ़ जाती है मांग
- किसानों के लिए फसल कटाई का उत्सव और खुशी मनाने का समय

नीले आसमान में रंगीन पतंगे

मकर संक्रांति पर पतंगबाजी का उल्लास हर उम्र के लोगों को एक साथ जोड़ देता है। नीले आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें जब लहराने लगती हैं, तो माहौल अपने आप उत्सवमय हो जाता है। छतों पर परिवार और दोस्तों की टोलियां जमा होती हैं, ढोलक, संगीत और हंसी-ठहाकों के बीच पतंग उड़ाने का आनंद लिया जाता है। "वो काटा वो काटा" की गूंज उत्साह को दोगुना कर देती है। बच्चों का उत्साह, बड़ों की प्रतिस्पर्धा और जीत-हार की खुशी इस पर्व को खास बनाती है। पतंगबाजी न केवल मनोरंजन है, बल्कि आपसी मेल-जोल और सामूहिक आनंद का प्रतीक भी है।

BOOK YOUR SHOPPING ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Jitesh Dominic
9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Adstimesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: cci Time: 01-13-2026 23:07 Color:

ZP और पंचायत समितियों के चुनाव 5 फरवरी को

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

स्थानीय निकाय चुनावों के तहत मंगलवार को जिला परिषद और पंचायत समितियों के चुनाव की घोषणा हो गई है। इसके लिए 5 फरवरी को वोटिंग और 7 फरवरी 2026 को मतगणना होगी। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने बताया कि 16 जनवरी से 21 जनवरी के बीच नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच 22 जनवरी को की जाएगी। 27 जनवरी को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 27 जनवरी को अंतिम उम्मीदवार की सूची और चुनाव चिह्न का वितरण किया जाएगा। 5 फरवरी को सुबह 7:30 से शाम 5:30 बजे तक मतदान होगा और 7 फरवरी को मतगणना और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

ये चुनाव रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पुणे, सतारा, सांगली, सोलापुर, कोल्हापुर, छत्रपति संभाजी नगर, परभणी, धाराशिव और लातूर जिलों में होंगे। चुनाव आयुक्त वाघमारे ने कहा कि इन चुनावों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा एक जुलाई, 2025 तक तैयार की गई मतदाता सूची का इस्तेमाल किया जाएगा। नियमों के अनुसार, मतदाता सूचियों को जिला परिषद और पंचायत समिति के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अलग-अलग कर दिया गया है और इस स्तर पर नाम जोड़े या हटाए नहीं जा सकते हैं।


AI Image

नामांकन पत्र ऑफलाइन स्वीकार किए जाएंगे: राज्य चुनाव आयोग

राज्य चुनाव आयोग के अनुसार, 12 जिला परिषद की 731 सीटों और 125 पंचायत समितियों की 1,462 सीटों के लिए चुनाव होगा। चुनाव में महिलाओं के लिए जिला परिषद में 369 और पंचायत समितियों में 731 सीटें आरक्षित हैं। चुनाव के लिए लगभग 25,482 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। उम्मीदवारों की मांग को देखते हुए नामांकन पत्र ऑफलाइन स्वीकार किए जाएंगे। चुनाव के दौरान खर्च की सीमा आयोग ने तय की है। उनके अनुसार, जिला परिषद के लिए अधिकतम 9 लाख रुपये और पंचायत समिति के लिए 6 लाख रुपये तक की खर्च सीमा तय की है। आरक्षित सीटों के उम्मीदवारों को यदि अभी प्रमाणपत्र नहीं मिला है, तो वे आवेदन की रसीद जमा कर सकते हैं, लेकिन जीतने के 6 महीने के भीतर प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।

16 से 21 तक नामांकन, 7 फरवरी को मतगणना

अंतिम फैसला सुप्रीम कोर्ट करेगा

राज्य चुनाव आयुक्त वाघमारे ने बताया कि जिस जिला परिषद और पंचायत समितियों में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक है, वहां दूसरे चरण में मतदान कराया जाएगा। इस बारे में अंतिम फैसला सुप्रीम कोर्ट करेगा।

चुनाव कार्यक्रम

- 12 जिला परिषद की 731 सीटों और 125 पंचायत समितियों की 1,462 सीटों के लिए मतदान होगा
- 16 जनवरी से 21 जनवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे
- 22 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच
- 27 जनवरी नाम वापसी की आखिरी तारीख
- 27 जनवरी को ही चुनाव चिन्ह वितरण
- 5 फरवरी को मतदान
- 7 फरवरी को मतगणना, परिणाम

उल्हासनगर चुनाव के लिए कड़ा बंदोबस्त

■ NBT NBT न्यूज, उल्हासनगर

उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़ा सुरक्षा बंदोबस्त किया है। 15 जनवरी को होने वाले मतदान के लिए शहर में 1025 पुलिसकर्मी, 1050 होमगार्ड, 220 पुलिस अधिकारी और एसआरपीएफ की दो प्लाटून तैनात किए जाएंगे।

- एसआरपीएफ की दो प्लाटून होंगी तैनात
- मतदान केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल

चुनाव के दिन दो डीसीपी, चार एसीपी, एक अतिरिक्त पुलिस आयुक्त और 25 पुलिस निरीक्षक तैनात रहेंगे। हर मतदान केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा।

बता दें कि उल्हासनगर मनपा की 78 सीटों के लिए मतदान किया जाएगा। यहां बीजेपी सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। शिवसेना शिंदे गुट ने टीम ओमी कालानी और साईं पार्टी से गठबंधन किया है। मनसे और उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के बीच यहां गठबंधन हुआ है। कांग्रेस और एनसीपी भी चुनाव मैदान में हैं। इस सबके चलते यहां चुनाव मुकाबला बहुकोणीय हो गया है।

AI Image

BMC चुनाव के लिए 1023 बसें की गईं आरक्षित

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव के लिए बुधवार और गुरुवार के लिए बेस्ट की 1023 बसों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। इसके चलते 14 और 15 जनवरी को बेस्ट बस सेवा पर असर पड़ेगा। बेस्ट प्रशासन के मुताबिक, बीएमसी चुनाव में तैनात कर्मचारियों और मतदान सामग्री को केंद्रीय चुनाव केंद्रों से सीधे मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए बेस्ट की 1023 बसों को आरक्षित किया गया है। इन बसों का उपयोग चुनाव से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए किया जाएगा। बसों की इतनी बड़ी संख्या में चुनाव ड्यूटी में तैनाती के कारण इन दो दिनों में कई नियमित बस मार्गों पर बस फेरे कम हो सकते हैं। बेस्ट प्रशासन ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध बसों के जरिए सेवाओं को संतुलित करने की कोशिश की जाएगी। दोनों दिन शहर की बस सेवाओं पर असर पड़ेगा। बेस्ट प्रशासन के मुताबिक, बीएमसी चुनाव में तैनात

मानखुर्द–शिवाजी नगरः जनता को लुभाते दिखे पांचों कैंडिडेट

चुनाव मैदान से NBT LIVE

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ मुंबई: मानखुर्द–शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र के प्रभाग क्रमांक 137 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे पार्टी प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन ने सोमवार को बीएमसी की गाइडलाइन के अनुसार सुबह ठीक 11 बजे अपना चुनाव प्रचार शुरू किया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ निजामुद्दीन राईन गले में कांग्रेस का पंजा वाला दुपट्टा और सिर पर टोपी पहने प्रचार के लिए निकले। पीछे चल रहे कार्यकर्ता जोरदार नारों के साथ माहौल को पूरी तरह चुनावी रंग में रंगते हुए दिखे। कई युवा मोटरसाइकिलों पर कांग्रेस का झंडा लहराते हुए रैली के आगे–पीछे चल रहे थे।

प्रचार के दौरान निजामुद्दीन राईन मतदाताओं से हाथ मिलाते, उनका हालचाल पूछते और वोट की अपील करते नजर आए। कई जगहों पर वे बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते भी दिखाई दिए। यह प्रचार रैली दोपहर करीब 3 बजे तक चली। रैली के साथ एक पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के तहत लगातार मौजूद रहा।

हाथों में पार्टी के झंडे, पीछे–पीछे नारे लगाते कार्यकर्ता और मोटरसाइकिलें पर सवार युवाओं की मौजूदगी ने पूरे इलाके को किसी जुलूस जैसे माहौल दे दिया। राह चलते लोग उम्मीदवार से हाथ मिलाते, कहीं गले लगाते तो कहीं दुकानों और घरों पर चुनावी स्टिकर चिपकाते हुए दिखाई दिए। लाइव माहौल में साफ दिख रहा था कि क्षेत्र में युवा चेहरे को लेकर मतदाताओं में उत्सुकता है। गौरतलब है कि प्रभाग 137 पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है, जिससे सामाजिक समीकरण चुनाव को और दिलचस्प बना रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, निजामुद्दीन राईन मुस्लिम समाज में आते हैं, जिसकी इस इलाके में अच्छी–खासी आबादी है।

इस प्रभाग में मुकाबला त्रिकोणीय से भी आगे निकलता दिख रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी निजामुद्दीन राईन का सीधा मुकाबला शिवसेना (यूबीटी) के मशाल निशान पर चुनाव लड़ रहे महादेव अंबेकर और शिवसेना (शिंदे गुट) की बाण निशान पर चुनावी मैदान में उतरी आयशा रफीक से है। वहीं समाजवादी पार्टी और AIMIM ने भी अपने-अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं, जिससे कुल पांच उम्मीदवारों के बीच मुकाबला और रोचक हो गया है।

आखरी दिन बिना ब्रेक चला कैंडिडेट्स का प्रचार-प्रसार

भांडुप में जेनी शर्मा के साथ मजबूती से खड़े दिखे कार्यकर्ता

चुनाव मैदान से NBT LIVE

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ मुंबई: भांडुप के प्रभाग क्रमांक 110 में मंगलवार को आम दिनों की बनाय जल्दी प्रचार शुरू हो गया। सुबह नौ बजे से कैलास पार्क इलाके में झंडे-बैनर के साथ बीजेपी उम्मीदवार जेनी शर्मा के ऑफिस में इकट्ठा होने लगे। विशेष रूप से तैयार वाहन में शर्मा सवार हुईं। हनुमान मंदिर से कार्यकर्ताओं की रैली शुरू हुई। जेनी के साथ बीजेपी नेता

संजय शर्मा मतदाताओं का अभिवादन कर रहे थे। इस दौरान जेनी मतदाताओं को भांडुप की समस्या के समाधान का वादा लगातार कर रही थीं। प्रचार में कब दोपहर के दो बज गए, किसी को पता ही नहीं चला। आम दिनों में दोपहर बाद भोजन के लिए ब्रेक लिया जाता था। चूंकि मंगलवार को प्रचार का अंतिम दिन था, इसलिए बिना ब्रेक चुनाव प्रचार चला। शर्मा का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार आशा कोपरकर से है।

भांडुप जैसी स्थिति मुलुंड के प्रभाग क्रमांक 104 में कांग्रेस उम्मीदवार हेमंत बापट के चुनावी कार्यालय में थी। बापट ने प्रचार के बाद शाम चार बजे भोजन किया। इसी प्रभाग में बीजेपी प्रत्याशी प्रकाश गंगाधरे के कार्यकर्ता शक्ति प्रदर्शन करते दिखे। प्रभाग 107 में रामगढ इलाके में बीजेपी प्रत्याशी नील सोमैया ने भी जोरदार प्रचार किया।

72 वर्षीय कैंसर पीड़ित ने की खुदकुशी

■ NBT न्यूज, बिहार : बिहार पुलिस स्टेशन क्षेत्र के मनखेलपाड़ा इलाके में सोमवार को 72 वर्षीय कैंसर पीड़ित वृद्ध ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार मनखेलपाड़ा, कारगिल नगर स्थित गोविंद पैराडाइज अपार्टमेंट में रहने वाले रामचंद्र महादेव नवनकर (72) कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। गंभीर बीमारी के चलते वह काफी परेशान रहते थे। इसी क्रम में सोमवार को उन्होंने इमारत की छत के गेट पर साड़ी बांधकर फांसी लगा ली। पुलिस एडीआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

बीमारी के चलते कुछ रहते थे परेशान

स्टेट अपडेट

'BJP-शिवसेना की जीत पर संदेह नहीं'

■ भाषा, नागपुर : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विश्वास व्यक्त किया कि नागपुर महानगर पालिका में बीजेपी-शिवसेना गठबंधन सत्ता में आएगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के पास नागपुर को देने के लिए कुछ भी नहीं है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन फडणवीस ने भारत माता चौक से एक रोड शो किया।

'महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी शिवसेना'

■ भाषा, पुणे: शिवसेना की वरिष्ठ नेता नीलम गोरहे ने पुणे नगर निगम चुनाव में अपनी पार्टी को अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद जताई है, जिससे निगम में निर्णय लेने की प्रक्रिया पर प्रभाव डाला जा सके। सत्तारूढ़ महायुति में शामिल एकनाथ शिंदे की शिवसेना 15 जनवरी को हो रहे पुणे निगम का चुनाव अलग लड़ रही है।

ओवैसी ने RSS पर साधा निशाना

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर: एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस के योगदान पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि संघ संस्थापक के बी हेडगेवार को अंग्रेजी हुकूमत का विरोध करने के लिए नहीं, बल्कि 'खिलाफत आंदोलन' का समर्थन करने के लिए जेल भेजा गया था।

देशी शराब के अवैध अड्डे पर पुलिस की रेड

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई

पनवेल के शेलघर की पहाड़ियों पर चल रहे अवैध शराब के अड्डे पर रेड डालकर पुलिस ने करीब 1200 लीटर कच्ची शराब, शराब तैयार करने के लिए इस्तेमाल होने वाला रसायन नष्ट कर लिया है। पुलिस के अनुसार जब्त सामग्री की बाजार में कीमत लगभग 10 लाख 80 हजार रुपये है। मौके पर मौजूद चार

लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

पुलिस के अनुसार नवी मुंबई क्राइम ब्रांच को टिप मिली थी कि पनवेल के शेलघर क्षेत्र में मौजूद पहाड़ियों पर कच्ची शराब बनाने का व्यवसाय चल रहा है। इसके बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया और उसे अवैध शराब के अड्डे पर रवाना किया। वहां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के अड्डे को नष्ट कर दिया और चार लोगों को हिरासत में ले लिया। आगे की कानूनी कार्रवाई पनवेल पुलिस करेगी।

जनता की मांग

सड़कों पर स्ट्रीट लाइट, CCTV की सख्त जरूरत

मीरा-भाईंदर के प्रभाग क्रमांक 12 में रोड पर स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी कैमरे की सख्त जरूरत है। साथ ही यहां पर पानी की कमी की समस्या भी बहुत गंभीर है। रात्रि चौक के आगे सीमेंटेड रोड भी नहीं बनी है। सड़कें जब्ब-खाब्ब होने से आए दिन हादसे का डर बना रहता है। यह मांग हम नवनिर्वाचित नगर सेवक से करते है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

-गिरीश शर्मा

भेजें वॉर्ड की समस्याएं

आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं है, जिनको समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते है, हमे अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिखा भेजें वॉट्सप ऐप नंबर 9967397376 पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से जनता की मांग वॉर्डवार के ताल पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

इन 5 चेहरों की चुनाव में सबसे अधिक चर्चा

कोई विवादों के कारण रहा सुर्खियों में, तो कोई बना पार्टी के लिए संकट मोचक

विजय पांडे, मुंबई: बीएमसी के चुनाव का प्रचार खत्म हो गया है। लंबे इंतजार के बाद हो रहे इन चुनावों में कई पक्षीय मुकाबला हो रहा है। चुनाव की घोषणा से लेकर प्रचार तक विभिन्न लोग चर्चा में रहे। इनमें से हम जिक्र कर रहे है कुछ चुनिंदा चेहरों का:

1 दिनेश वाघमारे, राज्य चुनाव आयुक्त

चुनाव की घोषणा से लेकर आचार संहिता के उल्लंघन तक हर मसाल के जवाब के लिए लोग राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे की तरफ नजरें हैं। इन चुनावों को करवा राज्य चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती थी। क्योंकि महाराष्ट्र में दो बड़ी पार्टियों में बंटवारा हो चुका था और पार्टियों की संख्या बढ़ गई थी। मनसा, नगरपरिषद, नगरपंचायत, जिला परिषद समेत सभी चुनाव एक साथ करवाने के लिए संसाधन जुटाना भी बड़ी चुनौती थी।

2 राहुल नार्वेकर, अध्यक्ष, विधानसभा

राहुल नार्वेकर के परिवार के 3 सदस्यों को बीजेपी ने टिकट दिया। बीजेपी पर 'अतिक्रमण' के भी आरोप लगे। टिकट मिलने की खुशी खत्म ही नहीं हुई थी कि नार्वेकर के आखिरी दिन कई इच्छुक द्वारा नामांकन में अड़चन पैदा करने और व्यवस्था को प्रभावित करने के कथित आरोप भी उन पर लगे। राज्य चुनाव आयोग को इस पर रिपोर्ट मांगनी पड़ी। नार्वेकर के भाई मकरंद की संपत्ति में करीब 2000% से ज्यादा की बढ़ोतरी पर भी जमकर सवाल उठे।

3 संजय राउत, सांसद उद्धव सेना

बीएमसी चुनाव की सुगबुगाहट के बीच संजय राउत की बीमारी की खबर काफी चर्चा में रही। उन्होंने खुद ही सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी बना ली। उद्धव सेना के लिए यह किसी झटके से कम नहीं था। एक तरफ राज ठाकरे से गठबंधन की चर्चा और दूसरी तरफ मीडिया में उठ रहे सवाल, इनका जवाब देने के लिए पार्टी के पास कोई दमदार चेहरा नहीं था। हालांकि, चुनाव आते ही राउत सक्रिय हो गए और विविध मंचों से पार्टी के लिए प्रचार किया।

4 हर्षवर्धन सपकाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

वरिष्ठ हुए अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा के बावजूद अधिक अनुभव आघाडी के साथ वरिष्ठा का गठबंधन करने में हर्षवर्धन सपकाल की अहम भूमिका रही। लंबे समय से वंचित को साथ लाने के लिए कोशिश कर रही कई दिग्गज नेताओं से इतर ले प्रोफाइल सपकाल यह पूरी करा पाए। हालांकि, इस दौरान वर्षा गायकवाड की गैर-मौजूदगी और सीट बंटवारे में हुई गड़बड़ी से वरिष्ठा द्वारा कई सीटों पर उम्मीदवार न देने से पार्टी की खूब किरकिरी भी हुई।

5 नवाब मलिक अध्यक्ष, NCP, मुंबई

महाहुति में अजित पवार द्वारा साथ चुनाव न लड़ने की वजह नवाब मलिक रहे हैं। बीजेपी ने मलिक के पास कमल रहते हुए गठबंधन न करने की घोषणा कर दी थी। जिसके बाद अजित की पार्टी अकेले ही 94 सीटों पर मैदान में उतर गई, जिसमें 23 मुस्लिम प्रत्याशियों ने नामांकन भरा है। जिसके के मुस्लिम वोटों की उम्मीद को झटके बड़ा झटका लगा। मलिक के परिवार के भी तीन सदस्यों के टिकट पाने पर भी सवाल उठे।

ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव, 3500 ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात

15 और 16 जनवरी को नो एंट्री, नो-पार्किंग लागू, वैकल्पिक मार्ग होंगे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मतदान और मतगणना को शांतिपूर्ण व सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 3500 पुलिसकर्मियों के अलावा ट्रैफिक वार्डन को तैनात किया गया है। मुंबई के विभिन्न ट्रैफिक जोन में अस्थायी चेतावनी बदलाव लागू किए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस ने पश्चिम उपनगर, पूर्वी उपनगर और दक्षिण मुंबई समेत अन्य डिविजनों में नो एंट्री, और नो-पार्किंग के आदेश जारी किए हैं।

पश्चिम उपनगर ट्रैफिक डिवीजन के अनुसार, 15 जनवरी को सुबह 6 से शाम 7 बजे तक सांताक्रुज क्षेत्र में एलएस रोड नंबर-6 और टीबीएस रोड नंबर-3 को पूरी तरह बंद रखा जाएगा। वहीं, 16 जनवरी को मतगणना के दौरान जुहू तारा रोड से सहने गृहनी रोड तक लिंकिंग रोड की टेनर्स लेन बंद रहेंगी। अंधेरी-कुर्ला रोड पर भी मतगणना के कारण कुछ समय के लिए पूर्ण बंदी रहेगी, जिसके लिए वैकल्पिक मार्ग घोषित किए गए हैं। दादर ट्रैफिक डिवीजन में 14 से 16 जनवरी तक डी.एडीनिक डिसिल्वा हाई स्कूल के आसपास कई सड़कों पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। राव बहादुर एसके बोले मार्ग, अशोक वृक्ष रोड और रनदे रोड पर स्थानीय निवासियों को छोड़कर अन्य वाहनों की आवाजाही पर रोक और नो-पार्किंग लागू रहेगी। सायन में न्यू सायन म्युनिसिपल स्कूल स्थित स्ट्रॉन्ग रूम के आसपास 13 से 17 जनवरी तक रोड नंबर 24-बी, आरएल केलकर मार्ग और स्वामी वल्लभदास रोड पर ट्रैफिक प्रतिबंध और पार्किंग निषेध रहेगा।

सीसीटीवी से रखी जा रही नजर

सीसीटीवी कैमरे से मतदाता एवं मतगणना केंद्रों के आसपास की ट्रैफिक गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के जॉइंट सीपी अनिल कुंभारे ने लोगों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। ट्रैफिक सबंधित किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर @mtp से मदद ले और ट्रैफिक से संबंधित शंका आसेट पाने के लिए मुंबई ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट को सर्च करें।

28 हजार पुलिसकर्मी संभालेंगे चुनावी सुरक्षा की कमान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव के मद्देनजर मुंबई पुलिस ने शहर में कड़ा सुरक्षा बंदोबस्त किया है। 3 हजार से अधिक वरिष्ठ स्तर के पुलिस अधिकारी और 25 हजार से अधिक पुलिसकर्मी यानी कुल 28 हजार तैनात किए गए हैं। 227 प्रभागों के लिए 15 जनवरी को मतदान और 16 जनवरी को मतगणना होनेवाली है। इस चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती के मार्गदर्शन में विशेष सुरक्षा योजना लागू की गई है।

पुलिस मुख्यालय के अनुसार, मतदान और मतगणना के दौरान मुंबई पुलिस के 10 अपर पुलिस आयुक्त, 33 पुलिस उपायुक्त और 94 सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा व्यवस्था संभालने में मुस्तैद रहेंगे। संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थानों पर एसआरपीएफ प्लाटून, क्यूआरटी, बीडीडीएस (बम निरोधक दस्ता), और होमगार्ड्स की विशेष तैनाती की गई है। डीसीपी महेश चिमटे और डीसीपी संतोष जाधव के नेतृत्व में जोन 11 और जोन 12 में पुलिस ने कट मार्च निकाला, जबकि जोन 4 में डीसीपी रामगुरुड आर ने भी कट मार्च निकालकर सुरक्षा का जायजा लिया।

शिकायत के लिए है हेल्पलाइन

किसी भी आपात स्थिति में लॉन 100 या 112 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर जुहू पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते है।

वोटर हैं? कई सवाल हैं? तो ये पढ़ें

जोन 4, 11 और 12 में रूट मार्च निकाले गए हैं। हेल्पलाइन 100, 112 पर तुरंत मदद उपलब्ध होगी।

मुंबई के 10,231 मतदान केंद्रों और 23 मतगणना केंद्रों के भीतर और बाहर व्यापक सुरक्षा इंतजाम होंगे।

15 जनवरी को सुबह 7:30 से शाम 5:30 बजे तक मतदान किया जा सकेगा। शाम 5:30 बजे के बाद पहुंचने पर मतदान नहीं कर सकेंगे। बीएमसी के लिए 1,700 उम्मीदवार मैदान में हैं।

मतदान केंद्र से 100 मीटर के दायरे में चुनावी प्रचार, नारे लगाना, पर्चे बांटना, वोट मांगना भाषण देना प्रतिबंधित है।

चुनाव में लगभग 20,000 कंट्रोल यूनिट्स और 25,000 बैलेट यूनिट्स वाली EVM मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

वोटिंग गाइड

लिस्ट में नाम से लेकर केंद्र से बाहर निकलने तक की जानकारी

■ नीरज तिवारी, मुंबई: मनपा चुनाव के लिए मतदान करने जा रहे मतदाताओं के मन में कई तरह के सवाल होते हैं, जैसे वोटर कार्ड नहीं है तो क्या होगा? मतदान केंद्र पर मोबाइल ले जा सकते हैं या नहीं? वाहन पार्क की व्यवस्था होगी या नहीं? ऐसे जरूरी सवालों का जवाब हम इस वोटिंग गाइड में दे रहे हैं।

Q मेरा नाम वोटर लिस्ट में है या नहीं, यहां से पता चलेगा

पहले सबसे यही जांचना जरूरी है कि आपका नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं। इसके लिए राज्य चुनाव आयोग के साथ-साथ बीएमसी की आधिकारिक वेबसाइट पर भी वोटर लिस्ट की जानकारी उपलब्ध कराई गई है, ताकि आम नागरिक को किसी तरह की परेशानी न हो।

Q मैं किस तरह अपना नाम चेक कर सकता हूं या कर सकती हूं?

मतदाता अपना नाम महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग की वेबसाइट maha.voterlist.in पर जाकर आसानी से जांच सकते हैं। यहां आप Search Name In VoterList पर जाएं, इसके बाद EPIC नंबर या अपने नाम से जांच कर सकते हैं। आपको लोकल बॉडी यानी मनपा का जिला परिषद आदि चुनना है, फिर जिला और अपनी मनपा चुनकर एपिक नंबर डालें और अपना नाम चेक करें। इसके अलावा नैशनल वोटर्स सर्विस पोर्टल voters.eci.gov.in पर EPIC नंबर डालकर मतदाता अपना सीरियल नंबर, वार्ड नंबर और मतदान केंद्र का पूरा पता भी देख सकते हैं। बेहतर होगा कि इसका प्रिंट लेकर मतदान केंद्र जाएं।

Q मुझे कैसे पता चलेगा मेरा पोलिंग बूथ यहां है?

स्मार्टफोन यूजर चुनाव आयोग का 'Voter Helpline App' की मदद ले सकते हैं। इस पर वोटर स्टेटस और बूथ लोकेशन तुरंत मिल जाती है। यदि किसी को ऑनलाइन जानकारी हासिल करने में दिक्कत हो, तो वे बीएमसी सेंट्रल हेल्पलाइन 1916 या बीएमसी इलेक्शन सेल नंबर022-22754028 और 9619512847 पर संपर्क कर सकते हैं।

Q मतदान केंद्र जाकर क्या करना होगा?

मतदान के दिन वोट पर सबसे पहले अधिकारी मतदाता का नाम और पहचान पत्र जांचेंगे। इसके बाद उंगली पर अमिट स्याही लगाई जाएगी और बिलप देकर वोटिंग मशीन तक भेजा जाएगा। ईवीएम पर बटन दबाने के बाद वीवीपैट में सात सेकंड तक पर्ची दिखाई देगी। इसके बाद आपका वोट दर्ज हो जाएगा।

Q कौन से पहचान पत्र मान्य होंगे?

वोट डालने के लिए EPIC कार्ड यानी वोटर कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, फोटोयुक्त बैंक या डाकघर पासबुक जैसे पहचान पत्र मान्य हैं।

Q क्या वोटर मोबाइल फोन लेकर जा सकते हैं?

हां, आम मोबाइल फोन मतदान केंद्र पर लेकर जा सकते हैं। लेकिन फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी नहीं कर सकते।

Q क्या पोलिंग बूथ पर पार्किंग की व्यवस्था होगी?

हां, आम परिसर में वाहन पार्क कर सकते हैं। इसके लिए पोलिंग लोकेशन पर मनपा की ओर से व्यवस्था की गई है।

मुस्लिम वोटर्स को रिझाने की लगी होड़

BMC की जंग जीतने में तुरुप का पत्ता साबित हो सकते है मुस्लिम वोटर्स

Gulzar.Hussain@Timesofindia.Com

■ मुंबई: इस बार के BMC चुनाव में मुस्लिम समुदाय के वोटरों बेहद मैन रख अपनाए हुए है, जिसमे उनके मन की रटौलव बेहद मुश्किल हो गया है। राजनीतिक विश्लेषक हैरान है कि आखिर मुस्लिम मतदाता इस बार के चुनाव में किसे के साथ जा रहे है या किसेनेव (चुकेटी), एमसीपी (अजित), समाजवादी पार्टी, एआईएमआईएम सब, अजित पवार की एनसीपी सहित उद्धव ठाकरे की पार्टी में शामिल है। एआईएमआईएम ने सबसे अधिक मुस्लिम कैंडिडेट्स को टिकट दिए है। इस पार्टी ने 32 प्रत्याशियों में 25 मुस्लिम वैंडिडेट्स मैदान में उतार कर खुद को सबसे बड़ी मुस्लिम हितैषी पार्टी होने का दावा किया है, लेकिन मुस्लिम वोटरों को आकर्षित करने में सब में कम नही है। इसके 70 उम्मीदवारों में से 50 प्रत्याशी मुस्लिम है। वही, एनसीपी (अजित) ने 22, कांग्रेस ने 36, शिंदे सेना 12 और उद्धव सेना के 10 प्रत्याशी मुस्लिम है। यह तो तय है कि वे सभी पार्टिय मुस्लिम वोटरों को आकर्षित करने में कोई कोर-कसर बाकी नही रखना चाहती है। यह भी कयास लगाए जा रहे है कि मुस्लिमो के वोट बट जाने की सम्भावना है। कई प्रभाग में जहा, उद्धव सेना और कांग्रेस दमखम लगा रही है, वहा मे वोट के बटने की आशंका है। वही, एनसीपी (अजित) ने भी मुस्लिम वोट के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। कई लोगो का मानना है कि मुस्लिम वोटर्स एकजुट होकर ही वोट करेंगे। मुस्लिम वोटर्स कुल 227 सीटो में से 50 सीटो के नतीजे प्रभावित कर सकते है।

कांग्रेस या उद्धव सेना? कौन-सी पार्टी है मुस्लिम मतदाताओं की पहली पसंद

AI Image

चुनाव में मुस्लिम समुदाय के पास कई विकल्प है। कांग्रेस के अलावा सेक्युलर पार्टी होने का दम भरने में एआईएमआईएम, सप, अजित पवार की एनसीपी सहित उद्धव ठाकरे की पार्टी भी शामिल है। एआईएमआईएम ने सबसे अधिक मुस्लिम कैंडिडेट्स को टिकट दिए है। इस पार्टी ने 32 प्रत्याशियों में 25 मुस्लिम वैंडिडेट्स मैदान में उतार कर खुद को सबसे बड़ी मुस्लिम हितैषी पार्टी होने का दावा किया है, लेकिन मुस्लिम वोटरों को आकर्षित करने में सब में कम नही है। इसके 70 उम्मीदवारों में से 50 प्रत्याशी मुस्लिम है। वही, एनसीपी (अजित) ने 22, कांग्रेस ने 36, शिंदे सेना 12 और उद्धव सेना के 10 प्रत्याशी मुस्लिम है। यह तो तय है कि वे सभी पार्टिय मुस्लिम वोटरों को आकर्षित करने में कोई कोर-कसर बाकी नही रखना चाहती है। यह भी कयास लगाए जा रहे है कि मुस्लिमो के वोट बट जाने की सम्भावना है। कई प्रभाग में जहा, उद्धव सेना और कांग्रेस दमखम लगा रही है, वहा मे वोट के बटने की आशंका है। वही, एनसीपी (अजित) ने भी मुस्लिम वोट के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। कई लोगो का मानना है कि मुस्लिम वोटर्स एकजुट होकर ही वोट करेंगे। मुस्लिम वोटर्स कुल 227 सीटो में से 50 सीटो के नतीजे प्रभावित कर सकते है।

SIR फैक्टर कितना काम करेगा?

मुस्लिम वोटर्स में इस बार देश के कई राज्यों में हुए विशेष सहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक असमंजस जैसा भाव है। इस मुद्दे पर भी बीजेपी पार्टियों को फायदा हो सकता है। कांग्रेस, एआईएमआईएम और सप इस मुद्दे पर शुरू से बोलते आ रही है, जिससे उन्हें यह लगता है कि मुस्लिम वोटरों उनकी ओर खिंचे चले आएंगे। लेकिन यह देखना दिलचस्प है कि यह समुदाय किसका समर्थन करता है।

एकता और भाइचारे का मुद्दा

मुंबई के मुस्लिम बहुल इलाकों में हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे को मुद्दा बेहद आम है। आम मुस्लिमो के मन में चुनाव प्रचार के दौरान कई नेताओं के भाइचारा खत्म को लेकर एक खटास है। मुस्लिम समुदाय के लोगो का मानना है कि हिंदू-मुस्लिम भाईचारा बढ़े। कुर्ला के निवासी नदीम खान ने कहा कि मेल-मोहब्बत से ही मुंबई का विकास संभव है, इसलिए कोशिश है कि अमन-भाईचारा लाने के लिए वोट दिया जाए।

चार सदस्यीय प्रभाग में तीन वोट दिए, तो रद्द

■ विजयकुमार सिंह, भिवंडी: भिवंडी सहित अन्य मनपा के चुनाव पैनल सिस्टम के तहत होने जा रहा है। चार सदस्यीय पैनल वाले प्रभाग में एक मतदाता को अपने प्रभाग के लिए चार वोट देने होंगे। हालांकि, मतदाताओं के बीच इस बात को लेकर भ्रम है कि यदि वे सभी वोट नहीं देते है, तो क्या होगा? चार वोट में सिर्फ तीन वोट देते हैं, तो क्या उनका मतदान वैध माना जाएगा या वह रद्द होकर नोटा में चला जाएगा?

चुनाव नियमों के अनुसार मतदाताओं के लिए प्रभाग के सभी चार उम्मीदवारों के लिए मतदान करना अनिवार्य है। यदि कोई उम्मीदवार पसंद न हो, तो नोटा का विकल्प उपलब्ध है। लेकिन यदि मतदाता उस विकल्प का उपयोग नहीं करता है, तो बूथ अधिकारियों को मशीन पर कार्डबोर्ड स्क्रबर सभी उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों के सामने शेष 'नोटा' बटन दबाकर मतदान प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसका कारण यह है कि चार बटन दबाने के बाद ही 'बीप' की आवाज आती है और मतदान पूरा होता है।

ऐसे समझें सिस्टम

इस चार फिर मनपा चुनाव बहु-सदस्यीय प्रभाग सिस्टम से होने जा रहा है। जिसके कारण प्रत्येक प्रभाग से 4 नगरसेवक चुने जाएंगे। इसलिए प्रत्येक मतदाता को दाहने हो वोट देने का अधिकार है। नगरसेवक के अनुसार में प्रतिनिधित्व, महिला एवं पिछड़ा वर्ग आरक्षण का कार्यान्वयन और एक ही प्रभाग से अधिक प्रतिनिधियों को चुनने की इस पद्धति को अपनाया गया है।

मतदान केंद्रों के पास होंगे 4,000 टॉइलेट

Uma Kadam

■ NBT रिपोर्ट मुंबई : मतदान केंद्रों को सुविधाजनक बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। मतदाताओं के लिए बीएमसी ने मतदान केंद्रों के पास करीब 4,000 मोबाइल टॉइलेट भी उपलब्ध कराए है। इसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं को बेहतर सुविधा देना और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है। महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार, मतदान को देखते हुए बीएमसी ने विशेष व्यवस्था अभियान चलाने का फैसला किया है। यह अभियान 14 से 16 जनवरी तक मतदान केंद्रों, मतगणना केंद्रों और उनके आसपास के इलाकों में चलाया जाएगा। बीएमसी की एडिशनल कमिश्नर अश्विनी जोशी ने सभी संबंधित विभागों को चुनाव अवधि के दौरान साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए हैं।

14 से 16 जनवरी तक चलाया जाएगा अभियान

यह व्यवस्था अभियान पूरी मुंबई में चलाया जाएगा। इसे पनकपरा प्रबंधन विभाग के उपायुक्त किरण दिघावकर की निगरानी में चलाया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग विभागों के बीच समन्वय बनाकर सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने पर जोर दिया गया है।

2600 स्थानों पर कुल 10,231 मतदान केंद्र बनाए गए

सशस्त्र गार्ड 24 घंटे EVM की निगरानी में

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ मुंबई: चुनाव में हार-जीत के बाद अक्सर ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को लेकर सवाल उठाने रहे हैं। इस सबके बीच पारदर्शिता के उद्देश्य से मुंबई पुलिस और चुनाव आयोग द्वारा उम्मीदवारों को बुलाकर ईवीएम के रख-रखाव और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

मुंबई पुलिस के एक पुलिस इंस्पेक्टर NBT को नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जिस स्ट्रॉन्ग रूम में ईवीएम मशीनें रखी गई हैं, वहां लोकल आर्म्ड के सशस्त्र गार्ड 24 घंटे तैनात है। इसके अलावा स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर संबंधित पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

> जब ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाता है, तब सभी उम्मीदवारों को पुलाकार इसकी जानकारी दी जाती है। पुलिस और चुनाव अधिकारी 24 घंटे ईवीएम पर निगरानी रखते हैं। - *वसंतसिंह ठाकुर, रिटायर्ड ऑफिसर, पी/उत्तर प्रभाग (36 से 45)*

Images and illustrations are indicative and for information purpose only. All feature / specifications mentioned may vary from model to model and may not be available across all personas / variants. Features and specifications are subject to change without prior information. Please consult an authorized TATA Motors dealer for latest information on features / specifications before deciding to place an order. Colours may not match actual colours due to printing limitations. •As per Bharat NCAP 2025 score. ###As per internal data provided by charging point operators. *As per internal testing data, under test ambient temperature conditions.*ARAI Certified,Urban + Extra Urban (MIDC Part 1 + Part 2), actual performance figures may vary depending on various conditions including driving pattern, etc. ~The term 'Lifetime' refers to the period of fifteen years from the first date of registration of the vehicle at the local regional transport office, in accordance with the Motor Vehicles Act, 1988, and is restricted for the period of use during the first registration only. Applicable exclusively on Harrier.ev, Curvv.ev and Nexon.ev 45.~Based on internal calculations. *All India ex-showroom price.*Exclusively for TATA.ev owners. ^Financing options are from multiple financiers.^Finance at the sole discretion of financier. Please contact your nearest authorised TATA Motors dealer for exact offers and Details. Terms & conditions apply.

जनता की मांग

सड़कों पर स्ट्रीट लाइट, CCTV की सख्त जरूरत

मीरा-भाईंदर के प्रभाग क्रमांक 12 में रोड पर स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी कैमरे की सख्त जरूरत है। साथ ही यहां पर पानी की कमी की समस्या भी बहुत गंभीर है। रात्रि चौक के आगे सीमेंटेड रोड भी नहीं बनी है। सड़कें जब्ब-खाब्ब होने से आए दिन हादसे का डर बना रहता है। यह मांग हम नवनिर्वाचित नगर सेवक से करते है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

-गिरीश शर्मा

भेजें वॉर्ड की समस्याएं

आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं है, जिनको समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते है, हमे अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिखा भेजें वॉट्सप ऐप नंबर 9967397376 पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से जनता की मांग वॉर्डवार के ताल पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

इन 5 चेहरों की चुनाव में सबसे अधिक चर्चा

कोई विवादों के कारण रहा सुर्खियों में, तो कोई बना पार्टी के लिए संकट मोचक

विजय पांडे, मुंबई: बीएमसी के चुनाव का प्रचार खत्म हो गया है। लंबे इंतजार के बाद हो रहे इन चुनावों में कई पक्षीय मुकाबला हो रहा है। चुनाव की घोषणा से लेकर प्रचार तक विभिन्न लोग चर्चा में रहे। इनमें से हम जिक्र कर रहे है कुछ चुनिंदा चेहरों का:

1 दिनेश वाघमारे, राज्य चुनाव आयुक्त

चुनाव की घोषणा से लेकर आचार संहिता के उल्लंघन तक हर मसाल के जवाब के लिए लोग राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे की तरफ नजरें हैं। इन चुनावों को करवा राज्य चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती थी। क्योंकि महाराष्ट्र में दो बड़ी पार्टियों में बंटवारा हो चुका था और पार्टियों की संख्या बढ़ गई थी। मनसा, नगरपरिषद, नगरपंचायत, जिला परिषद समेत सभी चुनाव एक साथ करवाने के लिए संसाधन जुटाना भी बड़ी चुनौती थी।

2 राहुल नार्वेकर, अध्यक्ष, विधानसभा

राहुल नार्वेकर के परिवार के 3 सदस्यों को बीजेपी ने टिकट दिया। बीजेपी पर 'अतिक्रमण' के भी आरोप लगे। टिकट मिलने की खुशी खत्म ही नहीं हुई थी कि नार्वेकर के आखिरी दिन कई इच्छुक द्वारा नामांकन में अड़चन पैदा करने और व्यवस्था को प्रभावित करने के कथित आरोप भी उन पर लगे। राज्य चुनाव आयोग को इस पर रिपोर्ट मांगनी पड़ी। नार्वेकर के भाई मकरंद की संपत्ति में करीब 2000% से ज्यादा की बढ़ोतरी पर भी जमकर सवाल उठे।

3 संजय राउत, सांसद उद्धव सेना

बीएमसी चुनाव की सुगबुगाहट के बीच संजय राउत की बीमारी की खबर काफी चर्चा में रही। उन्होंने खुद ही सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी बना ली। उद्धव सेना के लिए यह किसी झटके से कम नहीं था। एक तरफ राज ठाकरे से गठबंधन की चर्चा और दूसरी तरफ मीडिया में उठ रहे सवाल, इनका जवाब देने के लिए पार्टी के पास कोई दमदार चेहरा नहीं था। हालांकि, चुनाव आते ही राउत सक्रिय हो गए और विविध मंचों से पार्टी के लिए प्रचार किया।

4 हर्षवर्धन सपकाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

वरिष्ठ हुए अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा के बावजूद अधिक अनुभव आघाडी के साथ वरिष्ठा का गठबंधन करने में हर्षवर्धन सपकाल की अहम भूमिका रही। लंबे समय से वंचित को साथ लाने के लिए कोशिश कर रही कई दिग्गज नेताओं से इतर ले प्रोफाइल सपकाल यह पूरी करा पाए। हालांकि, इस दौरान वर्षा गायकवाड की गैर-मौजूदगी और सीट बंटवारे में हुई गड़बड़ी से वरिष्ठा द्वारा कई सीटों पर उम्मीदवार न देने से पार्टी की खूब किरकिरी भी हुई।

5 नवाब मलिक अध्यक्ष, NCP, मुंबई

महाहुति में अजित पवार द्वारा साथ चुनाव न लड़ने की वजह नवाब मलिक रहे हैं। बीजेपी ने मलिक के पास कमल रहते हुए गठबंधन न करने की घोषणा कर दी थी। जिसके बाद अजित की पार्टी अकेले ही 94 सीटों पर मैदान में उतर गई, जिसमें 23 मुस्लिम प्रत्याशियों ने नामांकन भरा है। जिसके के मुस्लिम वोटों की उम्मीद को झटके बड़ा झटका लगा। मलिक के परिवार के भी तीन सदस्यों के टिकट पाने पर भी सवाल उठे।

ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव, 3500 ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात

15 और 16 जनवरी को नो एंट्री, नो-पार्किंग लागू, वैकल्पिक मार्ग होंगे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मतदान और मतगणना को शांतिपूर्ण व सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 3500 पुलिसकर्मियों के अलावा ट्रैफिक वार्डन को तैनात किया गया है। मुंबई के विभिन्न ट्रैफिक जोन में अस्थायी चेतावनी बदलाव लागू किए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस ने पश्चिम उपनगर, पूर्वी उपनगर और दक्षिण मुंबई समेत अन्य डिविजनों में नो एंट्री, और नो-पार्किंग के आदेश जारी किए हैं।

पश्चिम उपनगर ट्रैफिक डिवीजन के अनुसार, 15 जनवरी को सुबह 6 से शाम 7 बजे तक सांताक्रुज क्षेत्र में एलएस रोड नंबर-6 और टीबीएस रोड नंबर-3 को पूरी तरह बंद रखा जाएगा। वहीं, 16 जनवरी को मतगणना के दौरान जुहू तारा रोड से सहने गृहनी रोड तक लिंकिंग रोड की टेनर्स लेन बंद रहेंगी। अंधेरी-कुर्ला रोड पर भी मतगणना के कारण कुछ समय के लिए पूर्ण बंदी रहेगी, जिसके लिए वैकल्पिक मार्ग घोषित किए गए हैं। दादर ट्रैफिक डिवीजन में 14 से 16 जनवरी तक डी.एडीनिक डिसिल्वा हाई स्कूल के आसपास कई सड़कों पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। राव बहादुर एसके बोले मार्ग, अशोक वृक्ष रोड और रनदे रोड पर स्थानीय निवासियों को छोड़कर अन्य वाहनों की आवाजाही पर रोक और नो-पार्किंग लागू रहेगी। सायन में न्यू सायन म्युनिसिपल स्कूल स्थित स्ट्रॉन्ग रूम के आसपास 13 से 17 जनवरी तक रोड नंबर 24-बी, आरएल केलकर मार्ग और स्वामी वल्लभदास रोड पर ट्रैफिक प्रतिबंध और पार्किंग निषेध रहेगा।

सीसीटीवी से रखी जा रही नजर

सीसीटीवी कैमरे से मतदाता एवं मतगणना केंद्रों के आसपास की ट्रैफिक गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के जॉइंट सीपी अनिल कुंभारे ने लोगों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। ट्रैफिक सबंधित किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर @mtp से मदद ले और ट्रैफिक से संबंधित शंका आसेट पाने के लिए मुंबई ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट को सर्च करें।

28 हजार पुलिसकर्मी संभालेंगे चुनावी सुरक्षा की कमान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव के मद्देनजर मुंबई पुलिस ने शहर में कड़ा सुरक्षा बंदोबस्त किया है। 3 हजार से अधिक वरिष्ठ स्तर के पुलिस अधिकारी और 25 हजार से अधिक पुलिसकर्मी यानी कुल 28 हजार तैनात किए गए हैं। 227 प्रभागों के लिए 15 जनवरी को मतदान और 16 जनवरी को मतगणना होनेवाली है। इस चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती के मार्गदर्शन में विशेष सुरक्षा योजना लागू की गई है।

पुलिस मुख्यालय के अनुसार, मतदान और मतगणना के दौरान मुंबई पुलिस के 10 अपर पुलिस आयुक्त, 33 पुलिस उपायुक्त और 94 सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा व्यवस्था संभालने में मुस्तैद रहेंगे। संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थानों पर एसआरपीएफ प्लाटून, क्यूआरटी, बीडीडीएस (बम निरोधक दस्ता), और होमगार्ड्स की विशेष तैनाती की गई है। डीसीपी महेश चिमटे और डीसीपी संतोष जाधव के नेतृत्व में जोन 11 और जोन 12 में पुलिस ने कट मार्च निकाला, जबकि जोन 4 में डीसीपी रामगुरुड आर ने भी कट मार्च निकालकर सुरक्षा का जायजा लिया।

शिकायत के लिए है हेल्पलाइन

किसी भी आपात स्थिति में लॉन 100 या 112 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर जुहू पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते है।

वोटर हैं? कई सवाल हैं? तो ये पढ़ें

जोन 4, 11 और 12 में रूट मार्च निकाले गए हैं। हेल्पलाइन 100, 112 पर तुरंत मदद उपलब्ध होगी।

मुंबई के 10,231 मतदान केंद्रों और 23 मतगणना केंद्रों के भीतर और बाहर व्यापक सुरक्षा इंतजाम होंगे।

15 जनवरी को सुबह 7:30 से शाम 5:30 बजे तक मतदान किया जा सकेगा। शाम 5:30 बजे के बाद पहुंचने पर मतदान नहीं कर सकेंगे। बीएमसी के लिए 1,700 उम्मीदवार मैदान में हैं।

मतदान केंद्र से 100 मीटर के दायरे में चुनावी प्रचार, नारे लगाना, पर्चे बांटना, वोट मांगना भाषण देना प्रतिबंधित है।

चुनाव में लगभग 20,000 कंट्रोल यूनिट्स और 25,000 बैलेट यूनिट्स वाली EVM मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

वोटिंग गाइड

लिस्ट में नाम से लेकर केंद्र से बाहर निकलने तक की जानकारी

■ नीरज तिवारी, मुंबई: मनपा चुनाव के लिए मतदान करने जा रहे मतदाताओं के मन में कई तरह के सवाल होते हैं, जैसे वोटर कार्ड नहीं है तो क्या होगा? मतदान केंद्र पर मोबाइल ले जा सकते हैं या नहीं? वाहन पार्क की व्यवस्था होगी या नहीं? ऐसे जरूरी सवालों का जवाब हम इस वोटिंग गाइड में दे रहे हैं।

Q मेरा नाम वोटर लिस्ट में है या नहीं, यहां से पता चलेगा

पहले सबसे यही जांचना जरूरी है कि आपका नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं। इसके लिए राज्य चुनाव आयोग के साथ-साथ बीएमसी की आधिकारिक वेबसाइट पर भी वोटर लिस्ट की जानकारी उपलब्ध कराई गई है, ताकि आम नागरिक को किसी तरह की परेशानी न हो।

Q मैं किस तरह अपना नाम चेक कर सकता हूं या कर सकती हूं?

मतदाता अपना नाम महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग की वेबसाइट maha.voterlist.in पर जाकर आसानी से जांच सकते हैं। यहां आप Search Name In VoterList पर जाएं, इसके बाद EPIC नंबर या अपने नाम से जांच कर सकते हैं। आपको लोकल बॉडी यानी मनपा का जिला परिषद आदि चुनना है, फिर जिला और अपनी मनपा चुनकर एपिक नंबर डालें और अपना नाम चेक करें। इसके अलावा नैशनल वोटर्स सर्विस पोर्टल voters.eci.gov.in पर EPIC नंबर डालकर मतदाता अपना सीरियल नंबर, वार्ड नंबर और मतदान केंद्र का पूरा पता भी देख सकते हैं। बेहतर होगा कि इसका प्रिंट लेकर मतदान केंद्र जाएं।

Q मुझे कैसे पता चलेगा मेरा पोलिंग बूथ यहां है?

स्मार्टफोन यूजर चुनाव आयोग का 'Voter Helpline App' की मदद ले सकते हैं। इस पर वोटर स्टेटस और बूथ लोकेशन तुरंत मिल जाती है। यदि किसी को ऑनलाइन जानकारी हासिल करने में दिक्कत हो, तो वे बीएमसी सेंट्रल हेल्पलाइन 1916 या बीएमसी इलेक्शन सेल नंबर022-22754028 और 9619512847 पर संपर्क कर सकते हैं।

Q मतदान केंद्र जाकर क्या करना होगा?

मतदान के दिन वोट पर सबसे पहले अधिकारी मतदाता का नाम और पहचान पत्र जांचेंगे। इसके बाद उंगली पर अमिट स्याही लगाई जाएगी और बिलप देकर वोटिंग मशीन तक भेजा जाएगा। ईवीएम पर बटन दबाने के बाद वीवीपैट में सात सेकंड तक पर्ची दिखाई देगी। इसके बाद आपका वोट दर्ज हो जाएगा।

Q कौन से पहचान पत्र मान्य होंगे?

वोट डालने के लिए EPIC कार्ड यानी वोटर कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, फोटोयुक्त बैंक या डाकघर पासबुक जैसे पहचान पत्र मान्य हैं।

Q क्या वोटर मोबाइल फोन लेकर जा सकते हैं?

हां, आम मोबाइल फोन मतदान केंद्र पर लेकर जा सकते हैं। लेकिन फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी नहीं कर सकते।

Q क्या पोलिंग बूथ पर पार्किंग की व्यवस्था होगी?

हां, आम परिसर में वाहन पार्क कर सकते हैं। इसके लिए पोलिंग लोकेशन पर मनपा की ओर से व्यवस्था की गई है।

मुस्लिम वोटर्स को रिझाने की लगी होड़

BMC की जंग जीतने में तुरुप का पत्ता साबित हो सकते है मुस्लिम वोटर्स

Gulzar.Hussain@Timesofindia.Com

■ मुंबई: इस बार के BMC चुनाव में मुस्लिम समुदाय के वोटरों बेहद मैन रख अपनाए हुए है, जिसमे उनके मन की रटौलव बेहद मुश्किल हो गया है। राजनीतिक विश्लेषक हैरान है कि आखिर मुस्लिम मतदाता इस बार के चुनाव में किसे के साथ जा रहे है या किसेनेव (चुकेटी), एमसीपी (अजित), समाजवादी पार्टी, एआईएमआईएम सब, अजित पवार की एनसीपी सहित उद्धव ठाकरे की पार्टी में शामिल है। एआईएमआईएम ने सबसे अधिक मुस्लिम कैंडिडेट्स को टिकट दिए है। इस पार्टी ने 32 प्रत्याशियों में 25 मुस्लिम वैंडिडेट्स मैदान में उतार कर खुद को सबसे बड़ी मुस्लिम हितैषी पार्टी होने का दावा किया है, लेकिन मुस्लिम वोटरों को आकर्षित करने में सब में कम नही है। इसके 70 उम्मीदवारों में से 50 प्रत्याशी मुस्लिम है। वही, एनसीपी (अजित) ने 22, कांग्रेस ने 36, शिंदे सेना 12 और उद्धव सेना के 10 प्रत्याशी मुस्लिम है। यह तो तय है कि वे सभी पार्टिय मुस्लिम वोटरों को आकर्षित करने में कोई कोर-कसर बाकी नही रखना चाहती है। यह भी कयास लगाए जा रहे है कि मुस्लिमो के वोट बट जाने की सम्भावना है। कई प्रभाग में जहा, उद्धव सेना और कांग्रेस दमखम लगा रही है, वहा मे वोट के बटने की आशंका है। वही, एनसीपी (अजित) ने भी मुस्लिम वोट के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। कई लोगो का मानना है कि मुस्लिम वोटर्स एकजुट होकर ही वोट करेंगे। मुस्लिम वोटर्स कुल 227 सीटो में से 50 सीटो के नतीजे प्रभावित कर सकते है।

कांग्रेस या उद्धव सेना? कौन-सी पार्टी है मुस्लिम मतदाताओं की पहली पसंद

AI Image

चुनाव में मुस्लिम समुदाय के पास कई विकल्प है। कांग्रेस के अलावा सेक्युलर पार्टी होने का दम भरने में एआईएमआईएम, सप, अजित पवार की एनसीपी सहित उद्धव ठाकरे की पार्टी भी शामिल है। एआईएमआईएम ने सबसे अधिक मुस्लिम कैंडिडेट्स को टिकट दिए है। इस पार्टी ने 32 प्रत्याशियों में 25 मुस्लिम वैंडिडेट्स मैदान में उतार कर खुद को सबसे बड़ी मुस्लिम हितैषी पार्टी होने का दावा किया है, लेकिन मुस्लिम वोटरों को आकर्षित करने में सब में कम नही है। इसके 70 उम्मीदवारों में से 50 प्रत्याशी मुस्लिम है। वही, एनसीपी (अजित) ने 22, कांग्रेस ने 36, शिंदे सेना 12 और उद्धव सेना के 10 प्रत्याशी मुस्लिम है। यह तो तय है कि वे सभी पार्टिय मुस्लिम वोटरों को आकर्षित करने में कोई कोर-कसर बाकी नही रखना चाहती है। यह भी कयास लगाए जा रहे है कि मुस्लिमो के वोट बट जाने की सम्भावना है। कई प्रभाग में जहा, उद्धव सेना और कांग्रेस दमखम लगा रही है, वहा मे वोट के बटने की आशंका है। वही, एनसीपी (अजित) ने भी मुस्लिम वोट के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। कई लोगो का मानना है कि मुस्लिम वोटर्स एकजुट होकर ही वोट करेंगे। मुस्लिम वोटर्स कुल 227 सीटो में से 50 सीटो के नतीजे प्रभावित कर सकते है।

SIR फैक्टर कितना काम करेगा?

मुस्लिम वोटर्स में इस बार देश के कई राज्यों में हुए विशेष सहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक असमंजस जैसा भाव है। इस मुद्दे पर भी बीजेपी पार्टियों को फायदा हो सकता है। कांग्रेस, एआईएमआईएम और सप इस मुद्दे पर शुरू से बोलते आ रही है, जिससे उन्हें यह लगता है कि मुस्लिम वोटरों उनकी ओर खिंचे चले आएंगे। लेकिन यह देखना दिलचस्प है कि यह समुदाय किसका समर्थन करता है।

एकता और भाइचारे का मुद्दा

मुंबई के मुस्लिम बहुल इलाकों में हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे को मुद्दा बेहद आम है। आम मुस्लिमो के मन में चुनाव प्रचार के दौरान कई नेताओं के भाइचारा खत्म को लेकर एक खटास है। मुस्लिम समुदाय के लोगो का मानना है कि हिंदू-मुस्लिम भाईचारा बढ़े। कुर्ला के निवासी नदीम खान ने कहा कि मेल-मोहब्बत से ही मुंबई का विकास संभव है, इसलिए कोशिश है कि अमन-भाईचारा लाने के लिए वोट दिया जाए।

चार सदस्यीय प्रभाग में तीन वोट दिए, तो रद्द

■ विजयकुमार सिंह, भिवंडी: भिवंडी सहित अन्य मनपा के चुनाव पैनल सिस्टम के तहत होने जा रहा है। चार सदस्यीय पैनल वाले प्रभाग में एक मतदाता को अपने प्रभाग के लिए चार वोट देने होंगे। हालांकि, मतदाताओं के बीच इस बात को लेकर भ्रम है कि यदि वे सभी वोट नहीं देते है, तो क्या होगा? चार वोट में सिर्फ तीन वोट देते हैं, तो क्या उनका मतदान वैध माना जाएगा या वह रद्द होकर नोटा में चला जाएगा?

चुनाव नियमों के अनुसार मतदाताओं के लिए प्रभाग के सभी चार उम्मीदवारों के लिए मतदान करना अनिवार्य है। यदि कोई उम्मीदवार पसंद न हो, तो नोटा का विकल्प उपलब्ध है। लेकिन यदि मतदाता उस विकल्प का उपयोग नहीं करता है, तो बूथ अधिकारियों को मशीन पर कार्डबोर्ड स्क्रबर सभी उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों के सामने शेष 'नोटा' बटन दबाकर मतदान प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसका कारण यह है कि चार बटन दबाने के बाद ही 'बीप' की आवाज आती है और मतदान पूरा होता है।

ऐसे समझें सिस्टम

इस चार फिर मनपा चुनाव बहु-सदस्यीय प्रभाग सिस्टम से होने जा रहा है। जिसके कारण प्रत्येक प्रभाग से 4 नगरसेवक चुने जाएंगे। इसलिए प्रत्येक मतदाता को दाहने हो वोट देने का अधिकार है। नगरसेवक के अनुसार में प्रतिनिधित्व, महिला एवं पिछड़ा वर्ग आरक्षण का कार्यान्वयन और एक ही प्रभाग से अधिक प्रतिनिधियों को चुनने की इस पद्धति को अपनाया गया है।

मतदान केंद्रों के पास होंगे 4,000 टॉइलेट

Uma Kadam

■ NBT रिपोर्ट मुंबई : मतदान केंद्रों को सुविधाजनक बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। मतदाताओं के लिए बीएमसी ने मतदान केंद्रों के पास करीब 4,000 मोबाइल टॉइलेट भी उपलब्ध कराए है। इसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं को बेहतर सुविधा देना और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है। महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार, मतदान को देखते हुए बीएमसी ने विशेष व्यवस्था अभियान चलाने का फैसला किया है। यह अभियान 14 से 16 जनवरी तक मतदान केंद्रों, मतगणना केंद्रों और उनके आसपास के इलाकों में चलाया जाएगा। बीएमसी की एडिशनल कमिश्नर अश्विनी जोशी ने सभी संबंधित विभागों को चुनाव अवधि के दौरान साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए हैं।

14 से 16 जनवरी तक चलाया जाएगा अभियान

यह व्यवस्था अभियान पूरी मुंबई में चलाया जाएगा। इसे पनकपरा प्रबंधन विभाग के उपायुक्त किरण दिघावकर की निगरानी में चलाया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग विभागों के बीच समन्वय बनाकर सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने पर जोर दिया गया है।

2600 स्थानों पर कुल 10,231 मतदान केंद्र बनाए गए

सशस्त्र गार्ड 24 घंटे EVM की निगरानी में

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ मुंबई: चुनाव में हार-जीत के बाद अक्सर ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को लेकर सवाल उठाने रहे हैं। इस सबके बीच पारदर्शिता के उद्देश्य से मुंबई पुलिस और चुनाव आयोग द्वारा उम्मीदवारों को बुलाकर ईवीएम के रख-रखाव और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

मुंबई पुलिस के एक पुलिस इंस्पेक्टर NBT को नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जिस स्ट्रॉन्ग रूम में ईवीएम मशीनें रखी गई हैं, वहां लोकल आर्म्ड के सशस्त्र गार्ड 24 घंटे तैनात है। इसके अलावा स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर संबंधित पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

> जब ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाता है, तब सभी उम्मीदवारों को पुलाकार इसकी जानकारी दी जाती है। पुलिस और चुनाव अधिकारी 24 घंटे ईवीएम पर निगरानी रखते हैं। - *वसंतसिंह ठाकुर, रिटायर्ड ऑफिसर, पी/उत्तर प्रभाग (36 से 45)*

Images and illustrations are indicative and for information purpose only. All feature / specifications mentioned may vary from model to model and may not be available across all personas / variants. Features and specifications are subject to change without prior information. Please consult an authorized TATA Motors dealer for latest information on features / specifications before deciding to place an order. Colours may not match actual colours due to printing limitations. •As per Bharat NCAP 2025 score. ###As per internal data provided by charging point operators. *As per internal testing data, under test ambient temperature conditions.*ARAI Certified,Urban + Extra Urban (MIDC Part 1 + Part 2), actual performance figures may vary depending on various conditions including driving pattern, etc. ~The term 'Lifetime' refers to the period of fifteen years from the first date of registration of the vehicle at the local regional transport office, in accordance with the Motor Vehicles Act, 1988, and is restricted for the period of use during the first registration only. Applicable exclusively on Harrier.ev, Curvv.ev and Nexon.ev 45.~Based on internal calculations. *All India ex-showroom price.*Exclusively for TATA.ev owners. ^Financing options are from multiple financiers.^Finance at the sole discretion of financier. Please contact your nearest authorised TATA Motors dealer for exact offers and Details. Terms & conditions apply.

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in